बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

गुरुवार, 9 मई 2024
वर्ष-2, अंक-271, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-6 रुपये

www.amritvichar.com





राफा पर कब्जे के बाद बमबारी, 20 की मौत 18

दिव्या खोसला की फिल्म सावी का टीजर रिलीज 17










## एआई एक्सप्रेस की 90 उड़ानें रद

### 200 से अधिक चालक बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी पर चले गए

नई दिल्ली/कोच्चि, एजेंसी



- देश के अनेक हवाई अड्डों पर फंसे रहे सैकड़ों यात्री
- कंपनी ने कहा-अगले कुछ दिन उड़ानों में कटौती करेंगे

टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी में कुप्रबंधन के कारण 200 से अधिक नाराज चालक बीमार होने की सूचना देकर अचानक छुट्टी पर चले गए।

इस कारण एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस को मंगलवार रात से अपनी 90 से अधिक उड़ान रद करनी पड़ी हैं। उड़ाने रद होने से देश के अनेक हवाईअड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे गए। केरल के कुछ हवाई अड्डों पर यात्रियों ने उड़ान रद होने के खिलाफ प्रदर्शन किया जिनमें अधिकतर खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे।

कोच्चि, कालीकट तथा बेंगलुरू समेत अनेक हवाईअड्डों पर कंपनी का विमान परिचालन अवरुद्ध हो गया है। कंपनी ने उड़ानें रद होने या इनमें देरी के लिए खेद जताया। उधर, चालक दल को लेकर संकट के बीच सीईओ आलोक सिंह ने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस अगले कुछ दिन उड़ानों में कटौती करेगी

### सरकार ने कहा-तुरंत निकालें समाधान

उड़ानें रद होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से समस्या का तुरंत समाधान निकालने को कहा और उससे उड़ानें रद होने पर रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक विमानन कंपनी में कुप्रबंधन के कारण चालक दल के सदस्य बड़ी संख्या में एक साथ छुट्टी पर चले गए हैं।

### उत्तराखंड में जंगल की आग पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## इंद्रदेव के भरोसे न रहें, त्वरित समाधान करें

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्य सरकार ने बताया : वन्यजीव क्षेत्र के 0.1 प्रतिशत हिस्से में आग
- पिछले साल नवंबर से अब तक राज्य में 398 घटनाएं, सभी मानव निर्मित
- मामले में 350 आपराधिक केस दर्ज 62 लोगों को किया गया चिन्हित

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में जंगल की आग को लेकर राज्य सरकार से कहा कि क्लाउड सीडिंग (कृत्रिम बारिश) या इंद्र देवता पर निर्भर रहना इस मुद्दे का समाधान नहीं है और राज्य को इसके लिए शीघ्र निवारक उपाय करने होंगे। पीठ राज्य में जंगल की आग से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी।

उत्तराखंड सरकार ने राज्य में जंगल की भीषण आग पर काबू पाने के लिए उठाए गए कदमों से उच्चतम न्यायालय को बुधवार को अवगत कराया और कहा कि आग की घटना से राज्य का केवल 0.1 प्रतिशत वन्यजीव क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि पिछले साल नवंबर से राज्य में जंगल में आग लगने की 398 घटनाएं हुई हैं और वे सभी मानव निर्मित हैं। राज्य सरकार के अधिवक्ता ने सरकार की ओर से उठाए कदमों से अवगत कराने के अलावा पीठ को बताया कि जंगल की आग के संबंध में 350 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं और उनमें 62 लोगों को चिन्हित किया गया है। अधिवक्ता ने कहा कि लोग कहते हैं कि उत्तराखंड का 40 प्रतिशत हिस्सा आग से जल रहा है, जबकि इस पहाड़ी राज्य में वन्यजीव क्षेत्र का केवल 0.1 प्रतिशत हिस्सा ही आग की चपेट में है। अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष अंतरिम स्थिति रिपोर्ट भी रखी। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 15 मई की तारीख निर्धारित की है।

## एक नजर

### तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में तीन नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।आत्मसमर्पित माओवादी मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। आत्मसमर्पण करने वालों में कुमारी नंदे मरकाम केएएमएस सदस्यकेशा गोंचे, गोंडेरास पंचायत मिलिशिया सदस्यकुमारी मल्ले, गोण्डेरास पंचायत सीएनएम सदस्य शामिल हैं।

### कर हस्तांतरण फॉर्मूले पर मांगी जनता से राय

**नई दिल्ली।** 16वें वित्त आयोग ने बुधवार को कर हस्तांतरण फार्मूला और राज्यों की समेकित निधि बढ़ाने के उपायों जैसे बिंदुओं पर आम जनता और संगठनों से विचार आमंत्रित किए। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 को किया गया था। पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा, सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू और अर्थशास्त्री मनोज पांडा इसके पूर्णकालिक सदस्य हैं जबकि एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष अंशकालिक सदस्य हैं। आयोग 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप देगा। इसकी अनुशंसाएं एक अप्रैल, 2026 से शुरू होकर अगले पांच साल के लिए लागू होंगी।

### कांग्रेस नेता के बोल-पूर्वी भारतीय चीनी लगते हैं और दक्षिण के अफ्रीकी

## सैम पित्रोदा की टिप्पणियों से देश में फिर खड़ा हुआ विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस ने टिप्पणियों को गलत बताते हुए खुद को किया अलग



कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की एक और टिप्पणी को लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कहा है कि पूर्व के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पित्रोदा की नस्ली टिप्पणियों को लेकर उन पर निशाना साधा और दावा किया कि इससे विपक्षी दल की विभाजनकारी राजनीति बेनकाब हो गई है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख पित्रोदा ने एक पॉडकास्ट में कहा कि हम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं।

पित्रोदा ने सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित इस साक्षात्कार में कहा कि हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं। जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं। इससे पहले पित्रोदा ने विरासत कर के बारे में बात करके विवाद खड़ा कर दिया था, जिसे भाजपा ने चुनावी मुद्दा बना लिया। पित्रोदा ने कांग्रेस के घोषणापत्र में 'संपदा के पुनः वितरण' के मुद्दे पर बात करते हुए 'अमेरिका में विरासत कर' का उल्लेख किया था।

### पित्रोदा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भारतीयों की शक्ल-सूरत की तुलना विदेश के लोगों से करने संबंधी बयान से उपजे विवाद के बीच बुधवार को पद से इस्तीफा दे दिया। और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

### पित्रोदा की टिप्पणी अस्वीकार्य : कांग्रेस

पित्रोदा की टिप्पणी से खुद को अलग करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर कहा कि सैम पित्रोदा द्वारा भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वह अत्यंत गलत और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है।

### कांग्रेस देश को बांटना चाहती है : भाजपा

भाजपा ने पित्रोदा की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव आगे बढ़ रहा है, विपक्षी पार्टी का मुखौटा उतरता जा रहा है। पार्टी ने दावा किया कि पित्रोदा की नस्ली टिप्पणियों ने देश को नस्ल, धर्म और जाति के आधार पर बांटने की कांग्रेस की कोशिश को उजागर किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी बोले-आज मैं गुस्से में हूं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सैम पित्रोदा की टिप्पणियों को लेकर बुधवार को विपक्षी दल पर निशाना साधा। तेलंगाना में प्रचार करते हुए मोदी ने कहा कि मैं आज गुस्से में हूं। अगर कोई मुझे गाली देता है तो मुझे गुस्सा नहीं आता। मैं बर्दाश्त कर सकता हूं। लेकिन शहजादे के दार्शनिक ने इतनी बड़ी गाली दे दी, जिससे मुझे गुस्सा आ गया है। मोदी ने पूछा, "क्या मेरे देश में त्वचा के रंग के आधार पर लोगों की क्षमता तय होगी?

## ईवीएम का बटन ऐसे दबाना कि इटली में लगे झटका : शाह

### खीरी में बोले- गठबंधन सत्ता में आया तो राम मंदिर पर लग जाएगा `बाबरी ताला`

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/ तिर्वा/ लखीमपुर खीरी



- जनसभा में कहा, हिंदुस्तान से पाकिस्तान का काम करते हैं राहुल बाबा

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कन्नौज में भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के पक्ष में आयोजित जनसभा में इंडिया गठबंधन पर जोरदार हमला बोला। परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले राजनीतिक दलों को लेकर शाह ने कहा कि उनको परिवार के अलावा कुछ नहीं दिखता।

उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि ईवीएम का इतनी जोर से बटन दबाना कि झटका इटली में लगे। कहा कि अमेठी से हारे तो वायनाड गए और अब रायबरेली। राहुल अब रायबरेली से भी हारने वाले हैं, हारने के बाद इटली जाएं तो कांग्रेस का भला हो जाए। यह भी कहा कि राहुल हिंदुस्तान में बैठकर पाकिस्तान का काम करते हैं। यदि एक भी सीट यहां से इंडी गठबंधन जीती तो पटाखे पाकिस्तान में जलेंगे। भाषण के दौरान उन्होंने राम मंदिर मोदी सरकार में बनाए जाने तथा कांग्रेस, सपा व बसपा द्वारा अटकाए जाने की बात कहकर भीड़ से समर्थन भी लिया। तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कन्नौज से चौथी बार पार्टी से चुनाव लड़ रहे सांसद सुब्रत पाठक के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की।

वहीं लखीमपुर खीरी में गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कांग्रेस और सपा पर तंज कसते हुए उन्हें हिंदू विरोधी बताया। कहा कि इनके पास न नेता है, न कोई नीति है और न ही नीयत है। आप यदि भटके और लोकसभा चुनाव के बाद अगर धोखे से भी इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो ये लोग राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे। गृह मंत्री ने बुधवार को खीरी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब तक हुए तीन चरणों के मतदान में विरोधी दलों का सूपड़ा साफ हो चुका है और भारतीय जनता पार्टी 190 सीट लेकर सबसे आगे चल रही है। शाह ने कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां-जहां कांग्रेस की सरकार बनी है, वहां पिछड़ा वर्ग के पांच फीसदी आरक्षण को काटकर मुस्लिम समाज को दे दिया गया है। उन राज्यों में अगर भाजपा सत्ता में आई तो मुसलमानों से आरक्षण को छीनकर दोबारा पिछड़ा वर्ग समाज को दिया जाएगा। शाह ने कहा कि श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में अखिलेश, डिंपल यादव, राहुल गांधी, प्रियंका को आमंत्रित किया गया था, लेकिन मुस्लिम वोट बैंक के कारण नहीं गए।

## ईवीएम में छेड़छाड़ को रुपये मांगे, सेना का जवान गिरफ्तार

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

- शिवसेना (यूबीटी) नेता से मांगे थे ढाई करोड़ रुपये

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में पुलिस ने ईवीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपये मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी मारुती धाकने (42) ने एक चिप के जरिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में छेड़छाड़ करने का दावा करके उनसे कथित तौर पर पैसे मांगे। आरोपी ने दावा किया कि इस चिप से किसी खास उम्मीदवार को अधिक वोट पाने में मदद मिल सकती है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना कर्ज चुकाने के लिए यह दावा किया। वह ईवीएम के बारे में कुछ नहीं जानता है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम करीब चार बजे आरोपी ने यहां एक बस स्टैंड के समीप एक होटल में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अंबादास के छोटे भाई राजेंद्र दानवे से मुलाकात की। अधिकारी ने बताया कि बातचीत के बाद 1.5 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ।

## अल्पमत में हरियाणा सरकार, बहुमत साबित करें सैनी : दुष्यंत चौटाला

हिसार, एजेंसी

- जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा
- तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापसी से उपजा संकट

हरियाणा के पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने से प्रदेश की भाजपा सरकार अल्पमत में हैं और मुख्यमंत्री नायब सैनी विधानसभा में बहुमत साबित करें या मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें। चौटाला बुधवार को हिसार में अर्बन एस्टेट स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

जजपा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को 'कमजोर शासक' बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का बहुमत साबित करने के लिए जजपा राज्यपाल को पत्र लिखेगी। जजपा सरकार गिराने के पक्ष में है और समूचे विपक्ष का साथ देने को तैयार है। जजपा नेता ने कहा कि भाजपा सरकार को समर्थन देने वालों में से पांच विधायक कम हुए हैं। तीन निर्दलीय विधायकों ने सरकार से कल ही समर्थन वापस ले लिया है और सत्ता पक्ष के मनोहर लाल खट्टर और रणजीत सिंह के रूप में दो विधायक पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं।

### भाजपा सरकार को नहीं है कोई खतरा : सैनी

हरियाणा सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापिस लेने पर अपनी प्रतिक्रिया में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साफ किया है कि बेशक विपक्षी दल सरकार के खिलाफ कितने ही मंसूबे पाल ले मगर हमारी सरकार को कोई खतरा नहीं है। हमारी सरकार निर्बाध तरीके से अपना कार्यकाल पूरा करेगी। सैनी बुधवार को भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में इस आशय की बात कही।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर 10 मई को आदेश



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर 10 मई को अपना आदेश सुनाएगा। गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि हम शुक्रवार को अंतरिम जमानत पर आदेश सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी।

## झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग में ईडी की छापेमारी

रांची, एजेंसी

- मंत्री से जुड़े नकदी बरामदगी मामले में कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को धनशोधन जांच के तहत रांची में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के परिसर में छापा मारा। इस मामले में ईडी ने हाल में भारी मात्रा में नकदी जब्त की थी।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर की जा रही है। दोनों को केंद्रीय एजेंसी ने सोमवार को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने छह मई को की गई तलाशी के दौरान जहांगीर आलम के परिसर से 30 करोड़ रुपये से अधिक नकदी जब्त किया था। ईडी ने मंगलवार को यहां एक अदालत के समक्ष दावा किया था कि संजीव लाल (52) ने कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से कमीशन एकत्र किया। ईडी ने यह भी कहा था कि ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक के सरकारी अधिकारी कथित अवैध नकद भुगतान में संलिप्त हैं। ईडी ने दावा किया कि मामले में वरिष्ठ नौकरशाहों और नेताओं के नाम सामने आए हैं ।

## इस्लाम मानने वाले को लिव-इन में रहने का अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

### महत्वपूर्ण टिप्पणी

- कोर्ट ने कहा, रूढ़ियाँ व प्रथाएं भी हैं विधि का समान स्रोत

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक शादीशुदा मुस्लिम व्यक्ति व हिन्दू लड़की की लिव-इन रिलेशन में रहने के दौरान सुरक्षा की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि इस्लाम को मानले वाले को लिव-इन में रहने का अधिकार नहीं है, विशेषतः जब वह शादीशुदा हो और उसकी पत्नी या पति जीवित हो। न्यायालय ने कहा कि रूढ़ियाँ व प्रथाएं भी विधि का समान स्रोत हैं और संविधान का अनुच्छेद 21 ऐसे रिश्ते के अधिकार को मान्यता नहीं देता जो रूढ़ियों व प्रथाओं से प्रतिबंधित हो। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने लड़की को उसके माता-पिता के पास पहुंचाने का आदेश पुलिस को दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ ने उक्त व्यक्ति व युवती की याचिका पर पारित किया। याचियों का कहना था कि वे बालिग हैं और अपनी मर्जी से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं, बावजूद इसके युवती के भाई द्वारा मामले में अपहरण का आरोप लगाते हुए, बहराइच के विशेश्वरगंज थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि याचिका में इस तथ्य का उल्लेख किया गया है कि याची शादाब खान पहले से शादीशुदा है व उसकी पाँच साल की एक बेटी है लेकिन साथ ही यह भी लिखा है कि उसने छह माह पहले अपनी पहली बीवी को तीन तलाक दे दिया है। न्यायालय ने यह भी पाया कि वर्तमान याचिका के पहले भी एक याचिका इन्हीं याचियों की ओर से दाखिल की गई थी, जिसे 25 अप्रैल को एफआईआर दर्ज हो जाने के कारण वापस ले लिया गया था।

## गूगल ने भारत में पेश किया 'गूगल वॉलेट'

- प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं वॉलेट

**नई दिल्ली।** गूगल ने भारत में एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए एक निजी डिजिटल वॉलेट पेश किया है। इसमें उपयोगकर्ताओं को लॉयल्टी कार्ड और गिफ्ट कार्ड, सार्वजनिक वाहनों के पास सहित अन्य चीजें रखने की सुविधा मिलेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि 'गूगल वॉलेट' को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। डिजिटल वॉलेट की सेवा बुधवार से भारत में शुरू हो गई। गूगल के महाप्रबंधक एवं इंडिया इंजीनियरिंग लीड (एंड्रॉयड) राम पापाटला ने कहा कि गूगल पे कहीं नहीं जा रहा है। यह हमारा प्राथमिक भुगतान ऐप बना रहेगा।

## एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीके वापस मंगाए

नई दिल्ली/लंदन, एजेंसी



- बाजार में उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को बताया वजह
- कंपनी ने टीकों से लोगों में दुर्लभ दुष्प्रभाव की बात कही थी
- इन टीकों को भारत में कोविशील्ड के नाम से बेचा गया था

ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को देखते हुए इन्हें वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कंपनी ने कुछ दिन पहले यह स्वीकार किया था कि उसके टीकों के कारण खून के थक्के जमने और प्लेटलेट कम होने के मामले सामने आए हैं। एस्ट्राजेनेका ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के साथ मिलकर भारत को कोविशील्ड टीकों की आपूर्ति की थी। एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीकों को भारत में कोविशील्ड और यूरोप में 'वैक्सजेवरिया' के नाम से बेचा था।

यूरोपीय संघ (ईयू) की औषधि नियामक यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी ने मंगलवार को एक नोटिस जारी कर पुष्टि की कि मार्च में एस्ट्राजेनेका द्वारा मंजूरी वापस लेने के बाद वैक्सजेवरिया अब ईयू के 27 सदस्य देशों में इस्तेमाल के लिए अधिकृत नहीं है। एस्ट्राजेनेका के बयान में कहा गया कि यूरोप में वैक्सजेवरिया के लिए विपणन मंजूरी को वापस लेने का निर्णय लिया है। बयान में कहा गया है कि चूंकि कई प्रकार के कोविड -19 टीके विकसित हो चुके हैं, इसलिए उपलब्ध टीकों की संख्या अधिक है। इससे 'वैक्सजेवरिया' की मांग में गिरावट आई है, जिसका उत्पादन या आपूर्ति अब नहीं की जा रही है। इससे पहले, वैश्विक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन के बहुत ही दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

### तीन अरब से अधिक टीकों की आपूर्ति की थी

स्वतंत्र अनुमान के अनुसार टीकों का इस्तेमाल शुरू होने के बाद के पहले वर्ष में 65 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई गई और दुनियाभर में तीन अरब से अधिक खुराकों की आपूर्ति की गई। कंपनी ने कहा कि हमारे प्रयासों को दुनिया भर की सरकारों ने मान्यता दी है और इन्हें व्यापक रूप से वैश्विक महामारी को समाप्त करने का एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है।

हमारे फर्स्ट वोटर

## पहले पूजा फिर मतदान उसके बाद और कोई काम



पहली बार मतदान करने का अवसर मिलने से मैं बहुत उत्साहित हूं। अब 20 मई की तिथि की प्रतीक्षा है। उस दिन सुबह पूजा करने के बाद सीधे बूथ पर पहुंचकर पहले मतदान करूंगी। उसके बाद ही कोई और काम करूंगी। मेरी जितनी भी सहेलियाँ वोटर बनी हैं सभी मतदान करने के लिए आतुर है। वह पल रोमांच भरा होगा जब ईवीएम का बटन दबाऊंगी। मतदान कैसे होता है यह भी जानकारी होगी। सभी को मतदान के लिए प्रेरित भी कर रही हूँ। **–उमा यादव, छात्रा, अघावनपुर सिथौली**

## सभी को करना चाहिए मतदान, यह देश की शान



जब से मेरा वोटर कार्ड बन कर आया तबसे मतदान के लिए व्याकुल हूं। अब मुझे भी अपनी पसंद का सांसद चुनने का अवसर मिला। यह मेरे लिए सौभाग्य का विषय है। इस बार पहले से ही बीएलओ वोटर पर्ची भी दे गए हैं। मतदान करना लोकतंत्र की शान है। अपने मित्रों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर रहा हूं। मेरा और मेरे साथ जितने भी मित्र, परिचित इस बार मतदाता बने हैं, हम सभी का प्रयास रहेगा कि 20 मई को सबसे पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करें। **– हर्षित वर्मा, छात्र, पूरे सुलतानी**

# शिक्षा, सुरक्षा व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने वाला हो सांसद

## बोले- रामदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय हैरिंग्टनगंज के शिक्षक व छात्र-छात्राएं

अमृत विचार परिचर्चा

**सभी ने ली मतदान की शपथ और की मताधिकार का प्रयोग करने की अपील**

**मिल्कीपुर, अयोध्या**

**अमृत विचार:** सांसद ऐसा हो जो जिले वासियों को शिक्षा, सुरक्षा और उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सके। ईमानदारी के साथ बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कराने की क्षमता वाला हो। राजनीति में परिवारवाद व जातिवाद को खत्म करने की भावना का पोषक हो और क्षेत्र के विकास के लिए सजग रहे।

यह बातें बुधवार को रामदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय हैरिंग्टनगंज के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने 'अमृत विचार' की परिचर्चा में कहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार यादव ने महाविद्यालय सभागार में 'अमृत विचार' के मतदाता जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह बेहतरीन प्रयास है। इस दौरान सभी ने 20 मई को मतदान करने का संकल्प भी लिया। साथ ही सभी मतदाताओं से भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

परिचर्चा का शुभारंभ इतिहास के प्रवक्ता डॉ. ज्ञान सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि हमारा सांसद सरल स्वभाव का हो। जिससे लोग मिलकर अपनी समस्याओं को बता सकें। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा सांसद सामूहिक जातिवाद, क्षेत्रवाद व परिवारवाद से परे समतामूलक समाज का हितैषी हो। ईमानदारी से निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं दिलाने के साथ-साथ औद्योगिक विकास की सोच रखता हो।




रामदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय हैरिंग्टनगंज में मतदान की शपथ लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

सांसद समग्र सोच वाला हो। सबको साथ लेकर चलने वाला हो। महिला सुरक्षा उसकी प्राथमिकता में होनी चाहिए। सभी के साथ मिल-बैठकर समस्याएं सुलझा सके। गलत को गलत और सही को सही कहने की क्षमता रखता हो। दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत रहे। क्षेत्र के भौगोलिक और सामाजिक ढांचे से पूरी तरह से परिचित हो और किस इलाके में किस चीज की जरूरत हो उसकी जानकारी रखता हो। लोकसभा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने वाला हो। घर-घर में कुटीर उद्योग की स्थापना करवा सके। सभी ने कहा कि हमको बुनियादी सुविधाओं जैसे, स्वास्थ्य, शिक्षा और बेरोजगारी पर बेहतर कार्य करने वाला सांसद चाहिए। सांसद की नीति और नियत दोनों स्पष्ट होनी चाहिए। अयोध्या में पर्यटन के साथ औद्योगिक विकास के लिए नई शुरुआत कर सके।

### ये लोग हुए शामिल

महाविद्यालय के प्रवक्ता बृजेश गिरि, शिक्षक–शिक्षिकाएं– अजय चौरसिया, बलराम प्रजापति, जयप्रकाश, केशव राम, कविता व आकांक्षा तिवारी। छात्राएं– शिवांगी, आकांक्षा, शिल्पा यादव, रोली, शिवांशी, अनीता, दिव्यांशी, सोनाली, अंतिमा चौरसिया, सरोज चौरसिया, बीएससी की छात्रा आरती विश्वकर्मा, हिमांशी यादव, अंजली यादव, विभा साहू, सीमा कुमारी, सुमन, प्रतिज्ञा दूबे, काजल, खुशी, शालू पांडे, सरस्वती व प्रीति। छात्र– सुरजीत, सुनील कुमार, आलोक कुमार यादव और शुभम यादव।

### 'अमृत विचार' के जागरूकता अभियान में ये उठे मुद्दे-

- सांसद सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व वाला हो।
- अयोध्या में पर्यटन के साथ औद्योगिक विकास कराने वाला हो।
- युवाओं को रोजगार मुहैया कराने वाला हो।
- ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने वाला हो।
- शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं पर चिंतन करने वाला हो।
- गलत को गलत और सही को सही कहने की क्षमता रखने वाला हो।
- भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाला हो।
- क्षेत्रवाद, परिवारवाद व जातिवाद से परे समतामूलक समाज का हितैषी हो।

# मोदी को फिर पीएम बनने के लिए सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** भारत को सशक्त नेतृत्व देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर एक बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प बुधवार को यहां महिलाओं ने किया।

इसके लिए निरंतर मातृशक्ति घर-घर जाकर सुंदर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ कर रही हैं। वोट देने की अपील कर रही हैं। अयोध्या कैंट में जयश्री टेकचंदानी के नेतृत्व में महिलाओं ने बड़ी संख्या में ढोलक मंजीरा व तालियों की थाप पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम व श्री हनुमान जी से सर्व बाधा मुक्ति का पाठ करते हुए प्रभु से नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने व उनके दीर्घायु की कामना की।प्रसाद का भी वितरण किया। इस अवसर पर अंजली ज्ञाप्रटे, उर्मिला टेकचंदानी,



कैंट क्षेत्र के मकान में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ करतीं महिलाएं।

**▶▶ मातृ शक्ति की ओर से जारी अभियान, मतदान की भी अपील**

सरोज साहू, लता अरोड़ा, रोमा टेकचंदानी, रीनू टेकचंदानी, नीता अरोड़ा, यादव, वर्मा, मीरा साहू, आदि ने महिलाओं को अवश्य ही समय से अपने बूथ पर जाकर वोट करने की अपील की।

विश्व प्रकाश रूपन ने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत करने व देश को कुशल नेतृत्व व विकास के नये कीर्तिमान स्थापित करने वाली सरकार आने तक यह सामूहिक अभियान जारी रहेगा।

## मतदाता जागरुकता को निकाली गई प्रभात फेरी

**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार:** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत विविभन्न कॉलेजों में बुधवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने कहा वोट डालने जरूर जाएं। हिंदू इंटर कॉलेज रुदौली, जनता इंटर कॉलेज हरदोइया, रामचरण इंटर कॉलेज घटौली अयोध्या में रैली निकाल मतदाताओं को जागरूक किया गया। राजकीय हाई स्कूल कोदनिया, नेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल रुदौली में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। विमला देवी बालिका इंटर कॉलेज, तेंदुआ माफी बीकापुर में रैली का आयोजन किया गया। साहबदीन सीताराम बालिका इंटर कॉलेज, बद्री प्रसाद पाण्डेय स्मारक सर्वोदय इंटर कॉलेज रामगंज में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक/शिक्षक, कर्मचारियों और छात्र-छात्राएं ने प्रतिज्ञा ली।

**▶▶ बच्चों ने कहा- वोट डालने जरूर जाएं**

# समय से कराएं मतदाता पर्ची का वितरण

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी नोडल अधिकारी कार्मिक निर्वाचन ऋषिराज ने बुधवार को अफसरों के साथ चुनाव चैयारी की समीक्षा की। कहा कि मतदाता पर्ची का समय से वितरण कराने के साथ ही दूसरी तैयारियों को समय से पूरा किया जाए।

कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में निर्वाचन से ईवीएम कमिशनिग की तैयारी, वृद्ध, दिव्यांग/असक्त मतदाताओं से पोस्टल वोटिंग सेंटर, मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट फैसिलिटेशन सेंटर, बीएलओ से तदाता पर्ची वितरण. मतदाता रोल वर्किंग सहित अन्य बिदुंओं पर समीक्षा की। कहा कि बीएलओ समय से पर्ची वितरण कराएं। पोस्टल बैलेट फैसिलिटी सेंटर की तैयारी को लेकर कहा कि समय से ट्रेनिंग कराएं और वैलेट बॉक्स रखना सुनिश्चित कराएं। एडीएम वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह ने तैयारियों के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी। एडीएम सिटी सलिल कुमार पटेल ने भी जानकारी अधिकारियों से साझा की। बैठक में प्रभारी अधिकारी आईटी सेल, प्रभारी अधिकारी एएमएफ सम्बंधित बीडीओ, डीपीआरओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशाषी अभियन्ता आरइडी, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सहित अन्य लोग थे।

**▶▶ तैयारियों को लेकर सीडीओ ने की समीक्षा**



बाल विवाह रोकथाम के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

# जीजीआईसी में बेटियों को किया गया जागरूक

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** आगामी अक्षय तृतीया के दृष्टिगत जिला प्रोबेशन अधिकारी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, महिला कल्याण विभाग के निर्देश पर बुधवार को बाल विवाह रोकथाम के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम हुआ। मौजूद छात्राओं को बाल विवाह व इससे होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बाल विवाह रोकने में छात्राओं की सक्रिय भागेदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया।

छात्राओं को समझाया गया कि बाल विवाह कानूनन दण्डनीय अपराध है। ऐसा करने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत दो वर्ष के कठोर कारावास व एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है। छात्राओं व शिक्षिकाओं को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त छात्राओं को महिला एवं बाल सुरक्षा के लिए संचालित हेल्पलाइन नम्बरों 1098, 1090, 112 व 181 आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई से अनुराग शुक्ला, भानु प्रताप, वन स्टॉप सेंटर से प्रभामणि पाल तथा चाइल्ड हेल्प लाइन से प्रीति तिवारी व माधुरी यादव द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रधानाचार्य सहित शिक्षिकाएं, छात्राएं व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 20 से कम बच्चों वाले मान्यता प्राप्त स्कूलों की जांच के आदेश

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** 20 से कम बच्चों वाले मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ बेसिक शिक्षा विभाग ने बीईओ को जांच के आदेश दिए हैं। 10 मई तक साक्ष्य के साथ कार्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। शासन के निर्देश के बाद अब विभाग में भी खलबली मची हुई है। ऐसे में मान्यता निर्गत करने वाले लिपिक पर भी आंच आ सकती है।

जिले में काफी संख्या में लोगों ने निजी स्कूल खोल रखे हैं। इनमें बच्चों की संख्या से मान्यता तक सब कुछ शासन ने ऑनलाइन कर दिया है। जिससे कि फर्जीवाड़ा करके कोई भी बच्चों की जिन्दगी से खिलवाड़ न कर सके। इसके लेकर बेसिक शिक्षा विभाग भी सक्रिय हो गया है। दो दिन से लगातार सरकारी शिक्षकों को लेकर विभाग सख्ती कर रहा था। अब विभाग ने मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कुछ दिनों पहले ही महानिदेशक के आदेश पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जूम बैठक का आयोजन करके 2023-24 में मान्यता प्राप्त स्कूलों में छात्र नामाकंन संख्या 20 या 20 से कम प्रदर्शित होने के संबंध में रोष व्यक्त किया गया था। इसके बाद मंगलवार को जिले के 138 मान्यता प्राप्त स्कूलों की सूची जारी की गई है। इसमें सभी बीईओ को 10 मई तक स्कूलों की जांच करके कार्यालय में साक्ष्य सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**▶▶ शासन के निर्देश पर कसा गया शिकंजा, बेसिक शिक्षा विभाग में भी खलबली**

### शहर के 35 और ग्रामीण क्षेत्रों में 36 स्कूल शामिल

यू डायस पर 2023–24 में नामाकंन संख्या 20 या 20 से कम वाली सूची में शहर के 35 और ग्रामीण के 36 स्कूल शामिल है। सूची जारी होने के बाद स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया है। इनमें कुछ मदरसे भी शामिल हैं। इसके अलावा मिल्कीपुर के 22 और रूदौली के 22 स्कूल शामिल हैं। बीकापुर के आठ और सोहावल के छह स्कूल भी सूची में हैं। मया के 15 स्कूल भी इस सूची में हैं।

> यू–डायस यू–डायस पर 20 या 20 विद्यार्थियों स्कूलों और मदरसों द्वारा दर्ज कराए गई हैं। उनकी जांच के आदेश खंड शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं। उनसे जांच रिपोर्ट मांगी गई है। **–संतोष कुमार राय, बीएसए।**

## सार-संक्षेप



गांव की चौपाल में भाग लेती महिलाएं। अमृत विचार

### भाजपा से जुड़ी महिलाएं कर रहीं वोट डालने की अपील

**अयोध्या । अमृत विचार :** भाजपा से जुड़ी महिलाएं गांव में चौपाल लगाकर सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील कर रहीं हैं। इसी क्रम में बुधवार को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में जिला शोध प्रमुख अवध क्षेत्र मधु पाठक के नेतृत्व में तुलापुर मजरे हरि दुबे का पुरवा, रौरहा पूरे काली चरण में चौपाल लगाई। पीएम और सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। महिलाओं के लिए किए गए कार्यों को बताया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्रा, ऊषा यादव, पार्वती देवी, निर्मला पाण्डेय, रामावती, अवधेश पाण्डेय, नन्नू, ऊषा यादव, रानी सहित अन्य महिलाएं थी।

### विद्यार्थी परिषद ने महानगर को चार भागों में बांटा



मतदाता जागरूकता अभियान बैठक को संबोधित करते क्षेत्र संगठन मंत्री।

**अयोध्या । अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके लिए बुधवार को विद्यार्थी परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने आवास विकास कॉलोनी बेनीगंज स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसमें महानगर क्षेत्र को चार भागों में विभक्त कर सभी वार्डों में टोलियों के माध्यम से अभियान चलाने का निर्णय लिया है। संगठन मंत्री घनश्याम ने कहा कि मत अमूल्य है और युवाओं को शत–प्रतिशत मतदान करना चाहिए। देश की सुरक्षा, संरक्षा व संवृद्धि देने वाले दल को सत्ता सौंपना जरूरी है। बैठक का संचालन महानगर मंत्री सत्यम दुबे व अध्यक्षता डॉ. आलोक सिंह ने की। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री अमन मिश्रा, महानगर संगठम मंत्री अंकित भारतीय, विभाग कार्यालय मंत्री दुर्गेश, शशांक सिंह विद्यार्थी समेत अन्य मौजूद रहे।

### बीजेपी ने युवाओं को किया गुमराहः महर्षि राम



सभा को संबोधित करते युवा सपा नेता। अमृत विचार

**हैदरगंज, अयोध्या । अमृत विचार :** युवा सपा नेता एवं गोसाईगंज विधानसभा के प्रभारी महर्षि द्विवेदी राम ने कहा कि भाजपा युवाओं को गुमराह कर रही है। वह हैदरगंज में बुधवार को आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में बोल रहे थे। चौपाल में गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सियाराम निषाद, तारून के ब्लॉक अध्यक्ष अजीत पटेल, प्रेम नारायण यादव, कौशल वर्मा, देवर्षि देव, लवकुश वर्मा, राजर्षि द्विवेदी, सिया राम यादव आदि मौजूद रहे।

### फरीद कुरैशी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष बने

**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने पूर्व पार्षद फरीद कुरैशी को अल्पसंख्यक सभा का प्रदेश उपाध्यक्ष एवं फैजाबाद लोकसभा का प्रभारी नियुक्त किया है।

### सिंचाई को लगा डीजल इंजन चोरी

**तारुन अयोध्या । अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पालीअचलपुर मजरे बिहारी पूरा निवासी किसान राम तेज यादव का का 10 हॉर्स पावर व जगदम्बा प्रसाद यादव का 8 हॉर्स पावर का खेत में सिंचाई को लगा डीजल इंजन सोमवार रात चोरी हो गया। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही हैं।

### छात्राओं को दिलाई पौधरोपण की शपथ




अभियान के दौरान बैनर लेकर खड़ीं छात्राएं व मौजूद लोग। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अयोध्या को नंबर एक बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। मेरा आंगन–मेरी हरियाली योजना के बुधवार को अपर नगर आयुक्त अनिल सिंह की अध्यक्षता में वार्ड 56 सुभाषचंद्र बोस के आर्य कन्या इंटर कॉलेज में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर छात्राओं को भी पौधरोपण करने की शपथ दिलाई गई।

**लोकसभा चुनाव** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हो रहे हैं विशेष इंतजाम

# सखी, दिव्यांग व युवा बूथों पर स्पेशल ड्रेस में होंगे कार्मिक

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** लोकसभा निर्वाचन में महिलाओं, युवाओं और दिव्यांगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करने के इरादे से सखी, दिव्यांग और युवा बूथ बनाए जा रहे हैं। इन बूथों पर कार्मिक स्पेशल ड्रेस में रहेंगे। खासकर महिला कार्मिक साड़ी परिधान में होंगी। बूथों पर आने वाले मतदाताओं का विधिवत स्वागत किया जाएगा।

कार्मिकों को बूथ पर किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए भी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके लिए सखी, युवा और दिव्यांग बूथों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सखी बूथों के 64, दिव्यांग बूथों के 32 और युवा बूथों के 12 कर्मचारी शामिल रहे। इस ट्रेनिंग में मास्टर ट्रेनरों का सखी बूथों पर खासा फोकस रहा। सखी बूथों पर जो महिला कर्मचारी डयूटी पर रहेंगी उन्हें सारे दायित्व समझाये गये। उन्हें बताया गया कि मतदाताओं के साथ अच्छे तरीके से पेश आएं। जिससे कि अधिक से अधिक मतदान हो सके। ट्रेनर ने बताया कि बूथों पर खाने पीने का बंदोबस्त रसोइयों के माध्यम से कराया जा रहा है। मतदाताओं की सहूलियत पर विशेष रूप से सभी को ध्यान देना है। सखी, युवा और दिव्यांग बूथों पर जिन कार्मिकों की डयूटी लगायी जा रही है वह स्पेशल ड्रेस में रहेंगे। कार्मिकों के लिए ड्रेस किस तरह की होगी इस पर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों में इन बूथों की चयन प्रक्रिया की जा रही है। इसके अलावा इन सभी बूथों पर ठंडे पानी समेत अन्य व्यवस्था भी रहेगी।



इस तरह बनाए जाएंगे सखी और पिंक व युवा बूथ। अमृत विचार

**▶▶ बूथों पर आने वाले मतदाताओं का विधिवत किया जाएगा स्वागत**

> मतदाताओं को आकर्षित करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सखी, युवा और दिव्यांग बूथ तैयार किए जाएंगे। इसके लिए तैयारियां की जा रही है। इन बूथों पर विशेष परिधान में कार्मिक तैनात रहेंगे। **– अनिरुद्ध प्रताप सिंह, उपजिला निर्वाचन अधिकारी**

# बाईपास रोड पर कूड़ा जलने से लोग परेशान



बाईपास रोड पर बने डंपिंग स्थल पर फैला कूड़ा।

**गोसाईंगंज अयोध्या । अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र के बंधा बाईपास रोड पर नगर पंचायत कर्मियों के द्वारा फेके गए कूड़े के ढेर में आग लगने के कारण लोगों का सांस लेना दुश्वार हो गया है। यह कोई पहली घटना नही इससे पूर्व भी इस तरह की कई वारदात हो चुकी है। इस आग से उठने वाला धुआं जहां स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन जाता है। वहीं आने जाने वाले राहगीरों के लिए भी परेशानी होती है। लोगों ने बताया कि नगर पंचायत सफाई कर्मचारियों द्वारा नगर से उठाए गए कूड़े को यहाँ डंप किया जाता है। जिसमें आए दिन आग लगी रहती है। यदि यह आग की लपटे विकराल रूप रख ले लेती है तो लोगो के घरों में भी पहुंच सकती है। जबकि भीषण आग से उठने वाला जहरीला धुंआ आस पास के लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। अधिशासी अधिकारी इन्द्र भान ने बताया की जल्द ही पदभार ग्रहण किया है। आग बुझाने के लिए पंचायत टीम को भेज दिया जाता है।

## एक नजर

### उपराष्ट्रपति 10 को पहुंचेंगे अयोध्या

**अयोध्या, अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को अयोध्या पहुंच रहे हैं। उनके जनपद आगमन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से उपराष्ट्रपति के अयोध्या दौरे को लेकर चिकित्सकों की ड्यूटी लगा दी गई है। बता दें की एक मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या पहुंचकर रामलला का दर्शन-पूजन किया था।

### अक्षय तृतीया पर सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ

**अयोध्या, अमृत विचार :** विश्व शांति के लिए पंचमुखी हनुमान मंदिर गुप्तार घाट पर सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 महंत नृत्य गोपाल दास जी होंगे। यह जानकारी मंदिर के महांत विमल कृष्ण दास ने दी।

### शिविर में 20 लोगों का विद्युत लोड बढ़ाया

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** विद्युत उपखंड कुमारगंज के उपखंड अधिकारी ने संतोष कुमार ने बुधवार को कुमारगंज उपकेन्द्र के पिठला गांव में कैंप लगाया। पिठला गांव में 20 लोगों के परिसर पर लगे एसी स्वीकृत भार से अधिक भार पाया गया। मीटर की डिमांड के अनुसार लोड बढ़ाया गया। वहीं मीटर रीडर द्वारा निकाले गए उपभोक्ता के बिल को भी चेक किया गया। कैंप में 50 हजार की राजस्व वसूली की गई। 20 लोगों का बिल संशोधन किया गया।

### परशुराम की जयंती का आयोजन 10 को

**अयोध्या।** सनातन ब्राह्मण समाज 10 मई को नाका हनुमानगढ़ी पर भगवान परशाम की जयंती का आयोजन करेगा। जिलाध्यक्ष अजय रंजन पांडेय ने बताया कि इसके मुख्य अतिथि महांत राम दास होंगे। शाम चार बजे भगवान परशुराम की भव्य आरती का आयोजन होगा।

# सीवर लाइन से जुड़ेंगे 20 हजार घर नालियों में दिखेगा बारिश का पानी

## जून में 33 एमएलडी के एसटीपी के चालू होने के बाद जोड़ दिए जाएंगे चैंबर

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र के 20 हजार घरों को अगले दो महीने बाद सीवर लाइन से जोड़ दिया जाएगा। इससे घरों से निकलने वाला सारा पानी सीवर लाइन में ही गिरेगा। सीवर का पानी 33 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से ट्रीट कर नदी में गिराया जाएगा। इसके बाद नालियों में घरों का पानी नहीं बल्कि सिर्फ बरसात के समय का पानी ही दिखाई पड़ेगा। अब इस राह में सिर्फ एक ही बाधा है, जिसे जून माह तक दूर कर लिया जाएगा।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले शहर के विकास कार्य को कराने के लिए जगह-जगह काम हुआ था। इस दौरान सहादतगंज से नया घाट 13 किमी. तक ही सड़कें नहीं खोदी गई थीं, बल्कि रामपथ के किनारे स्थित मोहल्लों की भी सड़कों की खोदाई हुई थी। खोदाई के समय ही जगह-जगह पर सीवर लाइन भी बिछा दी गई थी। निर्माण कार्यों के चलते पांच से छह माह तक लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, लेकिन अब उसके बदले लोगों को अपने घरों का सीवर लाइन से कनेक्शन मिलने वाला है। इस प्रोजेक्ट पर करीब 145 करोड़ रुपये की लागत आई है।

**145** करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा है सीवर लाइन का प्रोजेक्ट

**24** हजार चैंबर दूसरे चरण की योजना में बनाए जाने हैं प्रस्तावित


चौक में सीवर लाइन के चैंबर के निर्माण के लिए बैरिकेड लगा किया जा रहा कार्य।

### अयोध्या धाम में जुड़े हैं 18 हजार चैंबर

भले ही फैजाबाद के घर अभी सीवर लाइन से न जुड़े हों, लेकिन अयोध्या के तमाम घरों का पानी सीवर लाइन में ही जा रहा है। 18 हजार चैंबर से पानी सीवर लाइन में गिर रहा है। यह पानी कांशीराम कॉलोनी के सामने बने 18 एमएलडी एसटीपी में ट्रीट भी किया जा रहा है।

### चौक में बन रहा है बड़ा चैंबर

चौक व आसपास के इलाकों के घरों का पानी चौक स्थित निर्माणाधीन चैंबर से होकर गुदड़ीबाजार, धारा रोड होते हुए 33 एमएलडी के एसटीपी में जाकर गिरेगा। इसके बनने के बाद ही रामपथ के निकट के लगभग सभी इलाके सीवर लाइन से कनेक्ट हो जाएंगे।

### जून में चालू होगा 33 एमएलडी का एसटीपी

एसटीपी सिंक, स्नानघर, वॉशिंग मशीन, शौचालय और अन्य उपकरणों से निकलने वाला अपशिष्ट पानी को सीवर लाइन के माध्यम से एसटीपी में जाता है। प्लांट में तीन चरणों में पानी की सफाई होती है। ट्रीटमेंट के बाद पानी फिर से पीने योग्य बन जाता है। नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत जल निगम (ग्रामीण) मांझा जमथरा में 33 एमएलडी के एसटीपी का निर्माण करा रहा है। जून में इसके चालू होने की संभावना बताई जा रही है।

### ...लेकिन लोगों को देना होगा टैक्स

नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि हमें अयोध्या धाम से करीब दो वर्षों से सीवर टैक्स मिल रहा है। शहर के इलाके सीवर लाइन से जुड़ने के बाद लोगों से टैक्स भी लिया जाएगा। उन्होंने बताया किअभी तक सिर्फ गृह और जलकर लिया जा रहा है। रिहायशी इलाकों में मकान के मुताबिक लिया जाता है, लेकिन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से मकानों का पांच गुना वसूला जाता है। जलकल से प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही हम लोग सीवर टैक्स वसूल सकते हैं।

> जून में 33 एमएलडी के एसटीपी के संचालन की संभावना है। उसके शुरू होते ही घरों का आउटलेट चैंबरों में जोड़ दिया जाएगा। सीवर लाइन चलते ही प्रोजेक्ट को नगर निगम को हैंडओवर कर दिया जाएगा। -आके यादव, सहायक अभियंता, जल निगम

### अब विस्तारित एरिया में 350 करोड़ के प्रोजेक्ट पर होगा काम

सीवर लाइन से पूरे शहर को जोड़ने का कार्य अभी बाकी है। हाल ही नगर निगम में शामिल हुए राजस्व गांवों तक सीवर लाइन का कनेक्शन जाएगा। सहादतगंज, कौशलपुरी, जनौरा, साकेतपुरी, खोजनपुर इत्यादि मोहल्लों में सीवर लाइन बिछाई जानी है। करीब 24 हजार चैंबर बनने हैं। विस्तारित इलाकों में लो लैंड भी है। यह प्रोजेक्ट 350 करोड़ रुपये का है, जिसका काम टेंडर होने के बाद ही होगा।

## ट्रेन की चपेट में आकर श्रमिक की हुई मौत

**अयोध्या, अमृत विचार।** लखनऊ-वाराणसी रेल प्रखंड पर बुधवार को कैंट थाना क्षेत्र में एक श्रमिक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। थाना क्षेत्र के हाजीपुर सिंहपुर का रहने वाला बाबूराम यादव (65) पुत्र रामभरोसे रोज की तरह सुबह काम की तलाश में घर से चौक श्रमिक मंडी आ रहा था। इसी दौरान वो बनवीरपुर के रामसिंह का पुरवा स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर उधर से गुजर रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य का कहना है कि आशंका जताई जा रही है कि वृद्ध होने के चलते वह आ रही ट्रेन को नहीं भांप सका और ट्रेन की चपेट में आ गया। पोस्टमार्टम के शव अंतिम संस्कार के लिए परिवार के हवाले किया गया है।

## सफेद संगमरमर से बनी रामलला की मूर्ति की तस्वीर वायरल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के लिए राजस्थान के सफेद संगमरमर से बनाई गई रामलला की मूर्ति सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मूर्ति को आकर्षक रंगों से सजाया गया है। जयपुर के मूर्तिकार सत्यनारायण पांडेय ने मूर्ति को तैयार किया है।

22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए मूर्तिकारों के ने तीन मूर्ति बनाई थीं। कर्नाटक के अरुण योगीराज की कृष्ण शिला पर बनाई गई मूर्ति ही प्राण प्रतिष्ठा के लिए चयनित की गई थी। अन्य दो मूर्तियां रामसेवकपुरम में रखी हुई हैं। जिसमे एक मूर्ति राजस्थान के सफेद संगमरमर पत्थर से बनी थी। मूर्तिकार सत्य नारायण पांडेय ने बताया कि 40 वर्ष पहले इस पत्थर को निकाला गया। जिसे राम मंदिर में लगाने के लिए निःशुल्क समर्पित किया गया। इस पर आठ माह तक कार्य कर पत्थर को स्वरूप दिया गया है।


रामसेवकपुरम में रखी रामलला की मूर्ति।


रामलला का दर्शन करते केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद।

### राममंदिर हमारे लिए खुशी नहीं, गर्व की बात

**अयोध्या, अमृत विचार :** मैं जनवरी में दो बार अयोध्या आ चुका हूं। जो भाव उस समय था वही भाव आज भी है। मैं अयोध्या का पड़ोसी हूं और पहले भी बहुत आता रहा हूं। राममंदिर हमारे लिए खुशी नहीं गर्व की बात है। 22 जनवरी के पहले आया था और अब 22 जनवरी के बाद आया हूं। ये बातें बुधवार को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रामलला के दर्शन के बाद कहीं। इससे पहले महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह पहुंचे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का अधिकारियों ने स्वागत किया। सर्किट हाउस में विश्राम के बाद वह रामलला के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने उन्हें श्रीरामचरित मानस की पुस्तक भेंट की। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## फर्जी मेडिकल स्टोर संचालक को चार साल की सजा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर संचालित करने के मामले में कोर्ट ने विनोद कुमार शर्मा को दोषी पाते हुए चार साल के करावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 1.20 लाख का जुर्माना भी ठोका है। फैसला विशेष न्यायाधीश औषधि व प्रशाधन सामग्री अधिनियम प्रेम प्रकाश की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि बाराबंकी के औषधि निरीक्षक जीसी श्रीवास्तव ने 22 फरवरी 2013 को विनोद मेडिकल स्टोर भीलवाड़ा हैदरगढ़ बाराबंकी की दुकान पर छापा डाला था। मेडिकल स्टोर संचालक विनोद निवासी मकनपुर थाना लोनी कटरा तहसील हैदरगढ़ जिला बाराबंकी को लाइसेंस के बगैर मेडिकल स्टोर संचालित करते हुए पाया था। कई दवावों का नमूना लिया था। मेडिकल स्टोर में ना तो कोई बीजक रजिस्टर पाया गया और न ही एक्सपायर दवाओं को रखने के लिए ही उचित प्रबंध किया गया था। इस पर औषधि निरीक्षक ने परिवाद दाखिल किया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने विनोद को दोषी पाते हुए सजा दी।

# मस्जिद के लिए चंदे की अवैध वसूली का मामला दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से निर्माण के लिए प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद की फोटो और बैंक अकाउंट की डिटेल सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर अवैध रूप से चंदा वसूलने की कोशिश करने के मामले में गौतमपल्ली थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

गौतमपल्ली थाना अंतर्गत माल एवेन्यू निवासी इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष अदम तहरीर ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया कि बुधवार सुबह 10:50 बजे ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने उनके व्हाटसअप नंबर पर एक फोटो भेजी। उसमें ट्रस्ट की तरफ से प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र बना था। इसके अलावा बैंक खाता संख्या-5556317689, आईएफएससी, सीबीआईएन 0282584, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लिखा है। सचिव ने अदम को बताया कि उक्त फोटो अयोध्या के अरशद अफजाल खान ने भेजी है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। अदम के मुताबिक, मस्जिद के चित्र का दुरुपयोग कर चंदा एकत्रित करने की मंशा से बैंक अकाउंट खुलवाया गया है। जबकि उक्त ट्रस्ट का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में खाता नहीं है। इंस्पेक्टर गौतम पल्ली वेदप्रकाश राय के मुताबिक इस मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया है। सर्विलांस व अन्य माध्य से आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।


सोशल मीडिया पर बैंक खाते का नंबर जारी कर चंदा वसूलने का प्रयास

### इसलिये वायरल की गई पोस्ट

अदम तहरीर के मुताबिक, सर्वोच्च न्यायालय ने श्री राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद के विवाद में पारित आदेश में जनपद आयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए 5 एकड़ की जमीन उप्र सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ को आवंटित की थी। इसी भूमि पर मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद प्रस्तावित है। इसके चलते अज्ञात ने वसूली की मंशा से यह पोस्ट वायरल की।

### आईजी से मिला प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सोहावल के धन्नीपुर गांव स्थित पांच एकड़ जमीन पर प्रस्तावित मस्जिद के निर्माण के लिए फर्जीवाड़ा कर चंदा वसूली के मामले में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रवीण कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मिली पांच एकड़ जमीन पर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद के साथ अस्पताल, समुदायिक भोजनालय, पुस्तकालय आदि के निर्माण की योजना बनाई है। इसके लिए इन्डो इस्लामिक कल्चरल फाउन्डेशन ट्रस्ट का गठन किया है। गत दिवस सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ट्रस्ट की प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र व बैंक खाता का विवरण प्रसारित होने का मामला चर्चा में आया था। जिसको लेकर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी एवं उत्तर प्रदेश सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष जुफर अहमद फारूकी ने मंगलवार को लखनऊ के गौतमपल्ली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुन्नी सेंट्रल बोर्ड सब कमेटी अयोध्या के मो. आजम कादरी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को आईजी को सौंपे ज्ञापन में मांग कि है कि नियावां के फेडरल बैंक में खोले गए खाते के संबध में यहां रिपोर्ट दर्ज करवा जाँच व कार्रवाई कराई जाए। इस गोरखधंधे में शामिल लोगों की पहचान व तत्काल संबंधित बैंक खातों को बंद कराना जरूरी है।

## डंपर की चपेट में आकर छात्र की मौत

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना महराजगंज क्षेत्र की पुलिस चौकी पूराबाजार अन्तर्गत मड़ना चौराहे पर बुधवार सुबह डंपर की चपेट में आकर एक छात्र की मौत हो गई। रामपुर पुआरी निवासी आदित्य सिंह (17) कक्षा 11 का छात्र था। चौकी प्रभारी पूरा बाजार आलोक कुमार सिंह ने बताया कि मड़ना चौराहे पर अनियंत्रित डंपर की चपेट में आ जाने से आदित्य पुत्र वीरेंद्र कुमार सिंह के सिर पर गंभीर चोट आई। उसे सीएचसी पूरा बाजार पहुंचाया गया। जहां डॉ. प्रवीन कुमार मौर्य ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ड्राइवर व डंपर पुलिस के कब्जे में है।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम में मौजूद बालिकाएं बुलबुल के रुप में। अमृत विचार

### कंपोजिट विद्यालय में हुआ बुलबुल प्रशिक्षण

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** बालक-बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कंपोजिट विद्यालय दर्शन नगर द्वितीय में बुधवार को बुलबुल फ्लाक कोमल पंख प्रशिक्षण के त्रिदिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ पूरा के अध्यक्ष सत्येन्द्र गुप्ता ने शुभारंभ कराया। विद्यालय के बच्चों बुलबुल संवर्ग द्वारा बुलबुल घेरा गीत, बडी सलामी तारा की कहानी आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। गाइड संवर्ग की छात्राओं ने मीनार आदि साहसिक कार्यों का प्रदर्शन किया। शकुंतला, पूनम शुक्ला, कुमुद दुबे, सरिता रानी, शोभा पांडे, कुसुम व पुष्पा वर्मा विद्यालय स्टाफ ने प्रतिभाग किया। अध्यक्षता जिला स्काउट मास्टर अनूप मल्होत्रा व संचालन जिला गाइड कैप्टन निधि महिंद्रा ने किया।

### गोबर से निर्मित वस्तुएं एक कक्ष में स्टाल लगाकर रखें


गौशाला के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त संतोष शर्मा व अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार।

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर निगम के विभागीय अधिकारियों के साथ बैसिंग स्थित कान्हा उपवन गोशाला का निरीक्षण किया। गोबर से निर्मित होने वाली वस्तुओं को एक कक्ष में स्टाल लगाकर रखे जाने के लिए निर्देशित किया। बैसिंग गोशाला में उपलब्ध पशु आहार व चूनी, चोकर आदि की उपलब्धता की स्थिति देखी गई। इसके साथ-साथ नंदीशाला-कामधेनुशाला आदि परिसरों का निरीक्षण किया। परिसर में पर्याप्त संख्या में पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। गोवंश को धूप से बचाने व पर्याप्त छाया की व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा, अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, वागीश कुमार शुक्ला, अनिल कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### तेलंगाना की महिला श्रद्धालु की चेन चोरी

**अयोध्या, अमृत विचार।** रामनगरी दर्शन-पूजन करने आई तेलंगाना के करीमनगर जिले के धर्मपुरी जगतैल टाउन निवासी कासरला पदमा की हनुमानगढ़ी में दर्शन को जाते समय किसी ने सोने की चेन पार कर दी। पीड़िता ने रामजन्मभूमि थाने में अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामजन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

### मानवता को समर्पित था सर हेनरी डोनाल्ड का जीवन


पीडी पांडेय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं व शिक्षक।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर बुधवार को पंडित हृदय राम शर्मा पीडी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद विद्यालय में रेड क्रॉस के जनक सर हेनरी डोनाल्ड का जन्मदिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने कहा कि आठ मई को मानवता प्रेमी सर हेनरी डोनाल्ड के जन्म दिवस के अवसर पर पूरे विश्व में रेड क्रॉस दिवस मनाया जाता है। हम आज उनको इसलिए याद कर रहे हैं कि उन्होंने अपना पूरा जीवन मानवता प्रेम के लिए समर्पण कर दिया। उनके इसी मानवता प्रेम के विचारों से प्रेरित होकर रेड क्रॉस सोसाइटी बनाई गई। जन्मदिवस के अवसर पर यह संकल्प लेना होगा की मानवता प्रेम के लिए दूसरों की मदद करने को आगे रहने को तत्पर रहना होगा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रमेश पाठक ने किया। इस अवसर पर अनिल पांडे, संदीप चक्रवर्ती, राजकुमार, विनीत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# नृत्य गोपाल दास ने रामलला के दर्शन कर देखा मंदिर निर्माण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** वैशाख अमावस्या पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने रामलला का दर्शन पूजन किया। मंदिर के दूसरे तल व अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन भी किया। रामनवमी के बाद बुधवार को ट्रस्ट अध्यक्ष मंदिर परिसर पहुंचे थे।

ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने कहा कि धाम में रामलला के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या में लगातार वृद्धि प्रभु की कृपा का परिणाम है। राम भक्तों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ट्रस्ट कृतसंकल्पित है। दूसरे मंजिल के साथ परकोटे के निर्माण का कार्य अपनी गति से चल रहा है। निर्माण समिति की देखरेख में कार्यदायी संस्थाएं बेहतर कार्य कर रही हैं। विश्व के सुंदरतम मंदिर का निर्माण ट्रस्ट की प्रथमिकता में है।


रामलला के दर्शन-पूजन के बाद मौजूद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास। अमृत विचार

### सपा नेता के बयान को बताया मूर्खतापूर्ण

महंत नृत्य गोपाल दास ने सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव द्वारा मंदिर को लेकर दिए बयान को मूर्खता पूर्ण बताया और कहा रामलला ऐसे लोगों को सद्बुद्धि प्रदान करें। रामलला का मंदिर शास्त्रसम्मत और विद्वानों के कुशल मार्ग दर्शन में निर्मित हुआ है। इस दौरान विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, संत जानकी दास, जगन्नाथ दास, श्रेषकर, रामशंकर आदि उपस्थित रहे।

# बेंगलुरु से नहीं आई फ्लाइट यात्रियों ने किया हंगामा

अयोध्या कार्यालय

एयर इंडिया एक्सप्रेस की कई उड़ानें रद्द होने से हुई समस्या

**अमृत विचार :** अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह यात्रियों ने जमकर हंगामा काटा। बेंगलुरु से फ्लाइट न आने के कारण एयरपोर्ट पहुंचे यात्रियों का गुस्सा सातवें आसमान पर दिखा।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही कोलकाता-अयोध्या-बेंगलुरु के बीच एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान का संचालन शुरू हुआ था। यह विमान सुबह बेंगलुरु से टेक ऑफ होने के बाद अयोध्या एयरपोर्ट पर सुबह 8:35 पर लैंड करता है। इसके बाद यहां से यही विमान कोलकाता के लिए उड़ान भरता है। कोलकाता से अयोध्या आता है और फिर यहां से टेकऑफ होकर बेंगलुरु में लैंड होता है। बताया जाता है कि अचानक हुई हड़ताल के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस की कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। सूत्रों की मानें तो एयरपोर्ट पहुंचे कोलकाता जाने वाले यात्रियों को जैसे ही इसकी सूचना मिली तो वह भड़क गए। किसी तरह उन्हें समझाया गया। एयरपोर्ट डायरेक्टर विनोद गर्ग ने बताया कि हमारे पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। न ही हंगामे की जानकारी है। कभी भी फ्लाइट रद्द होती है तो यात्रियों को मैसेज भेजकर अलर्ट कर दिया जाता है।

# अयोध्या - पुणे विशेष ट्रेन का बढ़ाया गया फेरा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अयोध्या से पुणे के लिए संचालित विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन के फेरे बढ़ा दिए हैं। तीन से नौ मई के बीच चलने वाली ट्रेन अब दो जून तक संचालित होगी।

उत्तर रेलवे के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बुधवार को बताया कि पहले इस विशेष ट्रेन के दो-दो फेरे तय किए गए थे, लेकिन यात्रियों की भीड़ और डिमांड को देखते हुए रेल प्रशासन ने इसका फेरा बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब पुणे जंक्शन से अयोध्या कैंट को आने वाली रेलगाड़ी संख्या 01455 अप ट्रेन 31 मई तक प्रत्येक शुक्रवार और मंगलवार को पुणे से शाम 7.30 बजे रवाना होगी। कल्याण जंक्शन, भुसवल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, झांसी, उरई, कानपुर और लखनऊ के रास्ते सुबह 8.50 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। अयोध्या कैंट से पुणे को जाने वाली रेलगाड़ी संख्या 01456 डाउन दो जून तक चलेगी। यहां से प्रत्येक रविवार व गुरुवार को सुबह 3.55 बजे रवाना होगी और शाम को चार बजे पुणे जंक्शन पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यात्री कंट्रोल रूम अथवा वेबसाइट से ट्रेन के ठहराव, मार्ग तथा समय सारिणी की जानकारी कर लें।

**व्यवस्था** परिषदीय विद्यालयों में रसोइयां के लिए बना ड्रेस कोड, एप्रेन और टोपी भी लगाएंगे

# भूरी साड़ी में महिला व बादामी टी-शर्ट में होंगे पुरुष

कमर अब्बास, अयोध्या

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में रसोइयां अब किसी बड़े होटल की कुक की तरह नजर आएंगे। इसके लिए ड्रेस कोड भी लागू कर दिया गया है। इसके लिए अलग से बजट निर्धारित किया जायेगा। जो रसोइया को मिलने वाले मानदेय में जोड़ कर भेजा जाएगा।

जिले में करीब 1792 परिषदीय विद्यालयों में दो हजार से अधिक रसोइयां वर्तमान में कार्यरत हैं। इनमें पुरुष रसोइयां की संख्या 745 है। शासन द्वारा निर्देश दिया गया है कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयां अब एक ड्रेस में रहेंगे। महिला रसोइयां के लिए भूरी (ब्राऊन) रंग की साड़ी, एप्रेन और सफेद दस्ताने और सफेद टोपी होगी। जैसे बड़े होटलों के कुक धारण करते हैं। वहीं पुरुष रसोइयां के लिए बादामी रंग की शर्ट और भूरी (ब्राऊन) रंग की पैंट निर्धारित की गई है।


इस तरह के ड्रेस में दिखेगी रसोइयां।

> ड्रेस व्यवस्था से लागू की जा रही है। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। ड्रेस कोड निर्धारित कर दिया गया है। -संतोष कुमार राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा द्वारा इसका आदेश जारी कर दिया गया है। बताया गया कि रसोइयां को मिलने वाले मानदेय में जोड़ कर यह धनराशि जुलाई से शुरू होने वाले सत्र से प्रदान की जाएगी। गर्मी की छुट्टियां 20 मई से हो रहीं हैं। इसलिए यह व्यवस्था जुलाई से शुरू की जाएगी। शासन की मंशा है कि इससे रसोइयां में आत्मविश्वास और कार्य के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी बढ़ेगा। हालांकि इसे वर्ष 2022-23 में भी जारी किया गया था, लेकिन व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई। अब फिर ड्रेस कोड लागू किए जाने की कवायद की जा रही है। रसोइयां को डीबीटी के माध्यम से मानदेय निर्गत किया जाता है।

## सार-संक्षेप

### दक्षिण मुखी भरत गुफा में सीताराम जप का पाठ शुरू


नंदीग्राम भरतकुंड में दक्षिण मुखी गुफा में सीताराम जाप करतीं महिलाएं।

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार: योगिराज भरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम भरतकुंड पर स्थित दक्षिण मुखी भरत गुफा में बुधवार सुबह से हवन-पूजन के साथ सीताराम जप का पाठ कीर्तन के साथ शुरू हो गया है। श्री भरत हनुमान मिलन मंदिर के संरक्षक मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास के निर्देशन में मंदिर परिसर में स्थित भरत गुफा में स्थापित भरत जी की चरण पादुका के समक्ष सीताराम जप का पाठ प्रथम दिवस शास्त्रीय संगीत एकादमी से जुड़ी बालिकाओं द्वारा शुरू किया गया। श्रीभरत हनुमान मिलन मंदिर के महंत परमात्मा दास की अगुवाई में शुरू सीताराम जप के बाबत महंत परमात्मा दास ने बताया कि शुरुआती दौर में दक्षिण मुखी भरत गुफा में शुरू हुआ पाठ राम नाम जप के साथ शुरू किया गया जो पहली अगस्त 2019 से शुरू हुआ था। अब वेद पुराणों की मान्यता के अनुसार भरतजी की तपोस्थली की दक्षिण मुखी भरत गुफा में बुधवार सुबह से हवन पूजन के साथ शुरू हुआ सीताराम जप का पाठ 26 अक्टूबर तक अनवरत जारी रहेगा। प्रथम दिवस रामायण सुन्दरकाण्ड की चौपाई के साथ शुरू सीताराम जप में हल्ले द्वारिका निवासिनी रुचि पांडे, रानी पांडे, कोमल विश्वकर्मा, बेवी पांडे, आंचल विश्वकर्मा, गार्गी व गरिमा पांडे की टीम अनवरत 24 घंटे पाठ करेंगी। तत्पश्चात क्रमवार मथुरा, अयोध्या, गुजरात, महाराष्ट्र व काशी की अलग-अलग शास्त्रीय संगीत एकादमी से जुड़ी टीमों के माध्यम से सीताराम पाठ अनवरत जारी रहेगा। समापन 26 अक्टूबर 2031 को भंडारे के साथ होगा।

### 210 ग्राम स्मैक के साथ शातिर गिरफ्तार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** मसौली पुलिस ने मंगलवार की रात बनियातारा पुलिया के निकट 210 ग्राम स्मैक के सथ एक शातिर को दबोच लिया। पकड़ा गया आरोपी थाना रामनगर अन्तर्गत ग्राम रानी बाजार निवासी अजय कुमार है। मसौली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। मसौली थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद कोतवाली सहित कई थानों में आरोपी पर आधा दर्जन से अधिक चोरी और लूट के मुकदमे दर्ज हैं। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### जांच के दौरान पकड़ा गया वांछित अपराधी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** भिटरिया चौराहे पर बुधवार को जांच के दौरान पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित चल रह कुम्हारन पुरवा मजरे अलादादपुर चौरी निवासी अंकित यादव को गिरफ्तार कर लिया।

### करंट की चपेट में आकर लाइनमैन झुलसा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम शहरी में हाईटेंशन लाइन पर टैपिंग करते समय अचानक करंट चालू हो जाने से बुधवार को संविदा लाइनमैन विजय गंभीर रूप से झुलस गया। साथी कर्मचारियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बिना आवश्यक सुरक्षा उपकरण के सभी लाईन पर काम कर रहे थे। वहीं इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत शशि कटियार ने बताया कि बिना शट-डाउन लिए कार्य हो रहा था। संविदामैन का इलाज कराया जा रहा है।

### मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित


समारोह में सम्मानित किए गए मेधावी।

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** स्थानीय आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के सभागार में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रबंधक अतुल सिंह रहे। उन्होंने कहा शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल निजी या सरकारी विभाग में उच्च पदों पर आसीन होना नहीं है, बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है। समारोह में इस वर्ष की मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र -छात्राओं महेक वर्मा, अभय मिश्र, प्रिया पटेल, नंदिनी, मानसी सुभाषिनी सिंह को सम्मानित किया गया। आरती पटेल, पूर्णिमा पटेल, अंजलि पटेल, आंचल उपाध्याय, सोनी, निधि, सूरत प्रजापति, ऋतुल उपाध्याय, सांत्वना पुरस्कार दिया गया। संचालन शिक्षक संजय पांडे ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विनीत जायसवाल ने किया। नगर पंचायत अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जायसवाल, कन्हैयालाल त्रिपाठी, यज्ञ कुमार सिंह मौजूद रहे।

# खुद शुरू की गंदे पानी व जलभराव से निजात की जुगत

## अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत के बावजूद नहीं हुई थी कोई कार्रवाई, सड़क व नाली को किया जाएगा ऊंचा

अयोध्या, कार्यालय



आदर्शपुरम कालोनी में सड़क और नाली निर्माण के लिए मंगवाई गई सामग्री। अमृत विचार

- आदर्शपुरम कॉलोनीवासियों ने चंदा एकत्र कर सीमेंट, मौरंग, बालू और ईंट आदि मंगाई

**अमृत विचार।** लंबे समय से नाली के गंदे पानी के जलभराव से परेशान देवकाली क्षेत्र के आदर्शपुरम कॉलोनीवासियों ने समस्या से निजात के लिए जुगत पर काम शुरू किया है। आपस में चंदा एकत्र कर निर्माण सामग्री सीमेंट, मौरंग, बालू और ईंट आदि मंगाई है। आपसी सहयोग से सड़क और नाली को ऊँचा कराए जाने की योजना है। ये कवायद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई न होने के चलते शुरू की गई है।

रीडगंज-बसखारी मार्ग पर देवकाली क्षेत्र में आदर्शपुरम कॉलोनी स्थित है। अकबरपुर राजमार्ग के निर्माण के चलते कॉलोनी सड़क की सतह से नीची हो गई है। क्षेत्र में अभी सीवर लाइन की कोई व्यवस्था नहीं है। गंदे पानी का समुचित निकास न होने के चलते आदर्शपुरम कॉलोनी के एक बड़े हिस्से में काफी दिनों से जलभराव की समस्या रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार मामले की शिकायत अयोध्या नगर निगम तथा जनप्रतिनिधियों से की गई, लेकिन अभी तक समस्या से निजात के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं हो पाई। जिसको लेकर आपस में बैठककर आपसी सहयोग से सड़क और नाली को ऊँचा कराने का निर्णय लिया गया। निर्माण सामग्री की खरीद के लिए सभी ने चंदा जमा किया है और सामग्री मंगाई गई है। गुरुवार को मिस्त्री-लेबर मंगवा कार्य शुरू कराया जाएगा।

कॉलोनी निवासी प्रपन्न पांडेय ने बताया कि शिकायत पर क्षेत्रीय विधायक ने तीन बार क्षेत्र का दौरा किया। कई बार उनके प्रतिनिधि आए, लेकिन अभी तक कोई काम नहीं हुआ। जिसके चलते मोहल्ले के लोगों ने 10-10 हजार रुपये चंदा एकत्रकर 25 बोरी सीमेंट, 20 ट्रॉली ईंट, मौरंग और आरसीसी व आरबीसी का मलवा मंगवाया है। जिससे सड़क और नाली को ऊँचा कराया जाएगा। इसमें मोहल्ले के संजय सिंह, पंकज पांडेय, अजय सिंह, मोहित पांडेय, अनुज सिंह आदि ने सहयोग किया है।

# भारतीय कला दिवस पर 17 दिवसीय स्वदेश उत्सव शुरू


सागर कला भवन में स्वदेश उत्सव व विविध कला कार्यशाला में भाग लेते कलाकार।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सागर कला भवन अयोध्या के स्थापना दिवस, भारतीय कला दिवस, टैगोर जयंती के अवसर पर 17 दिवसीय स्वदेश उत्सव व विविध कला कार्यशाला बुधवार को शुरू की गई।

मुख्य अतिथि प्रज्ञा श्रीवास्तव ने सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन और कैनवास पर चित्र उकेर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सागर कला भवन के अध्यक्ष व निदेशक एसबी सागर ने बताया कि हर वर्ष संस्था के स्थापना दिवस पर 17 दिवसीय विविध कला कार्यशाला के तहत चित्रकला, मूर्तिकला, रिलीफ म्यूरल, क्रॉफ्ट भित्ति चित्रण कार्यशाला का आयोजन होता है। कार्यशाला में अयोध्या, बस्ती, सुल्तानपुर, अमेठी, गोरखपुर के कला साधक शामिल हुए हैं। कार्यशाला 22 मई तक चलेगी। आकृतियां 23 मई, बुद्ध पूर्णिमा को प्रदर्शित की जाएंगी। प्रतिभागी कलाकारों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र आदि के साथ सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि समाजसेविका प्रज्ञा श्रीवास्तव ने कहा हर व्यक्ति को जिस क्षेत्र में रुचि हो उसमें प्रतिभा को अपना कर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष बसंत राम ने कहा कि जीवन भी एक कला है। जिसमें सुख-दुख आते जाते हैं। अपने लक्ष्य पर कार्य करने वाला व्यक्ति सफल जरूर होता है। अतिथि विनय प्रकाश मौर्य ने कहा कि कला के माध्यम हम अपनी भावनाओं को उकेर कर उन्हे जीवंत कर सकते हैं। संचालन प्रतिभा यादव ने किया। अंत में स्वदेश यशगान एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके पूर्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को माल्यार्पण एवं पट्टिका भेंट कर संस्था अध्यक्ष, सचिव प्रतिभा यादव सहित अन्य का सम्मान किया। कार्यक्रम में एकता रस्तोगी, आशीष, रिंकी यादव, राम आशीष, प्रवीण कुमार, सोनी मोदनवाल, वीरेन्द्र, पवन, वन्दना शाह, अरुण, अंजू और प्रतिभागी कलाकार रिद्धिमा गुप्ता, पल्लवी, प्रिया रावत, अक्षत सिंह, काजल मौर्या सहित 51 कलाकार मौजूद रहे।

### मॉर्निंग वॉक से लौट रही महिला की लूटी चेन

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला पचघरा में बुधवार सुबह बाइक सवार लुटेरे मार्निंग वाक से लौट रही महिला के गले से सोने की चेन खींच ले गए। घटना के दौरान चेन पकड़ लेने से उसका एक हिस्सा महिला के पास रह गया। उनकी चीख पुकार सुन कर एकत्र हुए लोगों ने खोजबीन की लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नही लगा। लुटेरे बिना नम्बर बाइक पर सवार थे। घटना के बाद भाग रहे लुटरों की फुटेज सीसीटीवी में कैद हुई है। पचघरा वार्ड एक निवासी देवेंद्र उर्फ मुकेश त्रिपाठी उप निबंधक कार्यालय फतेहपुर में बतौर लिपिक कार्य करते हैं। रोज की तरह सुबह करीब छह बजे पत्नी कंचन के साथ वह सुबह सैर के लिए गए थे। लौटते समय देवेंद्र कुछ देर श्री शक्तिधाम परिसर में रुक गए। अकेले लौट रही कंचन घर के पास पहुंची ही थी कि पीछे से अचानक आए दो बाइक सवारों ने गर्दन पर हमला कर उनकी चेन नोंच ली। हड़बड़ाहट में कंचन ने चेन पकड़ ली तो टूट कर एक हिस्सा उनके हाथ मे रह गया। उनकी गर्दन पर चोट के निशान आए। बाइक पर दो लोग सवार थे। बाइक चला रहे युवक ने हेल्मेट पहन रखा था। देवेंद्र की तहरीर पर घटना की रिपोर्ट दर्ज हुई।

# अभिसाक्षी के हस्ताक्षर बिना शपथ-पत्र निष्पादित करने वाले शपथ आयुक्त को पद से हटाया

संवाददाता, प्रयागराज।

**अदालत से**

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शपथपत्रों को अभिसाक्षी के हस्ताक्षर के बिना निष्पादित करने की परंपरा की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि न्यायालय के समक्ष अनुचित और गलत हलफनामे दाखिल करने से न्याय प्रशासन में गतिरोध उत्पन्न होता है और मामलों की कार्यवाही में भी देरी होती है, क्योंकि मामलों को इस आधार पर स्थगित कर दिया जाता है कि हलफनामे का उचित रूप से पालन नहीं किया जा रहा है।

कोर्ट ने माना कि यद्यपि कोर्ट के समक्ष उचित हलफनामा दाखिल करने की प्राथमिक जिम्मेदारी वादी और उसके अधिवक्ता की है, लेकिन शपथ आयुक्त को हलफनामे को उचित ढंग से निष्पादित करने का कर्तव्य दिया जाता है तो उनकी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह शपथ पत्रों की जांच ठीक से करें। अभिसाक्षी के हस्ताक्षर के बिना शपथपत्रों के निष्पादन को गंभीरता से लेते हुए न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने कहा कि वर्तमान मामला इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि शपथ आयुक्त शपथपत्र के निष्पादन कार्य को किस प्रकार कर रहे हैं। यह सक्षम प्राधिकारी का कर्तव्य है कि वह शपथ आयुक्तों के मानक के उच्चतम स्तर को बनाए रखें और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही देखकर शपथ आयुक्त को तत्काल पदमुक्त कर दें। कोर्ट ने आगे कहा कि इस विषय में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी सूचित किया गया था, लेकिन इस दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया। वर्तमान मामले को देखते हुए उनके द्वारा उचित हलफनामा दाखिल करना सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान मामले में शपथ आयुक्त कमलेश सिंह द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करते हुए कोर्ट ने कहा कि उन्हें पता था कि शपथकर्ता ने हलफनामे पर हस्ताक्षर नहीं किया, फिर भी उन्होंने इसका निष्पादन कर दिया।

इस प्रक्रिया में अभिसाक्षी को शपथ आयुक्त के समक्ष उपस्थित होने, शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता होती है, फिर शपथ पत्र पर शपथ ली जाती है। शपथ आयुक्त की मोहर और हस्ताक्षर लगाए जाते हैं, लेकिन मौजूदा मामले में शपथ आयुक्त ने अधिवक्ता के लिपिक पर विश्वास करके शपथपत्र को अभिसाक्षी के हस्ताक्षर बिना निष्पादित कर दिया, इसलिए इस कृत्य को कोर्ट के साथ धोखाधड़ी माना जाएगा। अंत में कोर्ट ने शपथ आयुक्त को पद से हटाने के निर्देश के साथ दाखिल पूरक हलफनामे पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस के पहिए के पास लगी आग

रामनगर, बाराबंकी


ट्रेन के पहिए की आग बुझाता कर्मी।

**अमृत विचार :** गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में बुधवार को ब्रेक बाइंडिंग के चलते नीचे पहिया के पास आग लग गई। आनन-फानन में ट्रेन को चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर रोका गया। करीब एक घंटा तक चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी रही। इस दौरान यात्री परेशान रहे। लोको पायलट और गार्ड द्वारा आग बुझायी गयी। इसके बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हो सकी।

बुधवार को गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एल्गिन ब्रिज के निकट पहुंची तो गाड़ी में नीचे से धुआं उठने की जानकारी हुई। इस बात की जानकारी मिलते ही गार्ड और लोको पायलटों ने उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका। इसके बाद नीचे पहिया के पास लगी हुई आग को अग्निशमन यंत्र से बुझाया। इसके बाद इंटरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ रवााना की गई। पहिये के पास आग लगने के कारण सुबह 10 बजे रोकी गई ट्रेन आग बुझाने के बाद करीब एक घंटा बाद गंतव्य के लिए रवाना हो सकी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यवसायी की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी। अमृत विचार :** कस्बा के कोठी वार्ड में पड़ने वाले यादव टोला के निवासी त्रिभुवन पुत्र बद्री विशाल कश्यप की सुबेहा तिराहे पर बीज भंडार की दुकान है। मंगलवार को भी वह घर से दुकान आये थे। रात में पत्नी कंचन द्वारा फोन करने फोन नहीं उठा तो अनहोनी की आशंका के चलते इसकी सूचना अपने जेठ किशन कश्यप को दी। परिवार के लोग तलाश कर ही रहे थे कि तभी किशन के मोबाइल फोन पर कॉल आयी कि तुम्हारा भाई त्रिभुवन लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर तुम्हारे पालेसर के बाहर पड़ा तड़प रहा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने त्रिभुवन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने त्रिभुवन को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश ने बताया कि मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है।

# पीएल पुनिया ने बूथ अध्यक्षों को दिया जीत का मंत्र

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


सम्मेलन में मौजूद पूर्व सांसद पीएल पुनिया, रामसागर रावत व अन्य पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के पक्ष में पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने बुधवार को पूर्व सांसद रामसागर रावत, पूर्व विधायक राम मगन रावत के साथ हैदरगढ के एक लॉन में हैदरगढ़ के बूथ अध्यक्षों की कार्यशाला मे शिरकत की और उन्हें चुनाव में ऐतिहासिक जीत के गुरु मंत्र दिये।

पूर्व सांसद पुनिया ने कहा कि पिछले 10 वर्षो की मोदी सरकार ने इस देश की जनता को झूठ और फरेब के अलाव कुछ नहीं दिया। देश में फैली बेरोजगारी, महंगाई, अराजकता, भ्रष्टाचार, पर न तो प्रधानमंत्री न ही कोई भाजपाई नेता अपना मुंह खोल रहा है। आज संसदीय क्षेत्र बाराबंकी ही नहीं पूरे देश में इंडिया गठबन्धन की आंधी चल रही है। हार के डर से भाजपा नेताओ की भाषा बदल गयी है। पूर्व सांसद राम सागर रावत व पूर्व विधायक राममगन रावत ने कहा कि भाजपा सरकार में देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। देश का अन्नदाता परेशान है, नौजवान डिग्री लेकर सडक पर घूम रहा है। भाजपा सरकार को आम जनता की परेशानियो से कोई लेना देना नही है।

### किसान विरोधी है भाजपा सरकार :तनुज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने बुधवार को रामनगर की न्याय पंचायतों में जनसंपर्क किया। उनके साथ रामनगर के सपा विधायक के पुत्र फैजान किदवाई भी मौजूद रहे। इस दौरान तनुज पुनिया ने कहा कि देश की मोदी सरकार ने किसानों के आन्दोलन को कुचला। किसान विरोधी सरकार को विदा करने का वक्त आ गया है।

### तमंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सतरिख, बाराबंकी :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को एक अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। सतरिख थाना क्षेत्र करौदी कला मोड़ के पास उपनिरीक्षक गजेंद्र सिंह खरवार, आरक्षी राधेश्याम नागर, मिथिलेश यादव व सुनील यादव के द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर करौंदी गांव की ओर भागने लगा, पुलिस ने पीछा कर उसको दौड़कर पकड़ लिया, और उसकी जामा तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी राधेश्याम, निवासी नेवली थाना सतरिख को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है।

# वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वसूले तीन करोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**पूर्व विधायक की बेटी से दरिंदगी का मामला**

- सोमवार को बैंक गई पीड़िता को आरोपी ने धमकाया
- इस दौरान पीड़िता बहन की साथ थी तो खुला मामला

**अमृत विचार :** अमरोहा जिले के पूर्व विधायक की बेटी से पांच वर्ष तक दुष्कर्म और ब्लैकमेल कर तीन करोड़ रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। आरोपी ने उसे डरा-धमकाकर फ्लैट भी ले लिया और अब जमीन, पेट्रोल पंप भी अपने नाम कराने के लिए दबाव बना रहा था। इसके बाद पीड़िता एसएसपी से मिली और मंगलवार को उसने सिविल लाइंस थाने में यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया। एफआईआर में आरोपी आसिफ अली उर्फ शिबली चौधरी, उसके भाई विक्की चौधरी, भाभी फरहाना और भतीजे फहत को नामजद किया है। आरोपी आसिफ अली सपा नेता बताया जा रहा है।

पीड़िता ने बताया कि 6 मई 2024 दोपहर एक बजे वह अपनी बहन एवं ड्राइवर के साथ बैंक गई थी। बैंक से बाहर निकलने पर उसे आरोपी आसिफ अली बेटे फहत के साथ मिल गया। फहत उसके ड्राइवर पर लाइसेंसी रिवाल्वर तानकर उसे धमका रहा था। पीड़िता ने विरोध किया तो उसने चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दी।

पीड़िता का आरोप है कि आसिफ अली उर्फ शिबली चौधरी, निवासी सी-131 जिगर कालोनी, मुरादाबाद उसे वर्ष 2019 से परेशान कर रहा है। आरोपी उसके बीमार पिता की देखभाल करता था। वह अपने बीमार पिता की देखभाल को आई थी। उसी दौरान उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया था। बेहोश होने पर उसके साथ उसने दुष्कर्म कर न्यूड तस्वीरें खींच ली थीं। वह होश में आई तो उसे गलत होने का अहसास हुआ। उसने विरोध जताया। जिस पर आरोपी ने उस पर रिवाल्वर तानकर जान से मारने और न्यूड तस्वीरों को वायरल करने की धमकी दी। ऐसे में वह चुप हो गई और उसी के बाद से वह उसे ब्लैकमेल कर लगातार दुष्कर्म करता रहा। इस बीच उसने पीड़िता से तीन करोड़ रुपये वसूल लिए और सुपर टेक में एक फ्लैट भी ले लिया। फ्लैट के लिए भी आरोपी ने उसी से रुपये लिए थे। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि पीड़िता का आरोप है कि 2019 से आरोपी उसका यौन उत्पीड़न कर रहा है और तीन करोड़ रुपये भी वसूल लिए हैं। एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मै **सुशीला पत्नी हरिशंकर, निवासी- बाल गोविंदपुरवा, ठाकुरपुर, जनपद-गोण्डा,** मेरे पति हरिशंकर गोस्वामी की पॉलिसी में पॉलिसी धारक का नाम शांति देवी गलती से लिखा हुआ है जबकि अधार और बैंक पास बुक मे सुशीला अंकित है जिसका पालसी संख्या 276568200 है। सुशीला एवं शांति देवी उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं हैं। अतः अब मुझे मेरे दस्तावेजों के आधार पर जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मै **सुशीला पत्नी हरिशंकर, निवासी- बाल गोविंदपुरवा, ठाकुरपुर, जनपद-गोण्डा,** मेरे पति हरिशंकर गोस्वामी की पॉलिसी संख्या 276569197 में मेरा नाम शांति देवी अंकित हैं जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा बैंक पासबुक में मेरा नाम सुशीला पत्नी हरिशंकर अंकित है। सुशीला एवं शांति देवी उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं हैं। अतः अब मुझे मेरे दस्तावेजों के आधार पर जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मै बिन्दादीन उर्फ बिन्दा प्रसाद पुत्र श्रीकृष्ण, निवासी-ग्राम खेशुआ पाटन, उन्नाव, मेरे डाकघर के किसान विकास पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश बिन्दा प्रसाद पुत्र केशन अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बिन्दादीन पुत्र श्रीकृष्ण अंकित है। बिन्दादीन और बिन्दा प्रसाद दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं खुशनाज उर्फ खूशबू बिना किसी जोर दबाव के अपना धर्म इस्लाम को त्याग कर हिंदू धर्म स्वीकार करती हूं। मैं सुखदेव के साथ बतौर पत्नी रह रही हूं। **- खुशनाज उर्फ खुशबू, निवासी- बभनी सिद्धार्थनगर, हालपता- मंगराकोहल बलदेवनगर, बलरामपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **अलीशा गौतम पुत्री राम जीवन गौतम, निवासिनी- सेक्टर एम-1,-210 एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ,** 226012, मेरी हाईस्कूल की मूल मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गयी है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **कमलेश पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम शेखनपुर उर्फ मखदूमपुर परगना तहसील व कोतवाली डलमऊ जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा पुत्र बृजेश कुमार मेरे कहने में नहीं है और आए दिन झगड़ा करता है। मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से अपने पुत्र बृजेश कुमार को बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किसी भी प्रकार के किए गए कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे श्वसुर रामप्रकाश तिवारी (85) पुत्र राम कुमार तिवारी, निवासी-ग्राम-आदिलपुर, मिल्कीपुर, अयोध्या की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती है। वो काफी वृद्ध हो चुके हैं, उनकी सोचने समझने की क्षमता क्षीण हो चुकी है। ऐसी स्थिति में यदि उनसे कोई लेन-देन, बैनामा, वसीयतनामा, गोदनामा या अन्य लेख के माध्यम से कोई आराजी या संपत्ति क्रय-विक्रय की जाती है तो वह अमान्य व निराधार माना जाये। **- रेनू पत्नी स्वर्गीय बृजकिशोर तिवारी, निवासी- ग्राम आदिलपुर, थाना इनायत नगर, मिल्कीपुर, अयोध्या।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **राजू पुत्र पप्पू निवासी - गणेशपुर चिनहट लखनऊ** का हूँ। मेरे पिता के पैसों से एक भूखण्ड खसरा सं0 140 स्थित ग्राम गणेशपुर रहमानपुरी चिनहट में क्रय किया गया था जिसमें मेरेव मेरे 2 छोटे भाई-बहन भी साथ रहते है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल वाद सं0 - 1656/2 सिविल जज सी0डि0 में विचाराधीन है। अतः उक्त सम्पत्ति क्रय विक्रय की जाएगी तो नियम विरुद्ध होगा।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जमीन का पुराना बैनामा जिसका मौजा नकहा नं0- 1, आराजी नं0- 368 और खाता नं0- 1699 जो दिनांक 19/12/1997 को बही संख्या 1, जिल्द संख्या 3627, पृष्ठ संख्या 200 से 202 तक दस्तावेज क्रमांक 5041 पर उपनिबंधक कार्यालय सदर गोरखपुर के यहां रजिस्ट्री हुआ था, जो वास्तव में दिनांक 30/04/2024 को कहीं खो गया है। **-बादामी देवी पत्नी रामसरन सिंह, निवासी-ग्राम गोधवल, पोस्ट- पिपरपाती, थाना -श्यामदेउरवा, जिला- महराजगंज**

## एक नजर

### पंचायत भवन का ताला तोड़ चोरों ने सामान किया पार

अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पंचायत भवन का ताला तोड़ चोरों ने सीसीटीवी कैमरा समेत हजारों रुपए कीमत का सामान पार कर दिया। ग्राम प्रधान ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। बता दें कि बेवाना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगदीशपुर मुस्लिम के ग्राम प्रधान गंगा प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव स्थित पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरों ने कंप्यूटर, इन्वर्टर सेट, पंखा व चार सीसीटीवी कैमरा पार कर दिया। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

### पुलिस ने युवक को चाकू के साथ किया गिरफ्तार

मालीपुर, अंबेडकरनगर। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना अध्यक्ष मालीपुर शिवांगी त्रिपाठी के नेतृत्व में उप निरीक्षक विनोद कुमार पांडे, हेड कांस्टेबल हरिश्चंद्र चौधरी और बृजेश कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बहद कालेपुर महुवल बंनवा पुलिया के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम जितेंद्र कुमार उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कालेपुर महुवल थाना मालीपुर बताया है। गिरफ्तार अभियुक्त की तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध चाकू पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मालीपुर थाने में आर्म एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया गया है।

### स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित

अंबेडकरनगर। अमृत विचार। अकबरपुर के मीरानपुर स्थित संयुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। शाहिद कमर ने कहा कि प्रत्येक बुधवार व शनिवार को स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित टीकाकरण अभियान चलता है। इसमें छह वर्ष तक के बच्चों के साथ ही गर्भवती को भी टीका लगाया जाता है। मलेरिया, टीवी, निमोनिया, खसरा समेत कई अन्य प्रकार की बीमारियों से बचाने के लिए शत-प्रतिशत टीकाकरण जरूरी है। स्वास्थ्य कर्मचारियों की जिम्मेदारी है की वह गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दें।

### चोरियों का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में पिछले महीने में शादी वाले घरों में हुई ताबड़तोड़ चोरियों का खुलासा करने में पुलिस आज भी नाकाम रही है। पिछले महीने में हिलालपुर, माजीसा, कहरासुलेमपुर, भौसिमपुर गांव में विभिन्न घरों से चोरों ने लाखों रुपए के जेवर और नगदी पर हाथ साफ कर दिया था। पीड़ित परिवारों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया लेकिन आज तक पुलिस एक भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। वहीं पीड़ित परिवार जिनका लाखों रुपए का नुकसान हुआ है आज भी सदमे में है। लेकिन पुलिस तहरीर लेकर अपने कर्तव्यों से इति श्री कर ली और एक भी खुलासा करने में नाकाम रही है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद है।

### शिविर में योग करने की दी सलाह

अंबेडकरनगर। अमृत विचार। अकबरपुर नगर स्थित राजकीय उद्यान पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षक सतीश कुमार ने कहा कि भागदौड़ की जिंदगी में कई प्रकार के तनाव हो जाते हैं। जिससे शुगर, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां पैदा होती हैं। ऐसे में यदि नियमित योग किया जाए तो कई बीमारियों से शरीर मुक्त होता है। सभी को नियमित रूप से योग करने की सलाह दी गई।

# अपर जिला जज ने निरीक्षण कर बंदियों का जाना हाल

▶▶ अपर जिला जज ने बंदियों को हक के बारे में किया जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



बंदियों को जागरूक करते अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता।



जिला कारागार के अस्पताल का निरीक्षण करते अपर जिला जज।

**अमृत विचार।** जिला जज अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम सुलीन सिंह के निर्देश पर बुधवार को जिला कारागार में प्ली बारगेनिंग विषय पर अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज ने जिला कारागार का निरीक्षण कर अस्पताल में भर्ती बंदियों से उनका हालचाल जाना। विधिक साक्षरता शिविर में छोटोलाल सरोज डिप्टी जेलर, सूर्यभान सरोज डिप्टी जेलर, जिला कारागार राजेश कुमार तिवारी, डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल और कारागार के कर्मचारियों और बन्दियों ने प्रतिभाग किया।

शिविर को संबोधित करते हुए अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने प्ली बारगेनिंग विषय पर कहा कि भारतीय संसद ने दंड प्रक्रिया संहिता में संशोधन अधिनियम 2/2006 द्वारा एक नया अध्याय 21ए धारा 265-ए से 265-एल प्ली बारगेनिंग नामक शीर्षक जोड़कर दांडिक अभियोजन व पीड़ित पक्ष आपसी सामंजस्य से मामले के निपटारे के लिए न्यायालय के अनुमोदन से एक रास्ता निकालते हैं। जिसके तहत अभियुक्त द्वारा अपराध स्वीकृति पर उसे हल्के दंड से दंडित किया जाता है, जो अन्यथा कठोर हो सकता है। प्ली बारगेनिंग समझौते का एक तरीका है। इसके तहत अभियुक्त कम सजा के बदले में अपने द्वारा किए गए अपराध को स्वीकार करके और पीड़ित व्यक्ति को हुए नुकसान और मुकदमें के दौरान हुए खर्चे की क्षतिपूर्ति करके कठोर सजा से बच सकता है।

**न्यायालय पक्षों को देगा समय**

प्ली बारगेनिंग केवल उन अपराधों पर लागू होता है जिनके लिए कानून में सात वर्ष तक सजा का प्राविधान है। यदि अभियुक्त उसी अपराध में पूर्व में सिद्धदोष हुआ हो तो वह प्ली बारगेनिंग के लिए अयोग्य होगा। आवेदन प्राप्त होने के पश्चात न्यायालय लोक अभियोजक पीड़ित और अनुसंधानकर्ता अधिकारी को न्यायालय में उपस्थित रहने के लिए नोटिस जारी करेगा। न्यायालय उक्त पक्षों को आपसी संतोषजनक हल निकालने के लिये समय देगा।

# अधिकारी लोकसभा चुनाव के लिए दिए गए दायित्वों को करें पूरा : प्रेक्षक

## सामान्य प्रेक्षक ने चुनाव की तैयारियों को लेकर जिम्मेदार अफसरों के साथ की बैठक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक करते सामान्य प्रेक्षक सुहर्ष भगत व साथ में जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सामान्य प्रेक्षक सुहर्ष भगत और जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए अब तक की गई तैयारी के संबंध में बिंदुवार अवगत कराया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता ने लोकसभा चुनाव 55 अंबेडकरनगर के बारे में प्रेक्षक को सामान्य जानकारी दी। इसके उपरांत प्रभारी अधिकारियों द्वारा दिए गए दायित्व के बारे में की गई तैयारियों से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं को बारे में बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने द्वारा लोकसभा चुनाव में लगाए गए कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वीप कार्यक्रम के द्वारा जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए गए जन जागरूकता कार्यक्रम और अन्य बिंदुओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

इसके उपरांत समस्त उप जिलाधिकारी द्वारा अपने-अपने विधानसभा में की गई तैयारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और साथ ही साथ प्रभारी अधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, डीसी मनरेगा, वरिष्ठ कोषाधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बंदोबस्त अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य प्रभारी अधिकारियों द्वारा अब तक की तैयारी के संबंध में बताया गया। समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दिए गए दायित्तों को समय के अंतर्गत पूरा करें। जिससे 25 मई को निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल रूप से चुनाव संपन्न कराया जा सके।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# मारपीट के मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के खरूवांव गांव में दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों के चलने से दो लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक पक्ष के अरविंद दुबे ने आरोप लगाया है कि गत दिवस वह अन्यत्र जगह से होकर बाइक से घर जा रहा था, इसी बीच गांव के रास्ते में घात लगाए बैठे लाठी-डंडों से लैस विपक्षी सुरेंद्र, अरुण और अनिल पीड़ित पर हमलावर हो गए। जिससे वह घायल हो गया। वहीं पीड़ित की बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। दूसरे पक्ष के अनिल दुबे का आरोप है कि गत दिवस बोलेरो वाहन से आ रहा विपक्षी अरविंद रास्ते में पीड़ित की गाय की पूंछ पर वाहन को चढ़ा दिया। पुरानी रंजिश को लेकर जानबूझकर विपक्षी द्वारा किए गए कृत्य का जब पीड़ित पक्ष द्वारा विरोध किया जाने लगा तब अरविंद और पंकज पीड़ित को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# नकब लगाकर चोरों ने उड़ाए नकदी-जेवरात

जलालपुर, अंबेडकरनगर।



नकब लगाकर चोरी की घटना को दिया गया अंजाम।

**अमृत विचार।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी बीच पुनः बीती रात चोरों ने बेटी के निकाह की तैयारियों मे जुटे परिवार के घर में नकब लगाकर हजारों रुपए की नकदी समेत आभूषण चुराकर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग किया है।

बता दें कि मंगलवार की रात सम्मनपुर थाना क्षेत्र की कटघर मूसा गांव निवासिनी विधवा हसीना खातून ने अपनी दोनों बेटियों के साथ खाना खाकर सो रही थी। इसी बीच रात में किसी समय चोर घर की दीवार में नकब लगाकर कमरे में घुस गए और कमरे के अंदर ट्रंक में रखा बिटिया के शादी का जेवरात जिसमें दो पायल, सोने की अंगूठी, झुमका और नाक की कील समेत दस हजार रुपए नगद और छोटी बेटी के गुल्लक में रखा करीब सात हजार रुपया पार कर दिया। चोरों ने घटना को अंजाम देने के बाद घर के बाहर खेत में बैग में रखा कपड़ा फेंक दिया। सुबह होने पर इसकी जानकारी जब हुई तो वह सन्न रह गई। वहीं नौ माह पूर्व उनके पति की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है। बड़ा बेटा बशीर मुंबई में रहकर लेबर का काम करता है। इसी वर्ष नवम्बर माह में बेटी की शादी की तैयारी चल रही थी। पीड़िता का कहना है की चोरी से उनका लगभग 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। क्षेत्र मे लगातार हो चोरी की घटनाओं से लोग आहत है, इससे पूर्व भी कई चोरी की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। लेकिन आजतक उन घटनाओं का खुलासा करने मे पुलिस नाकाम रही है, जिससे लोग दहशत में है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया तहरीर मिली है और जांच की जा रही है।

# प्रेमी ने हाईटेंशन पोल पर चढ़ कर किया ड्रामा

▶▶ पोल पर चढ़ने की सूचना पर हड़कंप, युवक को पोल से उतारने के लिए करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के अहिरौली थाने पर कई दिनों से बैठाया गया युवक थाने से भाग कर हाईटेंशन तार के पोल पर चढ़ गया। करीब चार घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद युवक को पुलिस ने नीचे उतारा। इस दौरान नीचे उसकी प्रेमिका उसे मनाने में लगी रही। पुलिस को युवक को उतारने के लिए घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आरोप है कि युवक को पुलिस ने तीन दिनों से अहिरौली थाने में बैठाए रखा था।

बता दें कि अहिरौली थाना क्षेत्र के दरबन गांव निवासी अंकुश गुप्ता इसी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से प्रेम करता था। युवती के पिता से प्रेमी युवक का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। युवती के पिता की सूचना पर पुलिस युवक को पकड़ कर थाने ले गई और तीन दिन तक हिरासत में रखा। बताया जाता है कि युवक शौच करने के बहाने थाने से भाग गया और कुछ दूर पर दरबन गांव के बगल स्थित हाईटेंशन तार के पोल पर चढ़ गया। युवक के थाने से भागकर पोल पर चढने की सूचना पर हड़कंप मच गया और थानाध्यक्ष विवेक वर्मा सीओ तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय मौके पर पंहुच गए। युवक को पोल से उतरने की कोशिश करने लगे, लेकिन युवक मीडिया को बुलाने पर अड़ा रहा। मीडियाकर्मियों के पहुंचने के बाद युवक पोल से उतरा।

युवक ने बताया कि वह एक लड़की से प्रेम करता था और उससे शिव बाबा में शादी भी कर लिया है। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने उसे तीन दिन से हिरासत में रखा था। पुलिस कुछ खाने को नहीं देती और टॉर्चर करती थी, जिससे वह थाने से भागकर पोल पर चढ़ गया।

अहिरौली थाना क्षेत्र के रामभवन यादव ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी पुत्री को अंकुश गुप्ता द्वारा भगाने के मामले में तहरीर दिया था। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर युवती को बरामद कर लिया गया था। बुधवार को आरोपी अंकुश गुप्ता द्वारा आपत्ति की जा रही थी कि उसके विरूद्ध विधिक कार्रवाई न की जाए और युवती से उसकी शादी करा दी जाए। पुलिस ने युवक को समझा बुझाकर हाईटेंशन पोल से नीचे उतरा है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

-डॉ. कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक

# धोखाधड़ी कर दो लाख 17 हजार रुपये हड़पे

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार:** जालसाजों ने जिला अस्पताल में कार्यरत कर्मचारी के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर सवा दो लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने मामले में मुकदमा दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दे दी है।

बता दें कि जिला अस्पताल के एचआईवी विभाग में परामर्शदाता के तौर पर कार्यरत आलापुर थाना क्षेत्र के चहोड़ा शाहपुर निवासी कमलपति मौर्य ने तहरीर में बताया कि बीते दिनों उनका एटीएम कहीं गिर गया। जिसकी जानकारी उन्हें नहीं हो पाई। इस बीच बैंक खाते से लगातार रकम कटती गई। बैंक पहुंचकर जब तक उन्होंने भुगतान पर रोक लगवाई तब तक उनके बैंक खाते से 2 लाख 17 हजार 765 रुपये कट गए। पीड़ित ने साइबर थाने में तहरीर देकर मामले में मुकदमा दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की छानचीन शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### जांच में आठ उम्मीदवारों के नामांकन निरस्त

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के जांच में आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त कर दिए गए है। जिसमें निर्दलीय और क्षेत्रीय दल के प्रत्याशी शामिल हैं। भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशियों समेत आठ पर्चे वैध पाए गए। बता दें कि छह मई तक कुल 16 निर्दलीय व क्षेत्रीय दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। जिसमें से कमियां मिलने पर आठ उम्मीदवारों के पर्चे निरस्त कर दिए गए हैं। जांच पूरी हुई तो भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडेय, सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा, बसपा प्रत्याशी कमर हयात, पीस पार्टी से शबाना, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से विवेक, मूलनिवासी पार्टी से नीलम, भागीदारी पार्टी से रामनरेश व बहुजन मुक्ति पार्टी के जावेद का पर्चा वैध पाया गया है। इसके अलावा लोग पार्टी से फतेहबहादुर, किसान पार्टी लोकतांत्रिक से अखिलेश कुमार, राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी पी से इंदल, राष्ट्रीय समाजदल आर से श्रीराम, मौलिक अधिकार पार्टी से रामबूझ और निर्दली उम्मीदवार भानुप्रताप, अरविंद व अमरजीत के पर्चे अलग-अलग कमियां मिलने के कारण खारिज कर दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि आठ प्रत्याशियों के पर्चे जांच में वैध पाए गए हैं। इनमें से जो प्रत्याशी इच्छुक होंगे वह नौ मई को प्रक्रिया का पालन कर नाम वापसी कर सकेंगे।

### मेडिकल कॉलेज के उपद्रवी छात्र होंगे निलंबित

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दपुर में छात्रों के दो गुटों के बीच हुई भिड़ंत में कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को चिंहित कर लिया है। इन छात्रों को दो से तीन माह के लिए निलंबित करने की तैयारी है। बता दें कि मेडिकल कॉलेज में बीते शनिवार और रविवार रात को जमकर हंगामा हुआ था। जिसमें पुलिस ने दो छात्र गुटों की ओर से अलग-अलग मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूरे प्रकरण को लेकर मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा गठित जांच टीम ने दोनों गुटों के एक दर्जन से अधिक छात्रों को चिहिनत कर लिया है, अब इन पर कार्रवाई की तैयारी है। इन सभी छात्रों को दो से तीन माह के लिए निलंबित किया जाएगा। उधर छात्रों ने नेशनल मेडिकल काउंसिल की एंटी रैगिंग कमेटी से भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। कमेटी ने भी जवाब व कार्रवाई का ब्योरा मांगा है।

### खुले तार की चपेट में आने से युवक की मौत

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। टांडा थाना क्षेत्र के अजमेरी बादशाहपुर में खेत में लगाए गए खुले तार की चपेट में आने से एक 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। बता दें कि टांडा थाना क्षेत्र के अजमेरी बादशाहपुर गांव में आलोक उर्फ पप्पू माली द्वारा अपने केले की खेती को छुट्टा पशुओं से बचाने के उद्देश्य से लापरवाही पूर्वक बिजली का तार लगाया हुआ था। जो खेत के चारों तरफ जमीन पर भी लगा हुआ था। बताया जाता कि गांव के पुरवा बसावनपुर निवासी 24 वर्षीय पवन कुमार यादव पुत्र श्रीराम यादव शौच के लिए खेत में गया था। वहां बिजली के तार की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई रंगतलाल की तहरीर पर पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा कर उसकी तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक टांडा दीपक रघुवंशी ने बताया कि मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रहा है।

### छह कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अंबेडकरनगर। अमृत विचार। थाना हंसवर पुलिस टीम ने छह जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना हंसवर पुलिस टीम ने अभियुक्त सारिक पुत्र स्व. मोहम्मद शाहिद निवासी ग्राम हंसवर चौक थाना हंसवर को रंघेय राघव स्कूल से हंसवर मार्ग से छह जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर यायालय के समक्ष पेस कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक दयाशंकर मिश्रा, कांस्टेबल अनिल यादव, कांस्टेबल सत्येन्द्र यादव शामिल रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। बाहर से ताला बंद कमरे में 35 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता शव पाया गया। युवक की मौत की सूचना पर सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुची पुलिस शव को अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना कोतवाली जलालपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा शाहपुर फिरोजपुर के मजरे मलिकपुर छितूनी पुरवे की है, जहां पर चंद्रशेखर पुत्र अनारे उम्र 35 वर्ष की ताला बंद कमरे में फांसी के फंदे से लटका शव बुधवार को मिला। ग्रामीण घर के ऊपर लगे करकट को हटाकर अंदर घुसे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्म के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना को लेकर क्षेत्र में जहां तरह-तरह की चर्चाएं हैं। वहीं पर मृतक के माता-पिता ने पत्नी व प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है। मौके पर मृतक की पत्नी अपने जीजा के पास गयी हुई थी। ग्राम प्रधान शैलेंद्र कुमार यादव समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### सीएमओ ने अनुपस्थित कर्मियों का काटा वेतन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटेहरी के निरीक्षण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार को चिकित्सकों और कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही मिली। निरीक्षण के दौरान एक चिकित्सक और सात अन्य कर्मचारी अनुपस्थित मिले। छह कर्मचारियों का एक दिन का वेतन जबकि संविदा चिकित्सक और एक संविदा कर्मचारी का एक दिन का मानदेय काटने, दो का मानदेय, छह का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश देते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। बता दें कि सीएमओ और डिप्टी सीएमओ डॉ. आशुतोष ने सीएचसी कटेहरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया तो संविदा चिकित्सक डॉ. मुकेश गौतम अनुपस्थित मिले। वहीं संविदा कर्मी धनेश कुमार भी नदारद रहे। हेल्थ सुपरवाइजर अवधेश कुमार शर्मा, स्टाफ नर्स वंदना वर्मा व अजू वर्मा, सुपरवाइजर दिनेश कुमार, कार्यालय सहायक खुर्शीद आलम व स्वीपर बदरे आलम भी अनुपस्थित मिले। जिस पर सीएमओ ने चिकित्सक व एक संबिदा कर्मचारी का मानदेय व छह कर्मचारी का वेतन काटने का निर्देश देते हुए स्पष्टीकरण मांगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम सुलीन सिंह के आदेशानुसार 13 जुलाई को जनपद न्यायालय अंबेडकरनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में लघु प्रकृति के फौजदारी बाद, एनआई एक्ट की धारा 138ए भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, वैवाहिक और पारिवारिक वाद, दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना व प्रतिकर वाद, विद्युत अधिनियम से संबन्धित वाद, श्रम वाद और भूमि अध्याप्ति या राजस्व वाद, ऋण वाद आदि सहित अन्य प्रकार के मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारण किया जाएगा। अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के कम में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक प्री-लिटिगेशन मामलों को सुलह समझौता के माध्यम से निपटा सकते हैं ।

**अनदेखी** — जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते किराए के भवन में संचालित आयुर्वेद चिकित्सालय में नहीं हैं समुचित सुविधाएं

# समस्याओं से जूझ रहा अस्पताल, कैसे मिले मरीजों को इलाज

जलालपुर, अंबेडकरनगर।



दीवार पर लगा आयुर्वेद चिकित्सालय का बोर्ड।



आयुर्वेद चिकित्सालय में मौजूद चिकित्सक डॉ. सजय सिंह।

**अमृत विचार।** शासन प्रशासन की उदासीनता की चलते आयुर्वेद चिकित्सालय को ठौर नहीं मिल पा रहा है, जो आज तक किराए के मकान में चलने को मजबूर है। जिससे मरीजों को उचित उपचार नहीं मिल पा रही हैं।

सरकार द्वारा मरीजों को उचित इलाज के लिए एलोपैथिक, होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक अस्पतालों को चलाया जा रहा है। जहां सरकार एलोपैथिक अस्पतालों को बढ़ावा देने के लिए लाखों लाख रुपए महीने खर्च कर अच्छा अस्पताल और अच्छे चिकित्सक की नियुक्ति करती है, वहीं जलालपुर नगर स्थित आयुर्वेद चिकित्सालय विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है। जिससे मरीजों को उचित उपचार मिलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि नगर स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय अपने एक अदद भवन के लिए दशकों से तरस रहा है, जिसको आज तक अपना भवन नसीब नहीं हो सका है और दशकों से किराए के मकान में चल रहा है। अस्पताल में एक डॉक्टर और एक फार्मासिस्ट तैनात हैं, इसके अलावा अन्य कोई नहीं है। आज जब नगर के रामगढ़ रोड स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय का अमृत विचार की टीम ने पड़ताल किया तो वहां बहुत ही खामियां नजर आई। मौके पर डॉक्टर संजय सिंह और फार्मासिस्ट राम सुरेश मौजूद मिले। लेकिन एक भी मरीज मौजूद नहीं रहे।

**अस्पताल को खोजना आसान नहीं**

अगर कोई मरीज आयुर्वेदिक अस्पताल जाना चाहता है तो उसको अस्पताल को खोजने में ही काफी समय व्यतीत हो जाएगा। जिसको खोज पाना ही मरीजों के लिए आसान नहीं रहेगा। यह अस्पताल रामगढ़ रोड पर एक निजी मकान में चल रहा है, जहां किनारे दिवार पर एक बोर्ड लगा हुआ है, जो लोगों को आसानी से दिखाई भी नहीं पड़ेगा। देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि यह अस्पताल सिर्फ दिखाने के लिए चल रहा है। यहां पर संसाधन के लिए कुछ उपलब्ध नहीं है। मौके पर बिजली न होने से अस्पताल में अंधेरा पसरा रहा। अस्पताल में न तो लाइट की व्यवस्था रही और न ही पंखे चल रहे थे। यहां सिर्फ बिजली का ही भरोसा है।

"अभी तक 31 मरीज का उपचार हो चुका है और स्थाई अस्पताल के लिए मित्तूपुर रोड पर जमीन की तलाश हो चुकी है। कुछ माह बाद आयुर्वेदिक अस्पताल के भवन का निर्माण शुरू हो जाएगा।" -डॉ. संजय सिंह

# जिला अस्पताल में जल्द शुरू होगी पीजी की पढ़ाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** पीजीआई और एम्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटलों की तरह अब जिला अस्पताल को भी जूनियर व सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर मिलेंगे। पोस्ट ग्रेजुएट पीजी की पढ़ाई के साथ ही डॉक्टर मरीजों का इलाज करेंगे। डिप्लोमेट नेशनल बोर्ड डीएनबी के तीन वर्षीय कोर्स के लिए हरी झंडी मिलने के बाद जिला महिला और पुरुष अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन कराया गया है। दोनों ही अस्पतालों के सात विभागों में इस कोर्स की पढ़ाई होगी। इसके लिए जिला अस्पताल प्रशासन से विशेषज्ञों के नाम मांगे गए थे। अस्पताल प्रशासन ने 28 विशेषज्ञ चिकित्सकों के नाम नेशनल मेडिकल काउंसिल को भेजे हैं। शासन ने अब जिला अस्पतालों में भी पीजी की पढ़ाई की व्यवस्था कर दी है। जिसके लिए जिला महिला और पुरुष अस्पताल को डीएनबी कोर्स शुरू कराने की अनुमति मिली है। जल्द ही राज्यस्तरीय टीम मानकों की जांच करके एनएमसी नेशनल मेडिकल कमीशन से अनुमति दिलाकर पीजी की पढ़ाई शुरू कराएगी। डीएनबी की पढ़ाई करने के लिए जूनियर रेजीडेंट व सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर जिला अस्पताल को मिलेंगे। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि डीएनबी कोर्स की पढ़ाई के लिए अस्पताल का चयन हुआ है। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एनएमसी से अनुमति मिलने के बाद कोर्स शुरू कराया जाएगा।

## एक नजर

### रैली के माध्यम से मतदाताओं किया जागरूक

**रुपईडीह, अमृत विचार :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक की ग्राम पंचायत गौसिहा के स्कूली बच्चों ने एडीओ एजी रामवीर सिंह की अगुवाई में रैली निकालकर आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक किया। ग्राम प्रधान रामराज, पंचायत सचिव अजीत कुमार, सफाई कर्मी संदीप कुमार, प्रधानाध्यापक मुकेश वर्मा, बीएलओ बिटाना देवी आदि लोग भी शामिल रही।

### जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में सास-बहू घायल

**इटियाथोक, अमृत विचार :** जमीन विवाद में हुई मारपीट में सास बहू गंभीर रूप से घायल हो गईं। मिश्रौलिया कानूनगो ग्राम पंचायत की रहने वाली गीता चौहान पत्नी लक्ष्मण चौहान का पड़ोस के पप्पू चौहान से विवाद हो गया। आरोप है कि उनके घर पर रखी सीमेंट की चादर को तोड़ने लगे। इस पर गीता चौहान ने मना किया। इसी बात को लेकर पप्पू चौहान और उनके पुत्रों ने गीता चौहान की जमकर पिटाई कर दी। बचाने पहुंची बहू को भी जमकर मारपीटा और धमकी दी। मारपीट में गीता चौहान( 39 ) का सिर फट गया और उनकी बहू रोशनी ( 27 )का पैर टूट गया।

### मादक पदार्थ के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक अक्षय़ कुमार मिश्र क्षेत्र भ्रमण मे रवाना थे कि जेल बाऊड्री के पीछे तोपखाना के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। तलाशी की गयी तो उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ एक किलो से अधिक गांजा बरामद कर किया गया।

# 37.47 लाख वोटर कैसरगंज गोंडा के बनेंगे भाग्य विधाता

## 60 हजार युवा पहली बार करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग




**कैसरगंज लोकसभा**

| मतदान केंद्र | बूथ | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | ट्रांसजेंडर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1263 | 2017 | 1904 726 | 1009379 | 895285 | 62 |

18-19 आयु वर्ग-32813 | 85 वर्ष से ऊपर-13361 | दिव्यांग-18359 मतदाता

**गोंडा लोकसभा**

| मतदान केंद्र | बूथ | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | ट्रांसजेंडर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1155 | 1985 | 1843121 | 988384 | 854668 | 69 |

18-19 आयु वर्ग-27934 | 85 साल से ऊपर-15254 | दिव्यांग- 15045 मतदाता

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** दो लोकसभा क्षेत्र गोंडा और कैसरगंज में 37 लाख 47 हजार 847 मतदाता भाग्य विधाता बनने जा रहे हैं। इनमें 60747 युवा मतदाता पहली बार वोट डालेंगे और समृद्ध लोकतंत्र की उनकी कल्पना साकार होगी। आयोग ने 62019 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे वोट डालने की छूट दी है। उन्हें बूथ तक आने की जरूरत नहीं होगी और घर बैठे ही वोट डाल सकेंगे।

निर्वाचन कार्यालय ने पांचवें चरण में पड़ने वाले वोट को लेकर मतदाताओं की सूची जारी कर दी है। 57 लोकसभा कैसरगंज में कुल 19 लाख 4726 मतदाता हैं। इनमें 10 लाख 9379 पुरुष एवं 8 लाख 95 हजार 285 महिला मतदाता हैं।

**62 हजार बुजुर्ग व दिव्यांग घर बैठे करेंगे मताधिकार का प्रयोग**

62 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।

कैसरगंज में 1306 नौकरी पेशा वाले मतदाता हैं जो बैलेट पेपर के माध्यम से वोट डालेंगे, जबकि 32813 युवा मतदाता हैं जिनकी आयु 18-19 के बीच है। यह पहली बार मतदाता बने हैं। इसी लोकसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से ऊपर के 13361 तथा 18359 दिव्यांग मतदाता हैं। दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को बूथ पर आने की जरूरत नहीं है वे अपने घर पर ही वोट डाल सकेंगे। कैसरगंज के पांच विधानसभा क्षेत्रों में 1263 मतदान केंद्रों पर 2017 बूथों पर वोट डाले जाएंगे।

इसी तरह 59-गोंडा लोकसभा क्षेत्र में कुल 1843121 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 988384 पुरुष व 854668 महिला मतदाता हैं। 69 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इनमें 18-19 आयु वर्ग के 27934 युवा मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। 85 वर्ष से अधिक आयु के 15254 बुजुर्ग तथा 15054 दिव्यांग मतदाता घर बैठे वोट डालेंगे। गोंडा लोकसभा के पांच विधानसभा क्षेत्रों में 1155 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुल 1985 बूथों पर मतदाता वोट डालेंगे।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में चली लाठियां, छह लोग घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में चली लाठी में छह लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर चार महिलाओं समेत आठ लोगों पर केस दर्ज हुआ है। कनकपुर निवासी रामदुलारे ने तहरीर में बताया कि गांव के राजेंदर, लक्ष्मन, लक्ष्मी तथा सुनीता देवी जमीन विवाद को लेकर गाली देने लगे। मना करने पर लाठी-डंडों से पीटा। बीच-बचाव करने दुखना, अंशिका तथा रामकिशुन को भी पीटा। दूसरे पक्ष के राजेंदर ने बताया कि गांव के राम दुलारे, रामकिशुन, दुखना तथा निर्मला देवी उसका छप्पर गिराने लगे। मना करने पर मारने लगे। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांगजनों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

## रेडक्रॉस दिवस पर किया गया आयोजन, कई विद्यालयों के बच्चों ने किया प्रतिभाग

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर डीएम ने बुधवार को रेडक्रास दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। सरयू प्रसाद कन्या इंटर कालेज परिसर से दिव्यांग मतदाताओं व बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली।

जागरूकता रैली स्वीपवाल सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज से लेकर गांधी पार्क, एलबीएस चौराहा, बस स्टॉप होते हुए अदम गोंडवी मैदान तक निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान सभी दिव्यांग जनों ने एक साथ अपने मोटराइज्ड साइकिल पर मेरा गोंडा मेरी शान 20 मई को करें मतदान, डरने की क्या बात है जिला प्रशासन साथ है, का नारा लगाते हुए सभी दिव्यांग जनों ने एक साथ मिल कर लोगों में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पवन कुमार, चंद्रशेखर, सुशील कुमार श्रीवास्तव, राजेश चौधरी, प्राचार्य एलबीएस पीजी कॉलेज रवींद्रद कुमार पांडेय, प्रधानाचार्य फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



मतदाता जागरुकता रैली को रवाना करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

### बिजली नहीं तो मतदान नहीं

**इटियाथोक, अमृत विचारः** ग्राम भोपालपुर व महावत डेरा के नागरिकों ने बिजली न होने की वजह से मतदान के बहिष्कार की घोषणा की है। विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत भोपालपुर के ग्रामवासी कमलेश पासवान, पूनम, गौरीशंकर, मोतीलाल, शालिग्राम, अमृतलाल, रोहित पहलवान, ललिता, अवधेश ने बताया कि रुपईडीह ब्लॉक के भोपालपुर व महावत डेरा मजरे में आज तक बिजली नहीं पहुंच सकी है। यहां काफी समय पहले से ही खंभा व तार खींचे गए हैं। ग्राम वासियों ने बताया कि बिजली न मिलने की वजह से इस बार दोनों मजरे के नागरिक मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे।

# भाजपा प्रत्याशी ने गुरुद्वारा में टेका माथा

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** विधायक अजय सिंह के साथ कैसरगंज संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी करन भूषण सिंह मंगलवार देर शाम गुरुद्वारा पहुंचे जहां मत्था टेका और अरदास लगाई।

भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि पिता और पार्टी से मिले दायित्व का निर्वहन आप लोगों के भरोसे के बल से पूरा हो सकता है। कहा कि वादों को पूरा करने की कोशिश रहेगी। लोगों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। कार्यक्रम के दौरान सरदार जोगिंदर सिंह जानी ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा उन्हें लिखा गया पत्र दिखाया जिसे देखकर करन भूषण सिंह भावुक हो उठे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधायक अजय सिंह ने भी लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस दौरान भाजपा नेता रामजीलाल मोदनवाल, डॉ राजेंद्र सिंह, सरदार केसर सिंह, रमनदीप सिंह, सरदार पृथ्वी पाल सिंह, सरदार जसबीर सिंह, मनोहर सिंह, हरजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह, डॉ पुनीत सिंह, परविंदर सिंह, नवनीत सिंह निक्की, अमन सिंह, लवी सिंह, अभिनव सिंह, डॉ परमेश्वर सिंह, अशोक सिंह, मोहित पाण्डेय, संजय यज्ञसैनी, डीपी सिंह राठौर सहित सिख समुदाय के लोग व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


करनैलगंज के गुरुद्वारा में पहुंचे भाजपा प्रत्याशी करन भूषण सिंह। अमृत विचार

# रिश्तों से अधिक कर्तव्य पालन का मार्ग ही उचित

संवाददाता, परसपुर



**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत लोहंगपुर के सहजौरा शिवनाथ पुरवा में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पंडित विवेकानंद ने कहा जब भी पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ा है तब सज्जनों व धर्म की रक्षा के लिए प्रभु का अवतार होता है। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। प्रवाचक ने कहा कि श्रीकृष्ण कर्म पर ही विश्वास करते हैं। श्रीकृष्ण का जीवन रिश्तों के मायाजाल और मोह-माया के बंधनों से दूर रहने का संदेश देता है। श्रीकृष्ण ईश्वर होकर भी साक्षी भाव से द्रष्टा बने सब स्वीकारते हुए सहज बने रहे। श्री कृष्ण सिखाते हैं जीवन में कितनी भी प्रतिकूल परिस्थिति क्यों न हो, उसका मुकाबला मुस्कराते हुए ही करना चाहिए। श्रीकृष्ण स्त्रियों को मान देने व उनकी रक्षा करने में सदैव अग्रणी रहें हैं। इस अवसर पर नकछेद पाण्डेय, महेश पांडेय, राकेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# गैस एजेंसी वोटरों को कर रही जागरूक

## लोकतंत्र के महाकुंभ में अधिक से अधिक लोगों से मतदान करने की अपील

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** जिला पूर्ति विभाग के अफसर गैस एजेंसी के माध्यम मतदान के लिए मतदाताओं को जागरुक कर रहे हैं। जिले में करीब 72 गैस एजेंसी हैं जो पांच लाख से अधिक उपभोक्ताओं को प्रत्येक माह घरेलू गैस उपलब्ध करा रही हैं। प्रशासन की कोशिश है कि जो घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं के घर पर जा रहा है। उस पर मतदान जागरूकता के स्लोगन का स्टीकर हर हाल में लगे और जब उपभोक्ता के घर पहुंचे तो लोग उसे स्लोगन को पढ़कर मतदान के लिए प्रेरित हो। इसके साथ-साथ जिस वाहन से गैस सिलेंडर जाता है उस पर भी मतदाता जागरूकता को लेकर स्टिकर और बैनर लगाए गए हैं। फिलहाल पूरे जिले में गैस एजेंसी संचालक पूर्ति विभाग के देखरेख में जागरूकता अभियान चला रहे हैं जो वाहन गैस सिलेंडर को लेकर जा रहे हैं उन पर भी बैनर लगाया गया है। जिसमें लिखा गया है पहले मतदान फिर जलपान इन स्लोगन को देखकर मतदाता अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित होगा। पूरे जिले में अभियान चलाया जा रहा है जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि सभी गैस एजेंसी के माध्यम मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है लोकतंत्र के महाकुंभ में अधिक से अधिक लोग मतदान करें इसको लेकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने आम जनमानस से अपील की सभी लोग अपने आसपास के मतदाताओं को आगामी 20 मई को होने वाले मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र सिंह शाहिद सत्यवान गैस एजेंसी के संचालक रणविजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



गैस सिलेंडर के वाहनों पर लगाया गया जागरुकता बैनर। अमृत विचार

# मातृ दिवस पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचारः** मातृ दिवस को लेकर एसडीएस पब्लिक स्कूल पचपुती जगतापुर में विविध रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विद्यालय प्रबंधक ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। गणेश वंदना की प्रस्तुति छात्र अनुराग व अफरोज, हरिओम पाण्डेय की टीम ने किया। छात्रा अंकिता यादव, आशु वर्मा, अनुभवी मिश्रा, पिंकी अंजू आदि ने मदर्स डे पर गीत एवं डांस की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधक सीपी सिंह ने छात्र-छात्राओं की माताओं को अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए सदैव अपने पाल्यों को समय देकर उनका सहयोग एवं मां को बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव के बारे में नाटक का सजीव चित्रण करते हुए दिखाया कि कैसे छोटे छोटे बच्चे मोबाइल पा करके वाट्स, टिक टॉक, इंस्ट्राग्राम, गुगल में फंस कर पढ़ाई की तरफ ध्यान न देकर उसी में लगातार फंसते जा रहे हैं। इस मौके पर निशा शुक्ला, ज्योतिशना, मोनिका दुबे, आंचल, दिव्यांशी मिश्रा, अंतिमा, शिवम पाण्डेय रहीं।

# सीडीपीओ पर केस दर्ज करने का आदेश

## कम खाद्यान्न वितरण करने के मामले में हुई कार्रवाई

संवाददाता, इटियाथोक

**अमृत विचारः** सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व स्वयं सहायता समूह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने का आदेश दिया गया है। ग्राम हरदैंया भटपुरवा के रंजीत गोस्वामी ने न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गोंडा को पत्र देकर अवगत कराया है कि ग्राम हरदैंया भटपुरवा विकास खंड इटियाथोक की आंगनबाड़ी कार्यकत्री कुशल कुमारी व जैनब बानो स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष के माध्यम से दिसंबर 2021 में खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा था। वितरण के समय प्रत्येक लाभार्थी को साढ़े सात किग्रा खाद्य सामग्री दिया जाना प्रस्तावित था, लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकत्री व स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष ने पूरी खाद्य सामग्री न देकर मात्र ढाई किलो के हिसाब से लाभार्थियों को वितरित किया। वितरण के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी से शिकायत की गई। जिस पर सीडीपीओ धर्मेंद्र कुमार गौतम ने मामले में सही कार्यवाही न करते हुए शिकायतकर्ता को धमकाते हुए केस दर्ज करने की बात कही। वहीं उक्त तिथि को कम खाद्यान्न पाने वाले लाभार्थियों ने विरोध कर अधिकारियों से शिकायत की। वर्तमान समय में भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री कत्री व समूह अध्यक्ष पूरे सामानों का वितरण न कर लाभार्थियों को कुछ ही सामान दिया जा रहा है।

सीडीपीओ ने बताया कि सामान का पैसा अधिकारियों को देना पड़ता है। वितरण संबंधी समस्याओं को लेकर जान माल व एससी एसटी एक्ट के केस में फंसाए जाने की धमकी दी जा रही है। न्यायालय मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट नेहा रूंगटा ने थाना अध्यक्ष इटियाथोक को तत्कालीन बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेंद्र गौतम, कुशल कुमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्री व समूह अध्यक्ष के जैनब बानो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने का आदेश दिया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

### मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**रुपईडीह, अमृत विचारः** बुधवार को ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने एडीओ आईएसबी आजम खान के साथ मतदान केंद्र चहुआ का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर रैंप का निर्माण न पूरा होने, बिजली व पानी की आपूर्ति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पंचायत सचिव को शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई कराए जाने का निर्देश दिया। एडीओ आईएसबी आजम खान ने ग्राम पंचायत पुरैनिया, अनंतपुर, रुपईडीह व पचुर्खी मनोहरजोत का भ्रमण किया। 20 मई को होने वाले चुनाव में वोटरों को जागरूक किए जाने के लिए ई-रिक्शा द्वारा प्रचार करने के बारे में जानकारी हासिल की।

# अन्नपूर्णा भवन में राशन न बंटने की जांच शुरू

## जिलापूर्ति अधिकारी ने सभी पूर्ति निरीक्षकों को जांच कर रिपोर्ट देने का दिया निर्देश

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** जिले में 50 से अधिक अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार है। लेकिन इन भवनों में खाद्यान्न वितरण नहीं हो रहा है। डीएसओ ने सभी पूर्ति निरीक्षकों को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। पूर्ति विभाग के इस कदम से कोटेदारों में हड़कंप मच गया है। जिले में 75 गांवों पर अन्नपूर्णा भवन बनाए जाने थे जिनमें से 50 जगह पर अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार भी हो गए। जिनका मुख्यमंत्री ने लोकार्पण भी कर दिया था। इन्हीं भवनों में खाद्यान्न को रखकर राशन कार्ड धारकों को वितरित किया जाना था। लेकिन इसके बावजूद जनपद में खाद्यान्न वितरण अधिकांश अन्नपूर्णा भवन से शुरू नहीं हो पाया है। इन स्थानों के चयन पर यह ध्यान रखना था कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न पहुंचने वाले वाहन इन दुकानों पर जरूर पहुंचे। सरकार के सख्ती के चलते कई दुकानों का निर्माण हो गया जिसका वर्चुअल लोकार्पण भी मुख्यमंत्री ने किया। अन्नपूर्णा भवन में खाद्यान्न न बांटे जाने को लेकर पूर्ति विभाग ने सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। सभी पूर्ति निरीक्षक को जांच करने को कहा गया है। यदि जांच में पाया गया कि भवन पूरी तरीके से तैयार हैं और सारे संसाधन मौजूद हैं। फिर भी खाद्यान्न का वितरण नहीं हो रहा है तो उस कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि सभी कोटेदारों को अन्नपूर्णा भवन में खाद्यान्न रखकर वितरण करने का निर्देश दिया गया था। कई कोटेदार खाद्यान्न का वितरण अन्नपूर्णा भवन से नहीं कर रहे हैं। इसकी जांच के लिए पूर्ति निरीक्षकों को निर्देश दिया गया है।

**इन गांवों में बना है अन्नपूर्णा भवन**

विकासखंड झंझरी के रामनगर तरहर, चकसड़ रूपईडीहा के बिछुड़ी, बेलवाभान बहली जोत मुजेहना विकासखंड में बच्छीपुर, दिनारा, बनकटी सूर्यबली सिंह, रेतवागाड़ा, विकासखंड पंडरी कृपाल में दरियापुर हरदोपट्टी, भटवलिया, परसपुर विकासखंड के चंगेरी, दुल्हापुर तरहर, कर्नलगंज में रामगढ़, अलीपुर गोकुला, मेहर, नकहरा, हलधरमऊ में कलवारी, उमरिया, भगहरिया पूरे मितई, विकासखंड तरबगंज में धौरहरा घाट, पथार, वजीरगंज में रामपुर खरहंटा, बेलसर में पूरेडाल, गंगरौली, नवाबगंज में उमरिया, छपिया में तिरूखा बुजुर्ग, लक्ष्मी नगर ग्रांट, विकासखंड मनकापुर में महेवा नानकर, सिसवा तथा विकासखंड बभनजोत में अलाउद्दीनपुर, करोहा, मन्नीजोत, बड़हरा है।

**कार्यक्रम** बच्चों को एकता, अखंडता व विद्यालय के नियमों का पालन करने की दिलाई गई शपथ

# सेंट जेवियर्स स्कूल में हुआ बैज अलंकरण समारोह

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बैज अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदों पर मनोनीत कर उन्हें बैच प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम के अतिथि विद्यालय के सचिव सुमित दत्ता, एकेडमिक डायरेक्टर अशोक तिवारी व विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ परमिंदर संधू ने चयनित बच्चों को एकता, अखंडता व विद्यालय के नियमों का पालन करने वह अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। बच्चों ने मार्च पास्ट के माध्यम से विभिन्न प्रस्तुति की जो काफी सराहनीय रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मोटिवेशनल गीत व नृत्य की भी शानदार प्रस्तुति की।

अलंकृत होने वाले छात्रों में हेड बॉय विभू पाठक, हेड गर्ल अनुष्का सिंह डिप्टी हेड बॉय प्रफुल कौशल, डिप्टी हेड गर्ल वैष्णवी सिंह, स्पोर्ट्स कैप्टन अदिति सिंह, आस्तिक तिवारी, अनुज पांडेय, कल्चरल कैप्टन अलीशा हयात, आयुष कुमार सिंह, डिसिप्लिन कैप्टन आशुतोष सिंह, श्रद्धा पांडेय, इशिता श्रीवास्तव यश शुक्ला को नियुक्त किया गया।

विद्यालय के एमेरल्ड हाउस कैप्टन इशिता श्रीवास्तव, वाइस कैप्टन शुभांकित को नियुक्त किया गया। टोपाज हाउस कैप्टन वैष्णवी पांडेय वाइस कैप्टन अभिनव सिंह को नियुक्त किया गया। रूबी हाउस कैप्टन अभिनव सिंह, वाइस कैप्टेन आर्दिका त्रिपाठी। शफायर हाउस कैप्टन आदित्य आनंद मिश्रा, वाइस कैप्टन परिधि सिंह को नियुक्त किया गया। समस्त नियुक्त पदाधिकारी को विद्यालय के सचिव व एकेडमिक डायरेक्टर अशोक तिवारी ने मनोनीत छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें अपने जिम्मेदारियां का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने व विद्यालय को प्रगति के पद पर अग्रसर रखने में अपनी अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उक्त अवसर पर विद्यालय के कोऑर्डिनेटर दिवाकर तिवारी, दुर्गेश शुक्ला, मेंटर पूजा मंद्यानी,अनल तिवारी व संगीत अध्यापिका प्रगति त्रिपाठी, शिवानी पांडेय व मो सलमान का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन अना वर्मा, हर्षित ने किया। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ परमिंदर संधू ने सभी का आभार व्यक्त किया।


बैज अलंकरण समारोह में सम्मानित बच्चे व विद्यालय के लोग। अमृत विचार

# छात्रवृत्ति परीक्षाः अमन, काजल का सम्मान

संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचारः** शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित अमन कुमार व काजल पासवान को सम्मानित किया गया।

दोनों बच्चों को भारत सरकार की तरफ से चार वर्षों तक प्रति माह की दर से 48,000/- रुपए प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी मनकापुर ध्रुव जायसवाल आमंत्रित थे किन्तु चुनाव सम्बंधित दायित्वों के कारण कार्यक्रम में शामिल न हो सके। बावजूद इसके बीईओ ने बच्चों की इस सफलता पर स्कूल स्टाफ व बच्चों की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ अकादमिक रिसोर्स पर्सन मनकापुर जय प्रकाश शुक्ला ने बच्चों को चार सौ रुपए व स्टाफ से प्रभावित होकर प्रोत्साहन स्वरूप पांच सौ रूपए नकद पुरस्कार दिया। सम्मान के क्रम में स्कूल के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार भारती ने चयनित बच्चों की सराहना करते हुए उनको इस लायक बनाने वाले शिक्षक व शिक्षिकाओं की सराहना की। प्रतिभा सम्मान के क्रम बच्चों का माल्यार्पण करके मुंह मीठा कराया गया। शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया ने पुरस्कार स्वरूप दोनों बच्चों को स्कूल बैग जिसमें नोटबुक, डिक्शनरी, सामान्य ज्ञान की पुस्तक, पानी की बोतल, फोल्डर, टूथपेस्ट, टूथब्रश, जिब्भी, शैम्पू, साबुन, केक, पटरी, पेन्सिल, रबर, कटर, कलर आदि का सेट था भेंट किया।



कार्यक्रम में सम्मानित बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

## एक नजर

### कोर्ट के आदेश पर टेम्पो चोरी का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, अमृत विचार :** अदालत के आदेश पर थ्री व्हीलर विक्रम के चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। कस्बे के संचरही मोहल्ला निवासी जमीरुद्दीन ने अदालत के आदेश पर दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि उसके पास एक थ्री व्हीलर विक्रम थी। जो कि खराब हालत में थी वह उसे अपने मोहल्ले में कब्रिस्तान के बगल में खड़ी कर दिया था। बीते 15 जनवरी की सुबह उसने देखा कि उसका विक्रम कब्रिस्तान के पास में नहीं है। रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी करके उठा ले जाया गया है।काफी खोजबीन के बाद में भी कोई पता नहीं चल पाया। थाने पर तहरीर देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि अदालत के आदेश पर अज्ञात चोरों के खिलाफ विक्रम चोरी का केस दर्ज कर लिया गया है।

# हाईकोर्ट के आदेश पर हटा अतिक्रमण

## सिटी मजिस्ट्रेट व पुलिस प्रशासन ने राजा मोहल्ला में नाले को कराया कब्जा मुक्त

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के आदेश पर सिटी मजिस्ट्रेट व पुलिस प्रशासन ने राजा मोहल्ला में पहुंचकर नाले से अतिक्रमण हटाया। नगर कोतवाली अंतर्गत राजा मोहल्ला में माली टोला मोहल्ले के बीच स्थित नाले पर अतिक्रमण को लेकर हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। जिस पर हाईकोर्ट ने अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया था।

अतिक्रमण को हटाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, लेखपाल समेत राजस्व की टीम में नगर पालिका की जेसीबी चलाकर अतिक्रमण को हटाया। सुरक्षा को लेकर नगर कोतवाल भी मौके पर पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। स्थानीय लोगों के मुताबिक कुछ लोगों ने अपने रसूख के बलबूते पर नाले को अलग दिशा में मोड़ दिया था, जिससे खाली जगह पर अतिक्रमण कर लिया था। मोहल्ले वासियों ने इसका विरोध किया था और प्रशासन से भी गुहार लगाई थी। लेकिन प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिस पर कुछ लोग हाई कोर्ट की शरण में चले गए थे। हाईकोर्ट के आदेश पर स्थानीय प्रशासन ने अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटवाया।



नाले से हटाया गया अतिक्रमण। अमृत विचार

सिटी मजिस्ट्रेट विजय कुमार शर्मा ने बताया कि हाई कोर्ट के निर्देश के क्रम में नाले से अतिक्रमण हटाया गया है आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी ने फिर से अतिक्रमण किया तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर कोतवाल ने बताया कि अतिक्रमण हटाया गया है सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त फोर्स लगाई गई थी।

# हेलो ! अनुराग तिवारी आपका बेटा ड्रग के साथ पकड़ा गया है

## ऐसे वीडियो कॉल कर खाते में रुपये डालने की मांग कर रहे ठग

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** हेलो आप अनुराग तिवारी जी बोल रहे हैं ...। जी हां आपका बेटा ड्रग के साथ पकड़ा गया है। उसको साथ लेकर कोतवाली जा रहे हैं। बातचीत में लड़का शरीफ घर का लग रहा है। रास्ते में रोककर आपका मोबाइल नंबर लेकर बात कर रहा हूं, यदि आप इसका करियर बचाना चाहते हैं तो फोन मत काटना इसी नंबर पर 45000 रुपए भेज दीजिए। इतना सुनते ही अनुराग सकते में आ गए। ऐसे फोन यदि आपके पास भी आए हैं तो घबराएं नहीं यह ठगी का नया तरीका ठगों ने इजाद किया है।

अनुराग को जब ये वीडियो कॉल मिला तो उनका बेटा घर के बगल लाइब्रेरी में पढ़ रहा था। उन्होंने वहां जाकर देखा तो बैठा है जैसे ही अनुराग ने फोन करने वाले युवक से दोबारा बातचीत करनी चाही तो उसने फोन काट दिया। थोड़ी जागरूकता के चलते अनुराग का तो नुकसान नहीं हुआ। लेकिन यदि किसी के पास ऐसा फोन आए तो तत्काल इसकी शिकायत पुलिस को करें तथा अपने बच्चों से जरूर संपर्क करें। फोन करने वाले के झांसे में आकर अपनी जमा पूंजी गवा न बैठें। अब ठगी का नया ट्रेंड चल रहा है। साइबर ठग मोबाइल फोन से लोगों को ठग रहे हैं। ऐसे में सतर्क रहे हैं और सुरक्षित रहें। अनुराग का कहना है कि इसकी शिकायत पुलिस में करेंगे वहीं नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि ठगी का नया-नया तरीका साइबर लोगों ने बनाया है। हड़बड़ी में आकर ऐसे फोन आने पर परेशान ना हों अपने बच्चे व परिवार के बारे में पता कर लें पुलिस द्वारा ऐसा कोई फोन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह शिकायत मिलेगी तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला अस्पताल में बना वातानुकूलित वार्ड

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार :** गर्मी लगातार पड़ रही है। आमजन परेशान है। अस्पतालों में बुखार, डायरिया के मरीज बढ़ रहे हैं। गर्मी व लू से बचाव के लिए प्रशासन की ओर एडवाइजरी भी जारी की गई है। अस्पतालों में काफी भीड़ जमा हो रही है। गर्मी से बचाव को लेकर जिला महिला अस्पताल के आठ बेड का वातानुकूलित वार्ड बनाया गया है। वार्ड में भर्ती प्रसूताओं को अब उमस भरी गर्मी में दिक्कत नहीं होगी। अस्पताल के पंचम तल पर छह बेड का हीट वेब वार्ड बनाया गया है। प्रतीक्षालय से लेकर बरामदे व वार्डों में 50 पंखे व आठ कूलर लगाए गए हैं। महिला अस्पताल स्थित आयुष्मान वार्ड, प्री डिलीवरी रूम, डिलीवरी रूम समेत आठ वार्डों में एसी लगवाई गई है। पंखा व कूलर का भी प्रबंध किया गया है। हीट वेब वार्ड स्थापित किया गया है। दवाओं की आपूर्ति करने के साथ ही स्टाफ को तैनात किया गया है। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डा. देवेंद्र सिंह ने कहा कि हीट वेब वार्ड बना दिया गया है। इसके अलावा अस्पताल के तीन तल के आठ वार्डों को वातानुकूलित बनाया गया है। गर्मी से बचने के लिए अनावश्यक रूप से धूप में ना निकले लोग तथा सिर को कपड़े से ढंककर ही बाहर निकले। इस दौरान मुख्य फार्मासिस्ट शालिक राम त्रिपाठी उपस्थित रहे।



वातानुकूलित वार्ड का निरीक्षण करते सीएमएस। अमृत विचार

# सड़क किनारे लगे पेड़ काट रहे दबंग

**तरबगंज, अमृत विचार:** वजीरगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर घाट गांव में बालेश्वरगंज दुर्जनपुर घाट मार्ग पर सड़क किनारे लगे हरे पेड़ को दबंगों ने काट कर गिरा दिया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई तो उन्होंने राजस्व और वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। बताते चलें कि इन दोनों दुर्जनपुर घाट क्षेत्र में लकड़ी माफिया सक्रिय हैं। अब तक दर्जनों पेड़ काटे जा चुके हैं। बुधवार को प्रधानमंत्री सड़क के किनारे लगे विशाल गूलर के पेड़ पर इन लकड़ी माफियाओं का आरा तब तक चलता रहा जब तक कि पेड़ धराशायी नहीं हो गया।

# उर्स के अंतिम दिन जायरीनों ने निकाला जुलूस



होलापुर गांव स्थित मीर अली शाह के उर्स में शामिल जायरीन। अमृत विचार

**संवाददाता, नवाबगंज**

**अमृत विचार:** होलापुर गांव स्थित मीर अली शाह के उर्स मेले के तीसरे दिन दरगाह पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। दूर दराज से आए जायरीनों ने चादर चढ़ाकर मत्था टेक कर मुल्क में अमन-चैन खुशहाली और तरक्की की दुआएं मांगी। उर्स मेले के आखिरी दिन असर की नमाज़ अदा करने के बाद कुरैश नगर से संदल कमेटी की निगरानी में गागर का जुलूस आकर्षण का केंद्र रहा। दरगाह पर सूफियाना कलाम और आवाज के जादूगर कव्वाल ताहिर चिश्ती बदायूंनी ने खूबसूरत कलाम पढ़ा। उर्स मेले में मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह के प्रतिनिधि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह समाजवादी पार्टी के पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा अपने समर्थकों के साथ दरगाह पर मत्था टेक कर दुआएं मांगी।

# दूसरे दिन भी वकीलों ने की नारेबाजी

**करनैलगंज, अमृत विचार :** अधिवक्ताओं में राजस्व लिपिक की तरफ से दर्ज कराए गए मुकदमे से रोष है। जिसको लेकर दूसरे दिन भी अधिवक्ता आंदोलित रहे। बुधवार को अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए तहसील के सभी कार्यालयों एवं न्यायालय में ताला बंद कराया। अधिवक्ताओं ने कहा कि नजारत विभाग के लिपिक द्वारा अधिवक्ताओं पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट को वापस नहीं लिया जाता है तो तहसील में संपूर्ण तालाबंदी रहेगी और रजिस्ट्री दफ्तर भी बंद रहेगा। इस मौके पर गोपाल जी तिवारी, ओम प्रकाश यादव, त्रिलोकी नाथ तिवारी, प्रताप बली सिंह, हृदय नारायण मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र रहे।

# मेधावियों का पुरस्कार व शील्ड देकर किया सम्मान

## दयानंद बाल मंदिर उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**संवाददाता, करनैलगंज**

**अमृत विचार :** दयानंद बाल मंदिर उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें हाईस्कूल के मेधावियों को शील्ड व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष रामजी लाल मोदन वाल, प्रबंधक शिवनंदन वैश्य, प्रधानाचार्य अर्चना सक्सेना, उप प्रधानाचार्य कमल किशोर कसेरा ने कार्यक्रम की शुरुआत की।

मेधावी छात्रा इश्मीत कौर, जाह्नवी कौशल, आराध्या शुक्ला आदि ने अपने अनुभव साझा किए। जिले में तीसरा व प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा इशमीत कौर को 5100 रुपये नगद व शील्ड, जिले में पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा जाहनवी कौशल को 2100 नगद व शील्ड तथा छठां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आराध्या शुक्ला को 1100 नगद व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं 90% से अधिक अंक लाने वाली रिमझिम गुप्ता, रिषभ शर्मा, सामंत लाल गोस्वामी, नारायन द्विवेदी, नव्या गुप्ता, मानसी सिंह, कृति वैश्य आदि को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। संचालन करते हुए उप प्रधानाचार्य कमल किशोर कसेरा ने कहा कि लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। प्रधानाचार्या अर्चना सक्सेना ने कहा अभिभावकों का विश्वास गुरुजनों और बच्चों की मेहनत का परिणाम है। हमें आगे भी ऐसे ही लक्ष्य बनाकर मेहनत करने की आवश्यकता है। शिक्षिका पूनम तिवारी ने कहा कि मां-बाप और गुरुजन ही चाहते हैं कि हमारे बच्चे हमसे आगे बढ़ें। प्रबंधक शिवनंदन वैश्य ने मेधावियों व शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हुए शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक भूपनारायन मिश्र की मेधावियों को समर्पित तुझे सूरज कहूँ या चंदा नाम करेगा रोशन...गीत पर खूब तालियां बजीं। विद्यालय के अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन रामजी लाल मोदनवाल ने मेधावियों के उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय को बड़े भवन में ले जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिन बाजपेई, रामकुमार, विष्णु प्रताप, सनद तिवारी, सुप्रिया मिश्रा, संजय शुक्ला, शशिकांत सिंह, पूजा, ज्योति, सुमन गुप्ता, सोमा, अनामिका सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।




शील्ड व पुरस्कार के साथ बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार

### तकनीकी खराबी से पूरे दिन विद्युत आपूर्ति रही बाधित

**परसपुर, अमृत विचार :** विद्युत उपखंड पर 33 केवी के 10 एमवीए क्षमता के ब्रेकर परिवर्तन में तकनीकी खराबी के कारण बुधवार को पूरे दिन बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिससे पूरे दिन जनजीवन बेहाल रहा। उपखंड अधिकारी अमित कुमार मौर्या ने बताया कि आठ एमबीए क्षमता के पॉवर परिवर्तक पर 33 केवी साइड में प्रोटक्शन न होने के कारण बिजनेस प्लान के तहत 33 केवी कंट्रोल रिले पैनल लगाकर वायरिंग की गई तथा प्रोटेक्शन को सफलता पूर्वक चालू किया गया। पावर परिवर्तकों एवं उससे संबंधित फीडरों का परीक्षण एवं अनुरक्षण कार्य किया गया। ताकि उपभोक्ताओं को रोस्टर के अनुसार निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो सके। विद्युत सप्लाई बहाल करने के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत टेस्ट सुनील कुमार गुप्ता,अवर अभियंता करुणेश मिश्रा, संतोष मिश्रा, शिवप्रसाद शकील अहमद, रमेश आदि सारे दिन लगे रहे।

## सार-संक्षेप

### तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** तरबगंज पुलिस ने अवैध तमंचा तथा कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। तरबगंज मे तैनात उप निरीक्षक अमर सिंह क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि ग्राम भिदौरा को जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। तलाशी की गयी तो उसके पास से एक अवैध तमंचा दो कारतूस बरामद किया गया। आरोपी की पहचान अंगद पासवान पुत्र महंगू निवासी भिदौरा मौजा सिंहपुर थाना तारबगंज के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार पर जेल भेज दिया गया है।

### शांतिभंग की आशंका में युवक को किया गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** पुलिस ने बुधवार को शांति भंग की आशंका के चलते क्षेत्र के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। कौड़िया थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि पिंटू लाल यादव पुत्र माधव राज निवासी महापारा को शांति भंग की आशंका के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। आरोपी को वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम देव, तथा आरक्षी रिषित कुमार ने गिरफ्तार किया।

### आगजनी मामले में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**करनैलगंज, अमृत विचार :** आगजनी मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला बालूगंज निवासी शिमला देवी शुक्ला की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध घर में आग लगाने, गाली गलौज के साथ धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। महिला शिमला देवी शुक्ला का कहना है कि तीन लोगों ने मिलकर उसके घर में आग लगा दी और जब लोग आग बुझाने दौड़े तो लोगों को आग बुझाने नहीं दिया। बल्कि दरवाजा बंद करके गाली गलौज करते हुए धमकी देने लगा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक लाखों रुपए का कीमती सामान, शादी में मिला हुआ बेड, सोफा आदि जलकर राख हो गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों गगन, मगन, किशन शुक्ला निवासी कसगरान बालूगंज के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह का कहना है कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चौकी प्रभारी कस्बा को जांच सौंप दी गई है।

### संत यात्रा निकाल विहिप ने मतदान के लिए जागरूक



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद विहिप कार्यकर्ता। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद पूरे देश में संत यात्रा निकाल कर गांव गांव संतों द्वारा प्रवचन करवा कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरुक बनाने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को विहिप के विभाग संयोजक शारदा कांत पांडे के नेतृत्व में प्रमोद दास, अनंत राम शास्त्री, रामलीहरा नंद की अगुवाई में सोनबरसा पोखरा से यात्रा प्रारंभ कर ग्राम सभा ढुराव, सिंगरी पुरवा, राम जानकी मंदिर ग्राम सभा मुरौल देवी स्थान ग्राम सभा, जिगर बाजार, मिश्रण पुरवा, ग्राम सभा डेबरी कला, सिसई भीखपुर, धानेपुर बाजार सहित अन्य स्थानों पर संतों ने क्षेत्र के नौजवानों को जागरूक कर मतदान के लिए संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के आयोजन विनोद ओझा, काशीराम मिश्रा, गौतम तिवारी, विपिन पांडे, राजू वर्मा, दद्दन शुक्ला, सुनील दुबे, हेमंत सिंह, गगन मिश्रा, सोनू आदि मौजूद रहे।

### पांचवें चरण में सपा के स्टार प्रचारकों में योगेश शामिल



**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** पांचवें चरण में प्रचार के लिए समाजवादी पार्टी ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इसमें समाजवादी पार्टी में मंत्री रहे पूर्व विधायक योगेश प्रताप सिंह का नाम भी शामिल है। सपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने योगेश प्रताप सिंह को गोंडा लोकसभा में स्टार प्रचारक के रूप में तत्काल प्रभाव से प्रतिभाग करने को कहा है।

### कट्टे में कारतूस लगाते समय हुआ फायर, युवक घायल

**कटरा बाजार, अमृत विचार :** सेरापार पूरेबहोरी गांव निवासी संतोष बुधवार को सायं अपने घर में असलहा कट्टे में कारतूस लगा रहा था। उसी बीच कट्टे में फंसा कारतूस फट गया। फायर होने से संतोष घायल हो गया। परिजनों ने घायल को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार पहुंचाया जहाँ हालात नाजुक देखकर डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। सीएचसी अधीक्षक महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि गोली कमर में लगकर पार हो गई है। घायल का प्राथमिक उपचार कर उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। पत्नी सुमन ने बताया कि मेरे पति संतोष पुत्र गजाधर (25) घर पर कट्टे में कारतूस लगा रहे थे। इसी बीच कारतूस फट गया जिससे उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने कहा गोली चलने की सूचना मिली है। घटना स्थल पर पुलिस भेजी गई है। कट्टे में कारतूस लगाते समय घटना घटी है।



पूर्व मंत्री पंडित सिंह की श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोग। अमृत विचार

### तीसरी पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व मंत्री पंडित सिंह

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** सपा के कद्दावर नेता व यूपी सरकार में पूर्व मंत्री रहे विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। शहर के एक होटल में हुई श्रद्धांजलि सभा में जिले के कई जनप्रतिनिधियों, सपा कार्यकर्ताओं व समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उन्हें पुष्प अर्पित किए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व मंत्री पंडित सिंह विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। वरिष्ठ पत्रकार एसपी मिश्र ने कहा आज भी पंडित सिंह जी को उनके निराले अंदाज से याद किया जाता है। लोकसभा प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने कहा कि वह जब भी पूर्व मंत्री से मिली तो अपनेपन का भाव दिखा। समाजसेवी संदीप मल्होत्रा, महेन्द्र छाबड़ा, अजीत सलूजा, उमेश शाह, संजीव छाबड़ा, दीनानाथ त्रिपाठी, अभय श्रीवास्तव, अनवर सकील आदि ने भी पूर्व मंत्री को याद किया। पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर रणविजय सिंह, महफूज खां, अरशद हुसैन, बैजनाथ दुबे, सुरेश शुक्ला, संजय विद्यार्थी, नरसिंह शुक्ला, रघुनाथ शुक्ला, समीम अच्छन, अल्का पाण्डेय व प्रतिभा सिंह ने भी श्रद्धांजलि दी।

# परिक्रमार्थियों ने राजापुर में डाला पड़ाव

**संवाददाता, परसपुर**

**अमृत विचार:** परसपुर क्षेत्र के जम्बू तीर्थ, सरयू तट भौरीगंज होकर परिक्रमार्थियों का जत्था बुधवार को तुलसी जन्मभूमि मंदिर राजापुर पहुँचकर रात्रि विश्राम को पड़ाव किया। जय श्रीराम व सरयू मईया के गगनभेदी जयकारे व सीताराम संकीर्तन धुन करते, भगवा ध्वज लहराते अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा यात्रा के साधु संतों ने पहुंचकर राजापुर में पड़ाव डाला। धर्मार्थ सेवा संस्थान के परिक्रमा संचालक महंत गया दास की अगुवाई में मखभूमि मखौड़ा धाम जिला बस्ती से प्रारम्भ 22 दिवसीय परिक्रमा यात्रा में शामिल महिला पुरूष साधु संतों का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। भौरीगंज स्थित सरयू नदी में स्नान ध्यान व पूजा पाठ भजन कीर्तन करके साधु संतों ने भण्डारा का प्रसाद ग्रहण किया। बैशाख माह की चिलचिलाती धूप में नंगे पांव चलकर आये अयोध्या की चौरासी कोसी परिक्रमा यात्रा के साधु संतों का राजापुर में ग्रामीणों ने फूल माला से स्वागत किया। इस मौके पर सांवल चौधरी, संत प्रसाद चौधरी, अशोक सिंह, दिनेश गुप्ता, श्रीकृष्ण चौधरी, रामकुमार सोनी, राजन सिंह, जमीदार सिंह, शिवकुमार सिंह, सतई बाबा, मनीष सिंह, कार्तिकेय सिंह, राजन सिंह, अमित सिंह, कुलदीप सिंह, सत्यजीत आयुष सिंह, रौनक सिंह, अजीत सिंह, पंकज सिंह, तनुज सिंह, सर्वेन्द्र सिंह, बीरू सिंह, भोला सिंह, अंशुमान सिंह आदि मौजदू रहे।



राजापुर में पड़ाव डाले परिक्रमार्थी। अमृत विचार

### मां बाराही धाम पहुंचा पहला जत्था

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** जय श्री राम के उद्घोष के साथ 84 कोसी परिक्रमार्थियों का पहला जत्था बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले सुरेंद्र सिंह की अगुवाई में मां बाराही धाम पहुंचा। दोपहर का पड़ाव मंदिर के पास में स्थित एक निजी विद्यालय के प्रबंधक सतीश सिंह की अगुवाई में संतों का स्वागत एवं भोजन का प्रबंध किया गया। परिक्रमार्थियों का अगला पड़ाव रात्रि विश्राम डिक्सिर गांव में होगा। इस दौरान सूर्य प्रकाश सिंह, पंकज सिंह, दिलीप सिंह मौजूद रहे।

**गड़बड़झाला** मनकापुर ब्लॉक में स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे जिम्मेदार, ग्रामीण खुले में शौच जाने के लिए मजबूर

# सामुदायिक शौचालय बंद, रखरखाव के नाम पर लाखों का भुगतान

**संवाददाता, मनकापुर**

**अमृत विचार:** स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत मनकापुर ब्लाक में बनाए गए सामुदायिक शौचालय अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गए हैं। यहां आम लोगों की सुविधा के लिए गांवों में बनाए गए अधिकतर सामुदायिक शौचालयों पर ताले लटक रहे हैं। कहीं निर्माण अधूरा है तो कहीं वाटर सप्लाई की समस्या से शौचालयों का संचालन ठप है। बावजूद इसके कागजों में इनका संचालन दिखाकर प्रति माह लाखों रुपये का भुगतान लिया जा रहा है। उधर शौचालय बंद होने के कारण ग्रामीण खुले में शौच जाने को मजबूर हैं।




मनकापुर के किसुनदासपुर गांव में बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

मनकापुर ब्लॉक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों को खुले में शौचमुक्त बनाने के लिए 92 ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय निर्माण का लक्ष्य दिया गया था। इनमें से अधिकतर ग्राम पंचायतों में शौचालय का निर्माण पूरा हो चुका है। कागजों पर इनका संचालन भी किया जा रहा है। संचालन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों की है। गांव के स्वयं सहायता समूहों के जरिए इनका संचालन कराया जाना है। समूह का चयन कर उन्हें संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है और संचालन के नाम पर प्रति माह 9 हजार रुपये प्रति माह का भुगतान भी किया जा रहा है। लेकिन इन शौचालयों की जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। ग्राम प्रधान और सचिवों की उदासीनता से अधिकांश स्थानों पर सामुदायिक शौचालय बंद पड़े हैं। अधिकतर शौचालयों में सुविधाओं का अभाव है। कहीं वाटर सप्लाई ठप है तो कहीं निर्माण अधूरा पड़ा है। कहीं टाइल्स टूटी है तो कहीं गड्ढा ही नहीं बनाया गया है। ऐसी हालत में इनका संचालन ठप पड़ा है और इन शौचालयों पर ताले लटक रहे हैं। इन समस्याओं को नजरअंदाज कर शौचालय संचालन के नाम पर प्रति महीने लाखों रुपये का भुगतान दिखाकर सरकारी धन का गोलमाल किया जा रहा है।

### हैंडओवर नहीं हो सके आठ शौचालय

ब्लाक में कुल 92 ग्राम पंचायतें हैं। सभी में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। इनमें से 8 शौचालय ऐसे हैं जिन्हे अभी ग्राम पंचायतों को हैंड ओवर नहीं किया गया है। ऐसे में इनका संचालन भी ठप पड़ा है।

> ब्लॉक के सभी 92 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण पूरा हो चुका है। इनमें से 84 का संचालन हो रहा है। आठ गांवों में बने शौचालय अभी हैंडओवर नहीं हो सके हैं। इसलिए इनका संचालन नहीं हो रहा है। इसके अतिरिक्त अगर किसी गांव में संचालन ठप है तो संबंधित गांव के पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के नोटिस जारी कर जवाब मांगा जायेगा।
>
> **-राकेश श्रीवास्तव,** एडीओ पंचायत, मनकापुर

## एक नजर

### मतदान के लिए घरों पर जाकर सीटी बजाएंगे विद्यार्थी

**बलरामपुर।** जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने तथा लोकतंत्र की महापर्व में सभी की सहभागिता सुनिश्चित कराए जाने के लिए डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वृहद मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में बाल संसद का गठन वोटिंग प्रक्रिया से हुआ, बाल संसद के गठन को लेकर छात्रों में अति उत्साह देखने को मिला। बाल संसद के गठन से छात्रों में नेतृत्व एवं निर्णय लेने की क्षमता विकसित होगी। गांव में बाल संसद द्वारा बाल हठ एवं जागरूकता के माध्यम से मतदान जरूर करने को लोगो को जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा मतदान के दिन बाल संसद एवं छात्रों द्वारा प्रात: की घर घर जाकर सीटी बजाकर विभिन्न स्लोगन 'पहले मतदान फिर जलपान' आदि के माध्यम में मतदान करने को प्रेरित किया जाएगा।

### शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थ विक्रेताओं के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना को जरवा पुलिस टीम व 9वीं वाहिनी एसएसबी फोर्स की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्त राजन उम्र करीब 32 वर्ष व सरवन उम्र करीब 28 वर्ष पुत्रगण दादा पण्डा निवासीगण ग्राम रमवापुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को प्लास्टिक के झोलों में 11- 11 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। त्वरित कार्यवाही करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेज दिया गया।

### पुलिस कर्मियों को दौड़ लगवा कर जानी फिटनेस

**श्रावस्ती।** बुधवार को क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन में पहुंचकर परेड की सलामी ली एवं फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। पुलिस उपाधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में बने क्वार्टर गार्द, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर, आरक्षी बैरक तथा पुलिस लाइन आवास के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित कियारिजर्व पुलिस लाइन में परेड के दौरान आरमोर्र द्वारा पुलिस कर्मियों को इंसास राइफल, कार्बाइन व स्मॉल आर्म्स की हैंडलिंग का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक ने आदेश कक्ष में पहुंचकर गार्द रजिस्टरों को चेक किया तथा गार्द की सुरक्षा ड्यूटी के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आम कार्यकर्ता को तराश कर नेता बनाती है भाजपा

## बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विपक्ष पर जमकर बोला हमला

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर


बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में जल शक्ति मंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पं. दीन दयाल उपाध्याय ने हजारों घरों की कुंडियों को खड़काया था तब जाकर एक पं. अटल बिहारी बाजपेयी मिले थे। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का निर्माण करती है। पार्टी एक आम कार्यकर्ता को तराश कर विश्व स्तरीय नेता बनाती है। यह बातें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को तुलसीपुर मार्ग स्थित मधु विजा लॉन में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा के लिए समर्थन मांगते हुए कही।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सदन में सोनिया गांधी ने अटल बिहारी बाजपेयी को निकम्मा कहा था। 2014 से अभी तक देश की जनता ने कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका नहीं दिया है। 2024 का चुनाव राष्ट्र निर्माण का है। कांग्रेस पार्टी रामसेतु एवं राम को काल्पनिक मानती थी। पीएम बनने के बाद मोदी ने राम मंदिर बनवाकर करोड़ों हिंदुओं के आस्था का मान रखा है। राम मंदिर बनने से सभी लोगों को फायदा पहुंचा है। कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर था। आए दिन घोटाले होते रहते थे। एक चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बनने पर करोड़ों लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिला रहा है। कहा कि पहले की सरकारों में जगह-जगह बम फूटते थे। 2014 में भाजपा की सरकार बनने पर देश में कहीं भी बम नहीं फूटा है। लोग अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस की सरकार ने श्रीनगर के लाल चौराहे पर तिरंगा नहीं फहराता था। आतंकियों के हौसले बुलंद थे। भाजपा की सरकार बनने पर आज लाल चौक पर शान से तिरंगा फहरा रहा है। सपा और बसपा गुंडों की पार्टी है, जबकि भाजपा राष्टवादी पार्टी है। योगी की सरकार में कांवड़ यात्रा में हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों के ऊपर पुष्प वर्षा की जा रही है। जबकि पहले की सरकारों में कांवड़ यात्रा व राम बारात पर प्रतिबंध लगाया जाता था। बूथ अध्यक्षों से कहा कि जनता के बीच जाने से कार्यकर्ताओं का कद बढ़ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने की। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, अजय सिंह पिंकू, चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, वरुण सिंह मोनू, अवधेश तिवारी तरुण, डॉ प्रांजल त्रिपाठी, विष्णुदेव गुप्ता, अवधेश पाण्डेय, श्याम मनोहर तिवारी, गोविंद सोनकर, आद्या सिंह, मंजू तिवारी, विनोद गिरी, कृष्ण गोपाल गुप्ता, राघवेन्द्र कांत सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जातिवाद न परिवारवाद, वोट पड़ेगा सिर्फ राष्ट्रवाद पर

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा भिनगा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन कराया गया। भिनगा मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष उदय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में उत्तरप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वत्रंतदेव सिंह उपस्थित हुए।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संगठन को नीचे तक सक्रिय करने हेतु विधानसभा वार बूथ अध्यक्ष सम्मेलन करवाये जा रहे हैं। इसी क्रम में भिनगा विधानसभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन भिनगा मुख्यालय पर विकास भवन के पीछे सम्पन्न हुआ। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी के स्वागत भाषण के बाद मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित उत्तरप्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने भिनगा विधानसभा के बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय मे आदर्श शासन और रामराज्य की नींव रखी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद ही करोड़ों लोगों को अपना घर, करोड़ों महिलाओं नि:शुल्क गैस, करोड़ों लोगो के पास अपना बैंक खाता, करोड़ो किसानों के पास किसान सम्मान निधि प्राप्त हुयी है। वो भी सबका साथ सबका विकास के अंतर्गत बिना किसी भेदभाव के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से देश ने ऐसे निर्णय होते देखे हैं। न जातिवाद, न परिवारवाद, न क्षेत्रवाद अब वोट पड़ेगा सिर्फ राष्ट्रवाद पर। क्योंकि अब ना ही गुंडागर्दी होती है और ना ही कांवर यात्रा, दीपोत्सव, दुर्गा पूजा, दीपोत्सव पर प्रतिबंध लगता है बल्कि अब राम बारात और कांवर यात्रा पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा करते हैं। आप को सिर्फ घर घर जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्य जैसे एक्सप्रेस वे, मेडिकल कॉलेज, जन कल्याणकारी योजनाएं, आतंकवाद के खात्मे, बहन बेटियों की सुरक्षा, युवाओं के लिए रोजगार, महिला, किसान, मजदूर के लिए किए गए कार्यों को बताना है। लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में 400 पार की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा सबको अपना घर के संकल्प पर भारत को विकसित राष्ट्र बनायेंगे।

बूथ सम्मेलन का समापन लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय ने तथा संचालन जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला ने किया। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष पदमसेन चौधरी, विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय, लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, जिला प्रभारी शिवनायक वर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला महामंत्री पुरुषोत्तम कौशल, जिला मंत्री अरुण पांडेय, रमन सिंह, ब्लॉक प्रमुख अमित सिंह, शिवम जायसवाल, प्रकाश चंद, सत्यव्रत सिंह, अरविंद गुप्ता, भगतराम वर्मा, अंकित निषाद, सुरेश चौहान, अटल बिहारी मिश्रा, श्रवण वर्मा सहित भिनगा विधानसभा के बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## स्वच्छ भारत अभियान के तहत दिया सफाई का संदेश

**जरवा/बलरामपुर, अमृत विचार।** 9वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर की सीमा चौकी गुरूंग नाका के कंपोजिट विद्यालय बघेलखंड में मिशन लाइफ के तहत स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। 9वीं वाहिनी के जवानों द्वारा अंतरराष्ट्रीय सीमा व पास के गांव बघेलखंड में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

एन रमेश सिंह उप निरीक्षक गुरुंग नाका चौकी ने बताया कि मिशन लाइफ के तहत स्वच्छ भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देना और उन्हें अपने घरों, स्कूलों, और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित करना है।

स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से सार्वजनिक स्वच्छता को सुनिश्चित करने के साथ-साथ जल, हवा, और भूमि की रक्षा भी की जाती है। यह अभियान भारत के स्वास्थ्य और पर्यावरण को सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। एसएसबी के जवान विनोद कुमार, मदनलाल, प्रेम नारायण, विजय कुमार सिंह, संजय कुमार, तथा ग्राम प्रधान राम सिंह यादव नसीम अहमद प्रधानाध्यापक नासिर अहमद सहित काफी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# काफी जद्दोजहद के बाद साफ हुई सपा प्रत्याशी की तस्वीर

संवाददाता, बलरामपुर

**राम शिरोमणि वर्मा बने समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी**

**अमृत विचार।** काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी का पता चल ही गया।नामांकन पत्रों की जांच के बाद जिला प्रशासन ने राम शिरोमणि वर्मा को सपा का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी प्रत्याशी को लेकर पार्टी दो खेमो में बंटी नजर आ रही है। अधिकृत प्रत्याशी के सामने पार्टी में उठे मतभेद को दूर करने की चुनौती है।

बता दें कि श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी ने पहले बसपा से निष्कासित सांसद राम शिरोमणि वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया था। राम शिरोमणि वर्मा अपना नामांकन पत्र भी दाखिल कर चुके थे।बीते रविवार के दोपहर बाद से अचानक पूर्व विधायक और कांग्रेस के प्रदेश महासचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरु के सपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की चर्चा तेज हो गई। रात भर धीरू सिंह के समर्थकों ने गोला पटाखा दाग कर जश्न भी मनाया। नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने सपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।धीरू सिंह के नामांकन करने के तुरंत बाद राम शिरोमणि वर्मा भी सपा प्रत्याशी के रूप में दूसरा सेट नामांकन करने पहुंच गए और खुद को पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी बताते हुए नामांकन पत्र दाखिल किया साथ ही धीरू सिंह के प्रत्याशी निरस्तीकरण का एक पत्र भी दाखिल किया।7 मई को नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया शुरू की गई।इस बीच दोनों प्रत्याशी कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपनी अपनी दावेदारी पेश करने में लगे रहे।

पार्टी नेतृत्व का रुख साफ न होने के चलते कलेक्ट्रेट परिसर में गहमागहमी का माहौल बना रहा।कुछ लोग राम शिरोमणि वर्मा को सपा का अधिकृत उम्मीदवार बता रहे थे तो कुछ लोग धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू को।काफी खींच तान के बाद धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू का नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद सिंह ने खारिज कर दिया। राम शिरोमणि वर्मा को समाजवादी पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया।धीरू सिंह का नामांकन खारिज होने के बाद राजनैतिक हलचल तेज हो गई है।समाजवादी पार्टी के भीतर गुटबाजी भी साफ नजर आने लगी है।

# मतदान कार्मिकों का हुआ द्वितीय रेंडमाइजेशन

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों का विधानसभा क्षेत्र हुआ तय**

**अमृत विचार।** लोकसभा श्रावस्ती सामान्य निर्वाचन श्रावस्ती 2024 एवं गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने के लिए संसदीय सीट श्रावस्ती तथा गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिए डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह व प्रेक्षक किशोर कुमार की अध्यक्षता में मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन एनआईसी सभागार में निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर पर संपन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीट श्रावस्ती की जनपद में तीन विधानसभा बलरामपुर, तुलसीपुर , गैंसड़ी के लिए मतदान बूथों के सापेक्ष चार मतदान कार्मिक एवं 20 प्रतिशत अतिरिक्त रिजर्व कार्मिक एवं गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत दो अतिरिक्त मतदान कार्मिक कुल 6462 मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन सकुशल रूप से संपन्न कराए।

द्वितीय रेंडमाइजेशन के उपरांत चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों का विधानसभा क्षेत्र तय हो गया है। तृतीय रेंडमाइजेशन के उपरांत पोलिंग पार्टियों का बूथ अलॉट होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी का मतदान कार्मिकों का शीघ्र ही द्वितीय प्रशिक्षण कराए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीडीओ गिरीश चंद्र पाठक, सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अमित कुमार, ऐश्वर्य दीप व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### एकल गायन प्रतियोगिता में अंशिका ने मारी बाजी


एमएलके पीजी कॉलेज में प्रतियोगिता के दौरान मौजूद प्रतिभागी व शिक्षक।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर सभागार में बुधवार को पंडित बिरजू महाराज कल्चरल क्लब की ओर से एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंशिका उपाध्याय ने पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जे पी पाण्डेय ने करते हुए प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि संगीत व्यक्ति के मन को एकाग्रता प्रदान करने के साथ साथ शांति भी देती है और यह अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। निर्णायक प्रो वीणा सिंह, डॉ जितेन्द्र भट्ट व डॉ आनंद कुमार वाजपेयी ने स्वर, स्केल व प्रस्तुति के आधार पर एम ए प्रथम वर्ष की अंशिका उपाध्याय को प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष के मोहम्मद कलीम को द्वितीय तथा एम एस सी प्रथम वर्ष की अवनीत कौर को तृतीय स्थान के लिए चुना। क्लब इंचार्ज प्रो रेखा विश्वकर्मा व समन्वयक डॉ अनामिका सिंह ने सभी का स्वागत किया।

### बाल संसद में शुभम बने प्रधानमंत्री और कुणाल उप प्रधानमंत्री


बाल संसद में चुने गए प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री व अन्य मंत्री। अमृत विचार

**जरवा।** शिक्षा क्षेत्र गैंसड़ी के प्राथमिक विद्यालय मोकमपुर में बुधवार को बाल संसद का चुनाव हुआ। इसमें कक्षा चार के छात्र शुभम को प्रधानमंत्री और कुणाल को उप प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी दी गई ।बाल संसद के गठन के लिए बच्चों ने प्रचार प्रसार करते हुए चुनावी माहौल तैयार किया। नामांकन प्रक्रिया होने के बाद मतदान कराया गया। बच्चों को ही पुलिसकर्मी ,पीठासीन अधिकारी व सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि की जिम्मेदारी दी गई। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद परिणाम की घोषणा की गई। शुभम प्रधानमंत्री , कुणाल उप प्रधानमंत्री ,अनुष्का शिक्षा मंत्रालय ,रागनी नल एवं पर्यावरण मंत्रालय ,महिमा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्रालय, मोहिनी व्यवस्था एवं खोया पाया मंत्रालय ,संचित गृह मंत्रालय मध्यान भोजन मंत्रालय, रितेश खेल मंत्रालय, अमित पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्रालय आयुष अध्यक्ष ,और सृष्टि उपाध्यक्ष चुने गए। आयोजन में एआरपी आलोक कुमार सिंह, सहायक अध्यापक प्रभात कुमार श्रीवास्तव , शिक्षामित्र लक्ष्मी देवी एवं मोहम्मद सागीर ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### हीटवेव व लू से बचने को चलाया जागरूकता अभियान

**बलरामपुर, अमृत विचार।** डीएम अरविन्द सिंह के निर्देश पर जनपद में प्रशिक्षित आपदा मित्रों द्वारा प्राइमरी स्कूलों, इंटर कालेजों, ग्राम पंचायतों व वृद्धाश्रम में लू से बचाव के बारे में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय महादेवा गोसाई, प्राथमिक विद्यालय हसनापुर, प्राथमिक विद्यालय दांदव, प्राथमिक विद्यालय लमुइया, वृद्धाश्रम पैगमपुर, प्राथमिक विद्यालय मटियरिया कर्मा, प्राथमिक विद्यालय अबज नगर फरेन्दा, स्व. जगप्रसाद इंटर कालेज बरदौलिया, प्राथमिक विद्यालय चौहत्तर खुर्द, एम्स पब्लिक स्कूल सेमरहना, ग्राम पंचायत रूप नगर सहित अन्य प्राइमरी स्कूलों में हीटवेव एवं अन्य आपदाओं से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने स्वयं भी गर्म हवा/लू से बचाव के तरीके बताएं हैं। कहा कि गर्मी हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी गत्ते इत्यादि से ढककर रखें ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें।

### बिजली गिरने से मौत होने का परिजनों का दावा

**बलरामपुर।** धनधरा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से वृद्धा की मौत होने का दावा परिजनों ने किया है। वहीं दूसरी तरफ तहसीलदार मामले की जांच करने की बात कह रहे हैं। धनधरा निवासी सुशीला ने बताया कि बुधवार को वह अपनी सास नानबच्चा (70) के साथ गांव के बाहर भैंस चराने गई थी। इसी बीच आकाशीय बिजली की गर्जना हुई। गर्जना से डरकर सुशीला भागकर पशुशाला में छिप गई। पीछे सास नानबच्चा भी भागी लेकिन कुछ दूर चलने पर वह बेहोश होकर गिर गई। ग्रामीण व परिजन उनको अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतका की तीन बेटियां हैं। पति की मृत्यु दो वर्ष पहले हो चुकी है। तहसील तुलसीपुर के तहसीलदार परमेश कुमार ने बताया कि जानकारी मिली है। टीम भेजी गई थी लेकिन परिजनों ने शव पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। साथ ही स्थानीय पुलिस को भी सूचना नहीं दी। आकाशीय बिजली की घटना संदिग्ध है जांच के बाद घटना की पुष्टि होगी और मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# रेड क्रॉस दिवस पर किया महादान

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर



विश्व रेडक्रॉस दिवस पर बलरामपुर में रक्तदान शिविर में मौजूद रक्तदाता व सीएमओ।

**अमृत विचार।** बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विश्व रेड क्रॉस दिवस हर साल 8 मई को मनाया जाता है। रेड क्रॉस आंदोलन दुनिया भर में लाखों लोगों की मदद करता है। यह प्राकृतिक आपदाओं, युद्धों और अन्य संकटों के दौरान पीड़ितों को सहायता प्रदान करता है। रेड क्रॉस रक्तदान, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी करता है। कुल 20 लोगों ने रक्तदान जैसा महादान का पुनीत कार्य किया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव सचिव रेडक्रॉस सोसायटी , डॉ अरविंद यादव, डॉ सुनील कुमार, रेडक्रॉस सोसायटी के कोषाध्यक्ष अजय मिश्रा , अरविंद मिश्रा, शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, सी पी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# निरीक्षण में गायब मिले तीन डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर


जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में तीन चिकित्सकों समेत कुल चार कर्मी अनुपस्थित पाए गए। सीएमओ ने गया मिले लोगों से स्पष्टीकरण तलब किया है।

चिकित्सा अधिकारी डॉ पी के त्रिपाठी, डॉ आर पी रमन तथा डॉ तेजवीर सिंह अनुपस्थित पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने डीसीएच में स्थापित टीकाकरण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय तक कुल चार बच्चों का टीकाकरण किया गया था। ओपीडी में 489 मरीजों का इलाज, 115 मरीजों की पैथोलॉजी जांच , 15 मरीजों का सीटी स्कैन तथा 121 मरीजों का एक्स रे किया गया था। आईपीडी में कुल 13 मरीजों को भर्ती किया गया था। सीएमओ ने हीट वेव से निपटने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के समय डॉ सुनील कुमार, डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ अरविंद यादव आदि मौजूद रहे।

**लोकसभा चुनाव** | निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने जिला प्रशासन की तैयारी को जाना

# स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयर हाउस का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, श्रावस्ती


प्रेक्षकों को जानकारी देतीं जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट से पोलिंग पार्टियों की रवानगी, स्ट्रांग रूम व मतगणना का कार्य कराया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक किशोर कुमार, पुलिस प्रेक्षक ओमापति जामवाल, जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने जिला प्रशासन द्वारा अब तक की गई तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने प्रेक्षकों को स्ट्रांग रूम व मतगणना को लेकर अब तक की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों विधानसभाओं के लिए अलग- अलग स्ट्रांग रूम व मतगणना हाल तैयार कराये जा रहे हैं। सभी जगह आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग लगाई जाएगी। स्ट्रांग रूम, पोलिंग पार्टियों की रवानगी तथा मतगणना आदि सभी कार्यों को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न कराया जाएगा। वाहनों की पार्किंग तथा सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम भी किए जायेंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी कार्मिक अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमरेंद्र कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, उप जिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल, उपजिलाधिकारी अरूण कुमार सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## श्रावस्ती में आपदा मित्रों ने किया रक्तदान

**श्रावस्ती।** जनपद में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर संयुक्त जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन जिलाधिकारी/अध्यक्ष कृतिका शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस कैंप में जनपद के आपदा मित्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस कैंप का इस वर्ष का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर बना दिया। कुल 22 आपदा मित्रों ने इस कैंप में रक्तदान कर सबसे बड़े कैम्प का रिकार्ड बनाया। इसके साथ ही रक्तदाताओं ने जनपद के सभी नागरिकों से मतदान करने की भी अपील की। कार्यक्रम के आयोजक सचिव अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी रेडक्रॉस ने जनपद का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर आयोजित किया है। यह रक्तदान शिविर इस लिए विशेष है क्योंकि इस बार प्रथम बार आपदा मित्रों ने रक्तदान किया है। इस विशाल रक्तदान शिविर आयोजन के लिए ब्लड डोनेशन काउंसलर प्रियंका शुक्ला ने रेडक्रॉस को धन्यवाद दिया है।

## एक नजर

### नशीली दवा खाने से हालत बिगड़ी

**बहराइच,अमृत विचार** । देहात कोतवाली क्षेत्र के बहादुर चक गांव में पिता की हादसे में मौत से आहत पुत्र ने नशीली दवाओं को खाकर जान देने की कोशिश की। गम्भीर हालत में युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। विगत 18 अप्रैल को बहादुर चक के दवा कारोबारी तुलसीराम की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। पिता की मौत के बाद पुत्र निखिल (19) मानसिक रूप से परेशान रहने लगा और उसने भारी मात्रा में नशीली गोलियां खा ली। हालत बिगड़ने पर युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया , जहां पर उसकी हालत नाजुक बनी है।

### ट्रांस गेरुआ में छोड़ा गया तेंदुआ

**बिछिया, बहराइच,अमृत विचार** । कतरनिया घाट वन्य जीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज में सोमवार रात को मादा तेंदुआ पिंजरे में कैद हुई थी। जिसका स्वास्थ्य परीक्षण पशु और वन विभाग के डॉक्टरों ने की स्वास्थ्य परीक्षण में तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ मिला। जिस पर उसे कतर्निया घाट जंगल के ट्रांस गेरुआ में छोड़ दिया गया है। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि मादा तेंदुआ की उम्र चार से पांच वर्ष है। वह पूरी तरह से स्वस्थ है।

### 72 घंटे बाद हुआ शव का पोस्टमार्टम

**बहराइच,अमृत विचार** । फखरपुर इलाके में 72 घंटे पूर्व एक अज्ञात युवक का शव सड़क किनारे मिला था। पुलिस ने मार्चयुरी में शव रखवा दिया था। लेकिन 72 घंटे बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी। जिसे पर बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

### पुत्र के लड़ाई में मां को पीटा

**बहराइच,अमृत विचार** । कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम सरबदहा गांव निवासी छोटका पत्नी चिंताराम के बेटे और जेठ के बेटे से बुधवार को मारपीट हुई। जिसमें महिला ने बच्चों के विवाद में बीच बराव कराने का प्रयास किया। इससे नाराज जेठ के बेटे ने अपनी चाची को जमकर पीट दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल ने कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराया है। कोतवाल बीके मिश्रा ने बताया कि मेडिकल के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

### आज मनेगी महाराणा प्रताप की जयंती

**बहराइच,अमृत विचार** । राष्ट्र गौरव के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती गुरुवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। किसान पीजी कालेज स्थित महाराणा प्रताप चौराहे पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिलाध्यक्ष डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी वीरता को याद किया जाएगा। भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### टूर्नामेंट का फाइनल मैच कोटिया की टीम ने जीता

**राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार।** पूरे हिन्दूसिंह पुरवा गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बुधवार को खेला गया। फाइनल मैच न्यू स्टार्स क्रिकेट क्लब कोटिया की टीम ने सात विकेट से जीत लिया। टॉस जीतकर कोटिया ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 10 ओवरों के मैच में हिंदुपुरवा 52 रन ही बना सकी । लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोटिया टीम की शुरुआत धुंआधार रही टीम ने पारी के चौथे ओवर मे ही जीत दर्ज की। कोटिया की ओर से सबसे ज्यादा रन गौरव ने बनाये जबकि गोलू ने 3 विकेट लिए जिसके लिए उन्हे मैन ऑफ द मैच दिया गया। वहीं एचपीएल क्रिकेट मैनेजमेंट डायरेक्टर कवि रोशन रसिक द्वारा विजेता टीम कोटिया के सभी खिलाडियों को गोल्ड मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# बैसाखी अमावस्या पर लगी श्रद्धालुओं की कतार



अमावस्या पर बुढ़वा बाबा मंदिर में पूजा के लिए लगी लाइन और सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी। अमृत विचार

बहराइच

**अमृत विचार।** जिले में बैसाखी अमावस्या को लेकर बुधवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं के भीड़ रही सभी ने भगवान शिव के साथ अन्य देवताओं की पूजा अर्चना कर पुण्य दान किया।

खैरीघाट थाना क्षेत्र में स्थित बुढ़वा बाबा शिव मंदिर में सुबह पांच बजे से ही महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की लाइन लग गई। स्नान करने के बाद मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जल अर्पित कर पूजा अर्चना की। इसी तरह उर्रा में स्थित का कारीकोट मंदिर, हुजूरपुर, जरवल, नवाबगंज और अन्य क्षेत्रों में स्थित मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर भगवान की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। छावनी स्थित पंचायती राम जानकी मंदिर के पुजारी राधा कृष्ण पाठक ने बताया कि बैसाखी अमावस्या का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है उन्होंने बताया कि मान्यता के अनुसार इस दिन स्नान कर दान पुण्य पितरों के नाम किया जाता है। पितरों के नाम दान पुण्य और श्राद्ध करने से फलों की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही पितर प्रसन्न होते हैं और पूर्वजों के आशीर्वाद से काम भी पूरे होते हैं।

## पूर्व विधायक मुकेश बने 57 कैसरगंज प्रभारी

**पयागपुर, बहराइच।** लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज में समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने पयागपुर विधानसभा के पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव को 57 लोकसभा कैसरगंज का प्रभारी नियुक्त किया है। पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अपने दायित्वों का कुशल निर्वाहन करूंगा,और लोकसभा कैसरगंज की सीट जीतकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के उम्मीदों पर खरा उतरूंगा।



पूर्व विधायक मुकेश।

# शहर में घंटों बाद बदले जाते हैं खराब हुए ट्रांसफार्मर

## ग्रामीण क्षेत्रों में लग जाता है चार से पांच दिन का समय



जरवल रोड से हवा में टूटा बिजली का खंभा।

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। इस गर्मी के बीच लोगों को बिजली का ही सहारा है। लेकिन ओवरलोड के चलते ट्रांसफार्मर खराब हो गया तो उसे बदलने में शहर में ही कई घंटा लग जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चार से पांच दिन में कार्य होता है।

तराई के बहराइच जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। पारा 38 से 40 डिग्री के आसपास रह रहा है। गर्मी के चलते जनजीवन पूरी तरह से बेहाल है। इस गर्मी में लोगों को बचाव के लिए पंखा और कूलर का ही सहारा है। लेकिन अगर ट्रांसफार्मर अधिक भार के चलते फुंक जाए या लाइन में कहीं फाल्ट आ जाए तो उपभोक्ताओं को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। शहर क्षेत्र में तो ट्रांसफार्मर दो से पांच घंटे में बदल दिया जाता है, लेकिन यही समस्या ग्रामीण क्षेत्र में है तो ट्रांसफार्मर बदलने में 4 से 5 दिन तो कहीं दो हफ्ते भी लग जाता है। सरकार के आदेश की बिजली विभाग के कर्मचारी धज्जियां उड़ा रहे हैं। आलम यह है कि शहर क्षेत्र में भी अगर कहीं लाइन में फाल्ट आ जाए तो भी उसे सही करने में एक घंटे से अधिक समय लग जाता है। वहीं गर्मी में ट्रांसफार्मर की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता भी नहीं है। इस मामले में स्टोर प्रभारी राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नया कनेक्शन मिलते ही ट्रांसफर उपलब्ध करा दिया जा रहा है स्टॉक में भरपूर मात्रा में ट्रांसफार्मर है।

### आठ घंटे बाद मिली आपूर्ति

**जरवलरोड।** जरवल कस्बा बाईपास मार्ग रुदाइन के बढईन पुरवा गांव के निकट कैसरगंज से जरवल रोड को आई 33000 लाइन पर तेज हवा चलने से पोल पर पेड़ गिर गया। जिससे जरवल रोड विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत 21 ग्राम पंचायत के 5200 उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई पूरी तरह 8 घंटे बाधित रही। लाइन कट जाने से विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारी पेट्रोलिंग के जरिए अवर अभियंता संजीव कुमार की टीम ने लाइनमैन अरविंद सिंह, संविदा कर्मी शकील, अमरेश कुमार, प्रमोद कुमार, बनवारी, सुशील वर्मा, दीपक सिंह ने पहुंचकर पेड़ को काफी मशक्कत के कई घंटे बाद पेड़ को काट कर हटवाया 8 घंटे बाद विद्युत सप्लाई क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 4:00 बजे शाम बहाल हुई है। तब तक उपभोक्ता गर्मी व पानी के लिए तरसते रहे।

### शहरी क्षेत्र में 24 घंटे दी जा रही आपूर्ति

शहर क्षेत्र में 24 घंटे बिजली देने का रोस्टर है। उसके हिसाब से ही दिया जा रहा है अगर कहीं फाल्ट होता है तो इस सही करने में जो समय लगता है इस समय बिजली कटौती की जाती है इसके अलावा 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने का शेड्यूल निर्धारित किया गया है।

–शैलेंद्र कुमार एक्सईएन

# सड़क हादसे में युवक की मौत, महिला समेत 5 घायल

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। महिला की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिसैया चक निवासी रितेश (20) पुत्र टेकई के फूफा विश्राम के यहां बुधवार को छत की लिंटर पड़ रही थी। जिसमें रितेश बाइक से मिठाई लेने के लिए गंभीरवा बाजार आया । लड्डू खरीदने के बाद वह बाइक से वापस जाने लगा तभी गंभीरवा चौराहे पर ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी गंभीर हालत में पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया ।यहां पर इलाज शुरू होते ही उसकी मौत हो गई। जिस पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर कोतवाली नानपारा के मोहल्ला कायस्थ टोला निवासी तारा देवी पत्नी रामगोपाल अपने बेटे के ससुराल हरखापुर गांव में बुधवार को बस से जा रही थी। बस में जिस सीट पर बैठी थी, उसी के नीचे का पहिया दग गया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। इसी कोतवाली क्षेत्र के राम सहारे पुत्र बरसाती ई रिक्शा से नीरज पुत्र राम नरेश और शोभित को लेकर जा रहा था। रघुनाथपुर पेट्रोल टंकी के पास दूसरे ई रिक्शा से टक्कर हो गई। जिसमें राम सहारे और शोभित घायल हो गए। दोनों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## जनपद के 1359 बूथों पर होगी वेबकास्टिंग

**बहराइच, अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के कुल बूथों के 50 प्रतिशत अर्थात 1359 बूथों की वेबकास्टिंग की जानी है। वेबकास्टिंग कार्य के लिए आयोग द्वारा मेसर्स इनोवेटिव संस्था को अधिकृत किया गया है। वेबकास्टिंग कार्य की मॉनीटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी के न्यायालय कक्ष में प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 04-04 कुल 20 अदद मॉनीटरिंग स्क्रीन स्थापना का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 56-बहराइच (अजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा (अजा) में 187, नानपारा में 183, मटेरा में 188, महसी में 183 तथा बहराइच में 211 कुल 952 मतदेय स्थलों की वेबकास्टिंग की जायेगी। इसी प्रकार 57-कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर में 210 तथा कैसरगंज में 197 कुल 407 मतदेय स्थलों की वेबकास्टिंग की जायेगी।

# असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

मिहीपुरवा, बहराइच

**अमृत विचार।** मोतीपुर पुलिस ने एसओजी टीम के साथ मिलकर चुनाव से पूर्व अवैध असलहा फैक्ट्री का खुलासा किया है। काफी मात्रा में असलहे बरामद किया है। लखीमपुर निवासी एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि बरामद असलहे सीज कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि मोतीपुर क्षेत्र में कई दिनों से अवैध असलहा फैक्ट्री के संचालित होने की सूचना मिल रही थी। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी और पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय की निगरानी में टीम ने मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरुआ मटईपुरवा मार्ग पर मुखबिर की सूचना पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान मौके से बरुआ मार्ग पर पुलिया के नीचे अवैध असलहा फैक्ट्री संचालित होती मिली। पुलिस ने मौके से लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के शायपुर गांव निवासी संतराम पुत्र हीरा लाल को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि अवैध असलहा निर्माण संत राम खुद करता था। इसके बाद वह बहराइच के साथ लखीमपुर जिले में इसकी सप्लाई करता था। एक .32 बोर तमंचा, छह 315 बोर तमंचा, 12 बोर तमंचा एक, इसके अलावा खोखा और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किया है।



मोतीपुर में असलहा फैक्ट्री का खुलासा करतीं एसपी। अमृत विचार

# राष्ट्र उत्थान में अधिवक्ताओं की भूमिका अमूल्य: अटल

बहराइच

**अमृत विचार।** भारतीय लोकतंत्र में अधिवक्ताओं की भूमिका विषय को लेकर जैन धर्मशाला सखैयापुरा में अधिवक्ता समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सचिव प्रशांत सिंह अटल ने कहा कि दे वर्तमान केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा अधिवक्ता हित के लिए व्यापक कार्य किया गया है, पहले केवल 60 वर्ष आयु तक के अधिवक्ताओं की मृत्यु होने पर पांच लाख रुपए प्रदान किए जाते थे अब उसकी आयु बढ़ाकर 70 वर्ष कर दी गई है। सरकार द्वारा अधिवक्ता कल्याण निधि की धनराशि 200 करोड़ से बढ़कर 500 करोड रुपए कर दिया गया है। वर्ष 2018 से अब तक 2757 अधिवक्ता बन्धु के आश्रितों को 127 करोड़ 81 लाख 50 हज़ार का भुगतान किया गया है। गुणवत्तापूर्ण कानूनी शिक्षा के महत्व एवं विधि छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दृष्टिगत प्रयागराज में 387 करोड रुपए की लागत से राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता कल्याण निधि जो अधिवक्ताओं को 30 वर्ष की वकालत पूरा करने पर मिलता है, प्रदेश सरकार द्वारा उसकी धनराशि 25 नवंबर 2021 को डेढ़ लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दिया गया है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि राज्य विधि अधिकारी ओंकारनाथ निषाद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद आर्या ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन अरविंद सिंह सेंगर एवं आलोक पाठक ने किया। कार्यक्रम में किसान संघ के प्रदेश मंत्री हरि बहादुर सिंह, सह विभाग संघचालक कृष्णानंद शुक्ल, जिला कार्यवाह भूपेंद्र सिंह, डॉ गोविंद शेखर ,वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व विधायक राम अचल सिंह सेंगर, रामगोपाल सिंह, सांवली प्रसाद शुक्ला, सूबेदार मिश्रा, सुरेंद्र सिंह जगदंबा बख्श सिंह, विजय कुमार पाठक,मोहन मुरारी गौड़, मनीष श्रीवास्तव ,मनोज सिंह,उमेश मिश्रा, अतुल गौड़, अनिल मिश्रा, राकेश नाथ त्रिपाठी ,कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, राकेश कश्यप, विमलेंद्र शुक्ला, ओंकार सिंह, प्रमोद सिंह ,राजन शुक्ला आदि उपस्थित रहे।




शहर में वकीलों के कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

## सार-संक्षेप

### पहले मतदान के बाद ही करें कोई काम



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते आनंद गोंड। अमृत विचार

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार।** विकास खंड नवाबगंज के विभिन्न ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन हुआ। भाजपा प्रत्याशी आनन्द कुमार गोंड ने चौगोई विलासपुर में नुक्कड जनसभा में लोगों से भयमुक्त शत-प्रतिशत मतदान के लिये जागरुक किया। गोंड ने कहा की भाजपा के प्रयास से ही भगवान अब टेंट में नहीं भव्य मन्दिर में विराजमान हैं। वह भी बिना किसी बर बवाल के बन गया। उन्होने कहा की नरेन्द्र मोदी देश के ग़रीब परिवार को फ्री राशन व प्रधानमंत्री आवास योजना और किसान सम्मान निधि योजना दिया है। बखान करते हुऐ कहा अब वो दिन दूर नहीं जब हमारे देश से गरीबी दूर होगी मोदी ने उज्ज्वला गैस योजना किसान सम्मान निधि योजना सखी समूह को कृषि से जोड़ने के लिये और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन का बखान करते हुए कहा की पहले गांव के लोग मजदूरी के लिए शहर जाते थे ,अब उन्हें रोजगार अपने ग्राम पंचायत में ही मिलने लगा है। इस दौरान बेचेलाल जायसवाल, पिंटू गुप्ता, बलवंत सिंह,रामचन्दर चौधरी, स्वामी दयाल जैसवाल,अतुल सिंह, महेश यादव, प्रमोद साहू, पंकज मिश्रा, सुनील पांडेय, शिवकुमार सोनी , मुरारी नाथ शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र के महापर्व में सभी करें मतदान

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार।** नानपारा नगर में बुधवार को छात्र और छात्राओं ने जागरूकता रैली नगर में निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। मतदताओ को मतदान का महत्व बताने व मतदान के लिए जागरूक करने के लिए सुन्दर शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल के छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर मतदताओं को जागरूक करने के साथ डोर टू डोर जाकर लोगो को मतदान का महत्व बताया। रैली को विद्यालय प्रबन्धक अतुल चन्द्र श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर के विभिन्न वार्डो से होते हुए विद्यालय प्रांगण में आकर समाप्त हुई। बच्चे हाथों में मतदाता जागरूकता स्लोगन की रंगबिरंगी तख्तियां लिए जिसमें लोकतंत्र में हिस्सेदारी मतदान हम सबकी जिम्मेदारी, युवा के तीन काम शिक्षा सेवा और मतदान सहित अन्य नारे लगाते चल रहे थे। साथ ही बच्चे मार्गो पर पड़ने वाले विभिन्न वार्डो के मतदताओ के घर जाकर मतदान करने के फायदे बताते हुए 13 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे थे। इस मौके पर सुधाकर श्रीवास्तव, हरीश कुमार, सुशील त्रिपाठी, सहित अन्य मौजूद रहे।



रैली निकालकर मतदान के लिए जागरूक करते छात्र।

### संत निरंकारी मंडल ने नेपाल में किया रक्तदान

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार।** पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल नेपालगंज जिला बांके में सन्त निरंकारी मण्डल नेपाल ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। पुरुष और महिला 54 लोगों ने रक्तदान किया। नेपालगंज उप महानगर पालिका के अध्यक्ष प्रशान्त बिष्ट कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। प्रादेशिक रक्त संचार केन्द्र के प्राविधिक होमराज गिरी को खून संकलन करने को लिखित रूप में कहा था। मानव एकता दिवस की उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में नेपाल रेडक्रास सोसाइटी पुरैनी उप–शाखा के सभापति कार्यक्रम आयोजक शिवकुमार वर्मा रहे। सन्त निरंकारी मण्डल नेपाल, शिव प्रसाद गोडिया की अध्यक्षता मे कार्यक्रम हुआ। रक्तदान कार्यक्रम में सन्त शिव प्रसाद गोडिया समेत 54 लोगों ने रक्तदान किया।




रक्तदान करते सदस्य।

### वाहन में शराब होने की जानकारी पर पहुंचे अधिकारी



दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र में जांच करती आबकारी टीम।

**बहराइच, अमृत विचार।** सोमवार रात को आसाम रोड पर टोल प्लाजा आबकारी निरीक्षक विवेक सिंह चौहान ,सदर बहराइच और आबकारी निरीक्षक विपिन कुमार कैसरगंज द्वारा मय आबकारी स्टाफ आबकारी सिपाही प्रेम प्रकाश तिवारी, बंसराज, सिपाही प्रवीन कुमार और अमित कुमार की मौजूदगी में संदिग्ध वाहनों की जांच की। लेकिन कुछ नहीं मिला। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि कुल 60 छोटे और बड़े वाहनों की जांच की गई।

### नहर में अज्ञात युवक का मिला शव

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार।** जिले के बेलहा बेहरौली तटबंध के निकट नहर में एक अज्ञात युवक का दो से तीन दिन पुराना शव बरामद हुआ है। उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे। पहचान न होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेलहा बेहरौली तटबंध इमामगंज सरयू नहर पर बना हुआ है। नहर में पूसूपुरवा गांव के निकट एक अज्ञात व्यक्ति का आसपास के लोगों ने नहर में शव देखा तो थाने की पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने चौकी इंचार्ज शिवपुर राकेश कुमार यादव, उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव की टीम को मौके पर भेजा। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद आसपास के लोगों से पहचान करवाई। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच के बाद ही कुछ पता चल सकेगा। युवक की पहचान के लिए जिले के अन्य थानों को फोटो भेजी गई है।

### नदी पार कर खेत गया अधेड़ लापता

**राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत औराही निवासी एक ग्रामीण नदी को पार कर खेत गया, लेकिन इसके बाद से वह घर नहीं लौटा। ग्रामीण का नदी किनारे लूंगी, चप्पल व चादर पड़ी पाई गई। हरदी थाना अंतर्गत वर्मापुरवा औराही निवासी मुन्नी देवी ने थाने में तहरीर दी है। उसका कहना है कि उनके पति 50 वर्ष 5 मई को नदी के उसे पार अपने खेत को गए थे। लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटे इस पर परिजनों ने इधर-उधर व रिश्तेदारी में खोजबीन की। बावजूद इसके कहीं पता नहीं चल सका। मंगलवार 7 मई को सुबह नदी किनारे उनकी चप्पल, लूंगी व चादर पड़ी पाई गई। जिससे आशंका जताई जा रही है कि नदी पार करते समय वह डूब गया है। पत्नी द्वारा मंगलवार सुबह 7 मई को थाना हरदी पर उसकी तलाश व खोजबीन के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। बावजूद उसके पुलिस ने उसके तलाश की जहमत नहीं उठाई। जिससे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पत्नी मुन्नी देवी द्वारा प्रशासन से मांग की गई उसके पति की नदी में खोज कराई जाए।

### एसएसटी टीम ने 17.65 लाख की नकदी पकड़ी

**बहराइच,अमृत विचार।** कोतवाली नानपारा क्षेत्र के नानपारा बहराइच मार्ग पर नगर में काली कुंडा के पास एसएसटी टीम जांच कर रही थी। रात में चल रही जांच के दौरान मजिस्ट्रेट अवर अभियंता बृजेंद्र कुमार, उप निरीक्षक धीरेंद्र प्रताप सिंह टीम के साथ जांच कर रहे थे। जांच के दौरान बाइक संख्या यूपी 40 क्यू 8666 को रोक कर टीम ने जांच की तो बाइक की डिक्की से 17 लाख 65 हजार 940 रूपये बरामद हुए। बाइक सवार कोतवाली नानपारा के संगत टोला निवासी अल्ताफुर्रहमान पुत्र इस्तियाक अहमद की डिक्की से बैग में रूपये बरामद हुए। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि बरामद रूपये के बारे में पूछताछ की गई तो वह कुछ नहीं बता पाया। जिस पर रूपये को सीज कर दिया गया है। साथ ही भारी मात्रा में बरामद रूपये की जांच के लिए इनकम टैक्स विभाग को जानकारी दी गई है।

### महिला की दहेज के लिए हत्या का आरोप, पांच पर केस

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार।** गिरगिट्टी गांव निवासी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके के लोगों ने दहेज के लिए गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मैला कलुआपुर गांव निवासी छोटकइया (24) पुत्री लालता प्रसाद का विवाह तीन वर्ष पूर्व जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गिरगिट्टी गांव निवासी विनोद कुमार के साथ हुई था। महिला के भाई प्रेम कुमार ने मोतीपुर थाने में तहरीर देकर कहा है कि विवाह के समय दान दहेज दिया था। इसके बाद भी बहन को ससुराल के लोगों ने दहेज के लिए मारपीटा। इसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी। ससुराल के लोगों की सूचना पर देर रात को मायके से लोग पहुंचे। प्रेम कुमार ने पति के साथ ससुर, देवर, सास और ननद पर दहेज के लिए गला दबाकर हत्या करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

## सीख

डीएम ने किसान डिग्री कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण को किया संबोधित,लोकतन्त्र के महापर्व का हिस्सा होना गर्व की बात

# सकारात्मक ऊर्जा के साथ निर्भीक होकर कराएं मतदान :डीएम

बहराइच

**अमृत विचार।** मतदान प्रकिया को सम्पन्न कराने के लिए नियुक्त कार्मिकों का ठाकुर हुकम सिंह किसान पीजी कालेज में प्रशिक्षण चल रहा है । अन्तिम दिन के प्रथम पाली में पोलिंग पार्टियों को सैद्धान्तिक एवं ईवीएम मशीनों का तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचीं जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि निर्वाचन जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक है कि आप सकारात्मक ऊर्जा के साथ मतदान केन्द्र की ओर प्रस्थान करें तथा निर्भीक होकर भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप अपने पदेन उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। मतदान कार्मिक की जिम्मेदारी से कतई भयभीत न हों, बल्कि पूर्ण उत्साह, विश्वास और इस ज़ज़्बे के साथ जाएं कि आप विश्व के सबसे बड़े लोकतन्त्र के महापर्व में शामिल होने के लिए जा रहे हैं। डीएम ने कहा कि लोकतन्त्र के महापर्व का हिस्सा होना हम सब के लिए गौरव की बात है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सत्पन्न कराने हेतु पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है साथ ही ऐसी व्यवस्था भी की गई है कि जिले के आला पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, सेक्टर व ज़ोनल मजिस्ट्रेट समकक्ष पुलिस अधिकारियों के साथ निरन्तर अन्तराल पर मतदान केन्द्र पर पहुंचते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राज कुमार, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण सुजीत कुमार सिन्हा, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ सीके वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



किसान डिग्री कॉलेज में प्रशिक्षण को संबोधित करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

### मतदाता पर्ची के लिए कंट्रोल रूम को करें सूचित

**बहराइच, अमृत विचार।** ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में राउण्ड-द-क्लाक संचालित इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आकस्मिक निरीक्षण कर जनपद में वितरण हो रहे मतदाता पर्ची कार्य का जायज़ा लिया। आमजन से मोबाइल पर बात कर मतदाता पर्ची कार्य का फीड बैक लिया। डीएम ने ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों से भी मोबाइल पर वार्ता कर निर्देश दिया कि अपने क्षेत्रान्तर्गत शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण कराना सुनिश्चित करें तथा क्षेत्र का भ्रमण कर डोर-टू-डोर जाकर तथा मतदाताओं के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर पर्ची वितरण कार्य की ज़मीनी हकीकत को परखें।



कंट्रोल रूम का निरीक्षण करतीं अधिकारी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।
अविधेया इवादान्ता हया: पथि कुसारथिम्॥

जैसे बेकाबू और अप्रशिक्षित घोड़े मूर्ख सारथी को मार्ग में ही गिराकर मार डालते हैं। वैसे ही यदि इंद्रियों को वश में न किया जाए तो ये मनुष्य की दुश्मन बन जाती हैं।

## संपादकीय

# गंभीर समस्या

उत्तराखंड के जंगलों में आग प्रमुख आपदाओं में से एक है। जंगलों में आग लगने का संकट इस बार ज्यादा गंभीर नजर आ रहा है। राज्य का 40 प्रतिशत हिस्सा जल रहा है। हर वर्ष उत्तराखंड में जंगल की आग से वन पारिस्थितिकी तंत्र, वनस्पतियों, जीवों की विविधता और आर्थिक संपदा को भारी नुकसान होता है। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान बुधवार को पीठ ने कहा कि 'क्लाउड सीडिंग' (कृत्रिम बारिश) या 'इंद्र देवता पर निर्भर रहना' इस मुद्दे का समाधान नहीं है। राज्य को निवारक उपाय करने होंगे। न्यायमूर्ति बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ को राज्य सरकार ने बताया कि पिछले साल नवंबर से उत्तराखंड में जंगल में आग लगने की 398 घटनाएं हुईं और ऐसी घटनाओं में पांच लोग मारे गए। राज्य के उप महाधिवक्ता ने बताया कि सभी आग मानव निर्मित थीं। एक अधिवक्ता ने पीठ को बताया कि राज्य एक 'गुलाबी तस्वीर' पेश कर रहा है, लेकिन मीडिया रिपोर्टों का दावा है कि जंगल की आग से निपटने में शामिल पूरी मशीनरी चुनाव-संबंधी काम में व्यस्त है। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार पहाड़ों में लग रही आग को आपदा मानते हुए इस पर काबू पाने की जमीनी प्रयास कर रही है। प्रशासन जनसहभागिता से आग बुझाने के काम में लगा है। कुछ मामलों में वन विभाग की लापरवाही भी सामने आई है जिसके बाद 17 वन कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरुल (चीड़ के पत्तों) को एकत्र करने के लिए पिरुल लाओ-पैसे पाओ मिशन की शुरुआत की गई है।

इस काम के लिए 50 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। वास्तव में जंगल की आग एक गंभीर समस्या है। पिछले कुछ वर्षों में आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है और इन घटनाओं से पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान होता है। जंगल पहाड़ी इलाकों में लोगों के साथ सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जुड़े हुए हैं और क्षेत्र के आर्थिक कल्याण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही वन और वन्यजीव महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन हैं और मानव जीवन व पर्यावरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्थिति दयनीय है। जो लोग आग बुझाने जाते हैं उनके पास उचित उपकरण तक नहीं हैं। दरअसल सरकारों की प्राथमिकता में पर्यावरण व वन संरक्षण शामिल ही नहीं हो पाया है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते वातावरण में तापमान बढ़ने से भी आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। हमें बढ़ते तापमान के साथ प्रकृति संरक्षण के उपायों को बढ़ावा देना होगा। निस्संदेह जंगलों की आग पर ग्रामीणों के सहयोग के बिना काबू नहीं पाया सकता।

# धर्म और कम्युनिकेशन के अंतस्संबंध की समस्याएं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भारत में भगवान का सम्मान करने के लिए कानून को हाथ में लेने की जरुरत नहीं है। कानून के भय से आम जनता में ईश्वर के प्रति सम्मान भावना पैदा नहीं की जा सकती। कानून का काम सामाजिक नियमन का है। ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना कानून का लक्ष्य नहीं है।

अनेक विचारक सलाह दे रहे हैं कि अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा होनी चाहिए। वरना अराजकता फैल जाएगी। इस तरह के लोगों के विचारों को सुनकर एक पल के लिए यही लगता है, अभिव्यक्ति की आजादी का दायरा खींचने की जरूरत है। सच यह है अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं तय करना संभव नहीं है। अभिव्यक्ति का लक्ष्य मात्र अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि उसका परम लक्ष्य तो अभिव्यक्ति की सीमाओं का विस्तार करना और तोड़ना है। हर दौर में लेखकों-कलाकारों ने यह काम किया है, वे यह काम आज भी कर रहे हैं।

सामान्य कम्युनिकेशन भी सीमाएं नहीं मानता। एक जमाना था औरतें पर्दे की आड़ लेकर, घूंघट में से बोलती थीं, लेकिन बोलते-बोलते वे आज जहां तक चली आई हैं उसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। बोलना या अभिव्यक्ति तो परिवर्तन की प्रक्रिया में, सीमा तोड़ने की प्रक्रिया में शामिल होना है। इसीलिए, हिंदी में कहावत भी है "बोला और मरा"। अभिव्यक्ति की प्रक्रिया में मनुष्य जब भी दाखिल होगा वह देर-सबेर अभिव्यक्ति की सीमाएं तोड़ेगा। एक जमाना था कोई लड़की किसी लड़के से बात करती हुई देख ली जाती थी तो हंगामा हो जाता था, लेकिन आज स्थिति यह है कि सामान्य तौर पर शिक्षित लड़कियों के पास अपने मित्र लड़कों के मोबाइल में नंबर रहते हैं और वे घर में ही आराम से बातें करती रहती हैं। अभिव्यक्ति की विशेषता है कि वह सीमा नहीं मानती। चाहे जितने कानून बनाओ, चाहे जितने आदेश लागू करो।

अभिव्यक्ति और धर्म के अंतस्संबंधों में एक बात साझा है वह है, धर्म भी नियम सीमा नहीं मानता और अभिव्यक्ति भी नियम सीमा नहीं मानती। धर्म को यदि प्राचीन नियमों के अनुसार ही चलाया जाए तो धर्म अनाकर्षक होगा। उसकी कोई अपील नहीं होगी। दूसरी बात यह कि प्राचीन काल में तो धर्म ही कम्युनिकेशन था। कालांतर में अन्य कम्युनिकेशन के रूप आए हैं। धर्म की भूमिका मूलतः कम्युनिकेशन की ही रही है। कम्युनिकेशन में ज्योंही एक-दूसरे के बीच संवाद आरंभ होगा, कम्युनिकेटर और समाज के बीच में संवाद आरंभ होगा, अभिव्यक्ति की सीमाएं क्रमशः टूटने लगेंगी। यह अभिव्यक्ति का अंतर्निहित नियम है। हिंदू धर्म में भगवान से बड़ा भक्त है, जबकि इस्लाम में अल्लाह बड़ा है, बाकी उसके मातहत हैं। हिंदू धर्म में भगवान नियंता नहीं है, भक्त नियंता है। हिंदू धर्म में नियम महत्वपूर्ण नहीं है, आदत या संस्कार महत्वपूर्ण हैं। आदतें महत्वपूर्ण होने से हिंदू धर्म में किसी भी किस्म के शारीरिक नियंत्रण की संभावनाएं नहीं हैं। धर्म का लंबे समय से अंदर से रुपांतरण होता रहा है। हमारे यहां कोई एक नियंता नहीं है। हर नागरिक का अपना-अपना हिंदू धर्म है। हिंदू धर्म में यह उदारता या खुलापन बड़े वैचारिक संघर्षों के कारण पैदा हुआ है और यह प्रक्रिया बड़ी श्रमसाध्य और त्यागपूर्ण रही है। इसके विपरीत इस्लाम में नियंता रहे हैं और नियंता के प्रति हर मुसलमान को समर्पण करना और उसके बनाए नियमों का आचरण करना जरूरी है। वरना उसके प्रति संदेह या अविश्वास पैदा होगा। इसलिए जिन देशों में इस्लाम नियंता और नियामक है, वहां पर अभिव्यक्ति की आजादी का सवाल ही पैदा नहीं होता। अभिव्यक्ति की आजादी के लिए धार्मिक नियंता की अनुपस्थिति जरूरी है। इस्लामिक देशों में चूंकि नियंता अल्लाह है। अतः वहां अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है।

इसके विपरीत भारत में भगवान तो है, लेकिन वह नियंता नहीं है। यहां पर भगवान भक्त का संबंध स्वैच्छिक है। इसमें भक्त बड़ा है, भगवान से। आराधना के सारे नियम भक्त बनाता है, भगवान या उसके नुमाइंदे तय नहीं करते। यही वजह है हिंदू धर्म में सबसे ज्यादा मत-भिन्नता है, इस्लाम में एक अल्लाह है, हमारे यहां तैंतीस करोड़ देवी-देवता हैं, अनेक ईश्वरों के सहस्रनाम हैं। हमने एक भगवान की धारणा को कभी नहीं माना। भगवान एक नहीं है तो नियंता भी एक नहीं है। अमूमन एक ही मंदिर में अनेक देवी-देवता मिलेंगे। बड़ी तादाद में ऐसे भी मंदिर मिलेंगे जिनमें आराधक-प्रचारक की भगवान के साथ प्रतिमा लगी हुई है। यानी हमारे यहां भक्त को भगवान के बराबर का दर्जा दिया गया है। इसलिए हिंदू धर्म की परिस्थितियों के साथ इस्लाम की तुलना करना सही नहीं होगा, इस्लाम के आईने में हिंदू धर्म को नए सिरे से संगठित करना भी सही नहीं है।

हिंदू धर्म में भगवान को नियंता के रुप नहीं मानते, बल्कि संस्कार के रूप में मानते हैं। आदत है इसलिए मंदिर के सामने से गुजरते समय सिर झुका लेते हैं। यह आदत मस्जिद या गिरिजाघर के सामने से गुजरते समय नहीं होती। ईश्वर कब हमारी आदत या संस्कार में घुल-मिल गया हम नहीं जानते, लेकिन इसके बावजूद ईश्वर कभी भी हिंदू समाज का नियंता नहीं रहा। हिंदू धर्म के विभिन्न पंथों और संप्रदायों के प्रचारकों ने भी कोई संहिता बनाकर उसे लागू करने की कोशिश नहीं की। हिंदू धर्म के बहुत सारे कोड या संहिताएं सभ्यता के विकास में बहुत बाद में आए, इनके आने के बाद भी समाज में संहिताओं को न मानने की परंपरा बनी रही है। हिंदू धर्म में ईश प्रशंसा भी कर सकते हैं, ईश-समालोचना भी कर सकते हैं, चाहें तो अपने लिए नया भगवान बना सकते हैं और उसका समूचा ताम-झाम भी खड़ा कर सकते हैं। हिंदू धर्म में कोई धार्मिक कानूनी किताब नहीं है जिसके आधार पर सामाजिक दंड दिए गए हों। यदि किसी ने मनुस्मृति बना दी है तो वह भी रहेगी, लेकिन जरूरी नहीं है लोग उसे मानें। भारत में कोई भी ऐसा कालखंड नहीं रहा जिसमें मनुस्मृति के हिसाब से समाज को संचालित किया गया हो। समाज संचालन के नियम धार्मिक किताबों के बाहर थे, हो सकता है उनकी किसी लाक्षणिकता का मनुस्मृति से साम्य मिल जाए, लेकिन भारत कभी भी मनुस्मृति या धर्मशास्त्र संचालित देश नहीं रहा। भारत में ईश निंदा के लिए किसी की हत्या नहीं की गई, जबकि उनके खिलाफ क्या-क्या किया जाए उसके प्रावधान जरूर हैं, लेकिन ईशनिंदा के कारण या नास्तिक होने के कारण किसी को जान से नहीं मारा गया, जबकि इस्लाम में ऐसा नहीं है। ईश निंदा हमारी परंपरा में नास्तिकों के संघर्ष के द्वारा अर्जित संस्कार और हक है।

> हिंदू धर्म में भगवान को नियंता के रूप नहीं मानते, बल्कि संस्कार के रूप में मानते हैं। आदत है इसलिए मंदिर के सामने से गुजरते समय सिर झुका लेते हैं। यह आदत मस्जिद या गिरिजाघर के सामने से गुजरते समय नहीं होती। ईश्वर कब हमारी आदत या संस्कार में घुल-मिल गया हम नहीं जानते, लेकिन इसके बावजूद ईश्वर कभी भी हिंदू समाज का नियंता नहीं रहा। हिंदू धर्म के विभिन्न पंथों और संप्रदायों के प्रचारकों ने भी कोई संहिता बनाकर उसे लागू करने की कोशिश नहीं की।

भारत में भगवान का सम्मान करने के लिए कानून को हाथ में लेने की जरुरत नहीं है। कानून के भय से आम जनता में ईश्वर के प्रति सम्मान भावना पैदा नहीं की जा सकती। कानून का काम सामाजिक नियमन का है। ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना कानून का लक्ष्य नहीं है। हमारे यहां ईश्वर है, लेकिन वह वैसे ही है जैसे टीवी है, रेडियो, इंटरनेट है। ईश्वर हमेशा से संस्कारों के कम्युनिकेशन का चैनल रहा है और आज भी है। कुछ संगठनों की भूमिका इसी प्रसंग में सबसे खतरनाक तौर पर उभरकर सामने आई है, वे इस्लाम से प्रेरणा लेकर काम कर रहे हैं। इस तरह वे सुचिंतित ढंग से हिंदू धर्म की परंपराओं और मान्यताओं को फंडामेंटलिस्टों की तरह परिभाषित कर रहे हैं और यदा-कदा लागू करने की कोशिशें भी करते रहे हैं। सच्चाई यह है कि कौन किस धर्म में जाएगा, किससे शादी करेगा यह हिंदू धर्म में कभी भी सामाजिक चर्चा के केंद्र में नहीं रहा। आदि शंकराचार्य के जमाने से लेकर तुलसीदास के जमाने तक यह चीज साफ तौर पर देख सकते हैं कि किससे शादी करोगे और कौन सा धर्म मानोगे यह नागरिक के विवेक पर छोड़ दिया गया था।

मूल बात यह कि धर्म तो कम्युनिकेशन है और कम्युनिकेशन को आप नियमों में बांध नहीं सकते। कम्युनिकेशन का नियम है तोड़ना, वह समाज को तोड़कर बनाने का काम करता है। वह पुराने को नष्ट नहीं करेगा तो नया आएगा कैसे? हर किस्म का कम्युनिकेशन अपने लिए तोड़ने-बनाने की यह जंग लड़ता है और इसे नियमों में बांधना संभव नहीं है। अभिव्यक्ति का दायरा वहां तक फैला है, जहां तक अर्थ का दायरा फैला हुआ है। हम सोचें क्या अभिव्यक्ति के अर्थ की कक्षा तय की जा सकती है?

## प्रसंगवश

# गणराज्य और निरंकुश राजा

श्रीकृष्ण जन्मजात विद्रोही थे। उनके जन्म के समय मथुरा में गणराज्य था-अंधक, वृष्णि, भोजक, यदगण थे। गणपति उग्रसेन था। सचिव यादव वसुदेव था। दूसरी ओर उस समय मगध में राजा जरासंध निरंकुश था। उसने अनेक राजाओं को बंदी बनाकर राज्यविस्तार किया और हजारों कन्याओं का अपहरण किया था।

मथुरा की इस गण-शक्ति से जरासंध डरता भी था, लेकिन वह अपने सैन्य-दल के साथ टोह लेने को मथुरा के पास यमुना की ओर छावनी बनाकर ठहरा हुआ था। वहां एक घटना यह घटी कि उसका एक हाथी सांकल तोड़कर भाग गया, सैनिकों की पकड़ में नहीं आया। यह दृश्य अपने अखाड़े पर खड़ा युवराज कंस देख रहा था। वह अखाड़े से कूदा और उसने हाथी को सूंड से पकड़कर बैठा लिया। बस, मथुरा को जरासंध की नजर लग गई। उसने आगे की सोची और अपनी दोनों बेटी अस्ति-प्राप्ति का विवाह कंस से कर दिया। मगध जरासंध ने अस्ति-प्राप्ति देकर मथुरा का शासन-सूत्र अप्रत्यक्ष-रूप से संभाल लिया था। जरासंध के आदेश से पहले तो उग्रसेन को हटाया गया, फिर वसुदेव को हटाने की चाल चली। वसुदेव को कैद करवाया। मथुरा के चारों ओर या तो गोपों के कबीले घूमते थे या मांसाहारी वन्य जातियां थीं, जो गोपों से शत्रुता का भाव पाले हुए थीं। गोप सम्पन्न थे और सभ्यता की अग्रिम सीढ़ी पर आ चुके थे। इसलिए वसुदेव गोपों के स्वाभाविक मित्र थे, जबकि मांसाहारी असुर जातियां जरासंध के साथ थीं। कंस निरंकुश साम्राज्यवाद की कठपुतली की तरह था। आतंक-अत्याचार बढ़ता गया। आतंक-अत्याचार के खिलाफ आग भी सुलग रही थी।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गोपों की शक्ति संगठित थी। वसुदेव का बालक उन्हीं की छाया में बडा हो रहा था। षड्यंत्र हुए किंतु हर बार कंस का दाव खाली जाता। अंत में अक्रूर को भेजा, वे चाचा थे। कृष्ण-बलराम आए और सुलगती आग में घी डालकर कंस को अकेला कर के मार दिया। कंस के शासन के विरुद्ध मथुरा ही नहीं उबल रहा था, यह पूरे मध्यदेश में गूंजने वाला विद्रोह और धधकने वाली ज्वाला थी और इसका कारण कंस का श्वसुर जरासंध था। ये ही कृष्ण विद्रोह के नायक बने और पांडवों से मित्रता कर के जरासंध को मारा था। यही कृष्ण महाभारत के महानायक थे।

# चुनाव में युवा और रोजगार के मुद्दे गायब

लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरण का मतदान हो चुका है। 1 जून को अंतिम चरण का मतदान हो जाएगा और 4 जून को नई आने वाली सरकार की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने तरीके से एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं। हर कोई सत्ता में काबिज होना चाहता है। आम जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किन मुद्दों को लेकर ये अपनी उम्मीदवारी रख रही हैं।

देश में बहुत सारी समस्याएं हैं जिनका समाधान इतने वर्षों से नहीं हुआ है। जनता त्रस्त है। सबसे बड़ी समस्या आज महंगाई की है। रोटी, कपड़ा और मकान जो एक आम इंसान की बेसिक जरूरत है, एक बड़े तबके के लिए उसे पूरा करना बहुत मुश्किल हो रहा है। खाद्य पदार्थ, सब्जियों के दाम इतने अधिक बढ़ चुके हैं कि एक सामान्य मध्यवर्गीय परिवार के लिए भी पेट पालना मुश्किल हो रहा है। निर्धन वर्ग की तो बात ही क्या करें?

बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक बढ़ी है। यूं तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है। अंतरिम बजट पेश करने से पहले सरकार ने द इंडियन इकोनामी ए रिव्यू शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें वर्ष 2027 तक जीडीपी के वर्तमान मूल्य पर अर्थव्यवस्था के 50 खरब डॉलर के स्तर को पार कर लेने की बात कही गई थी। इस तरह भारत के दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह आसान दिखती है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान मूल्य पर भारत की जीडीपी अभी लगभग 37.3 खरब डॉलर है। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान जैसे मात्र चार देश जीडीपी के मामले में भारत से आगे हैं। दो देशों के बीच उत्पादकता और लोगों के रहन-सहन की गुणवत्ता लिविंग स्टैंडर्ड की तुलना करने के लिए इन देशों की सेवाओं और उत्पादों के साथ वहां की मुद्राओं की क्रय क्षमता के बीच तुलना की जाती है जिससे व्यक्ति के खरीदने की क्षमता का पता चलता है। इसे पर्चेजिंग पावर पैरिटी कहते हैं, लेकिन बहुत ज्यादा विश्वासनीय यह पैमाना नहीं कहा जा सकता। 2027 में विश्व की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था बनने में कोई संदेह नहीं है, लेकिन युवाओं में फैली बेरोजगारी से हम आंखें नहीं मोड़ सकते।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक बढ़ी है। यूं तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है।

सरकारी नौकरियों में पदों की संख्या बहुत कम है। रिटायर होने वाले कर्मचारियों के स्थान पर नई भर्तियां बंद हैं। लाखों पद खाली हैं, पर उनकी जगह संविदा या आउटसोर्स से ही काम चलाया जा रहा है जिससे विभागों की कार्य प्रणाली पर भी बहुत असर पड़ा है। इसके साथ ही साथ प्राइवेट सेक्टर में तो हाल बहुत ही बुरा है। विभिन्न संस्थाओं में इंजीनियरिंग छात्रों की परीक्षाएं लगभग हो चुकी हैं। 15 लाख के लगभग छात्र पास आउट होंगे पर नौकरी 1-1.5 फीसदी छात्रों को ही मिलेगी। आईआईएम के छात्रों तक को नौकरी नसीब नहीं है। अर्थव्यवस्था का असली चेहरा यही है। अर्थव्यवस्था बढ़ती तो रोजगार के द्वार भी अवश्य खुलते। इकोनॉमी टाइम्स के अनुसार 25 साल में नौकरियां में सबसे ज्यादा कटौती हुई। रेलवे, पुलिस, पोस्ट ऑफिस में ढेरों पद खाली है। पेटीएम, स्वीगी, फ्लिपकार्ट, बाइजू जैसी कंपनियां लगातार छंटनी कर रही हैं। ईपीएफ में जुड़ने वाले कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है। लिंकडिन के अनुसार कर्मचारियों पर काम का बोझ बहुत है और वे दूसरी नौकरी की तलाश में हैं। काम के घंटे बढ़ रहे हैं, जबकि मनोवैज्ञानिक काम के घंटों के बीच आराम की वकालत करते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय संगठन और मानव विकास संस्थान की नई रिपोर्ट इंडिया अपॉइंटमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार देश में नियमित वेतन पाने वाले और स्वरोजगार में लगे लोगों की वास्तविक कमाई में पिछले एक दशक के दौरान गिरावट आई है। यह आकलन मुद्रा स्फीति की दर के आधार पर किया गया है। इसी तरह खेती-बाड़ी से जुड़े 42.8 प्रतिशत नियमित श्रमिकों को और 51.9 प्रतिशत आकस्मिक श्रमिकों को निर्धारित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है। युवाओं का वोट बैंक राजनीतिक पार्टियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन फिर भी प्रमुख राजनीतिक दलों के चुनाव पत्रों से रोजगार जैसे मुद्दे गायब दिखाई देते हैं। बेरोजगारी के कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दुष्प्रभाव हैं, जैसे मानसिक तनाव, विवाह की उम्र में देरी होना, पारिवारिक कलह, जीवन से विरक्ति आदि। जरूरत है कि राजनीतिक पार्टियां थोड़ा संवेदनशीलता दिखाकर रोजगार जैसे गंभीर मुद्दों पर सोचें और विचारें।

## सोशल फोरम

# परेशानी की वजह

धर्म-कर्म में रत और पति से विरत स्त्रियां मुझे पसंद नहीं। पति धर्म भी एक धर्म है जिसका पालन जरूरी है, लेकिन शायद भारत में स्त्रियां शारीरिक रूप से पहले मानसिक रूप से बूढ़ी हो जाती हैं। इस पर अगर पुरुष खुद से 10-12 साल छोटी स्त्री से विवाह करना चाहे तो उसे गलत नहीं कह सकते। क्योंकि यहां स्त्रियां जितनी तेजी से जवान होती हैं उससे दुगनी तेजी से बूढ़ी हो जाती हैं और उसके बाद उन्हें एक ही "काम" सूझता है। पूजा पाठ और केवल पूजा पाठ।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे एक मित्र हैं, जो अपनी बेगम के इस व्यवहार से बड़े दुखी हैं। उन्होंने उसे प्यार से समझाया, मनाने की कोशिश की। फिर धर्म में एक बेगम का फर्ज याद दिलाया और इस संबंध में धर्म गुरुओं की तकरीरें भी सुनाईं। मित्र ने फिर एक और प्रयास किया। खोज-खाज कर कुछ आयतें भी सुनाईं। उस धर्म गुरू की तकरीर खास रूप से सुनाई जिसमें वे कहते हैं कि पति के काम से लौटने पर बेगम मुश्क वगैरह लगा, सज-धजकर अपने खाविंद का स्वागत मुस्कुराकर करे, लेकिन इतना सब करने के बावजूद कोई असर नहीं हुआ।

अब मित्र इतने दुखी हैं कि कहते हैं, अगर मेरे पास थोड़ी दौलत होती तो मैं एक निकाह और कर लेता। वैसे भी हमारे लिए चार निकाह तक जायज है और यहां दूसरे निकाह के लिए तो मेरे पास जायज वजह भी है।

मित्र डिप्रेशन से भी पीड़ित हैं। अब वजह क्या है मुझे नहीं पता? एक मनोचिकित्सक के पास जाने पर डॉक्टर ने बेगम को भी साथ लाने के लिए कहा, लेकिन बेगम साथ जाने को तैयार नहीं। उसका एक ही कहना है कि ये तुम मर्दों की दुनिया है। वहां अपना दुखड़ा रो-रो कर तुम मेरी बेज्जती करवाओगे। तुम सब मर्द एक जैसे ही हो।

आप शायद मेरे मित्र की बेबसी पर हंस रहे हैं, लेकिन ये एक बड़ी गंभीर समस्या है और एक बड़ी आबादी इससे पीड़ित है। मानसिक परेशानी और घरेलू झगड़ों की ये एक बड़ी वजह है।

**-फेसबुक वॉल से**

# हर चुनाव के समय याद किए जाते रहेंगे टीएन शेषन

त्रिची की ओर जाती बस को ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के डायरेक्टर ने हाथ दिया। बस रुकी। ड्राइवर की सीट के पीछे पहुंचे डायरेक्टर ने खुद बस चलाने के लिए उसे सीट से हटने का इशारा किया। ड्राइवर उन्हें पहचान चुका था। सम्मान व्यक्त किया, लेकिन ड्राइविंग जारी रखी। दो-तीन बार उन्हें अनसुना करने पर वे ड्राइवर पर बिफर पड़े। बस के पैसेंजर दोनों की बात सुन रहे थे। उन्होंने डायरेक्टर से पूछा क्या आपका बस को कहीं भिड़ा देने का इरादा है? जवाब मिला कि मैं प्रशिक्षित ड्राइवर हूं। सबूत में अपना बैज नंबर 2956 भी दिखाया। फिर विलुपुरम्म से पेरांबलुर तक वे ही बस की ड्राइविंग सीट पर थे।

बात यहीं पूरी नहीं हुई। शासन से इजाजत लेकर बस मैकेनिक की भी ट्रेनिंग ली। फिर बस की धुलाई, ग्रीसिंग, टायर बदलने से लेकर गेयर बॉक्स खोलने तक के काम अंजाम दिए। मद्रास (तामिलनाडु) में ब्रेक डाउन के नाम पर जगह-जगह खड़ी हो जाने वाली बसों और इसके लिए ड्राइवर-मैकेनिकों द्वारा एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने के आरोपों की असलियत जानने के लिए एक आईएएस ऑफिसर सीधे ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। ड्राइवर, कंडक्टर और मैकेनिक सभी की भूमिकाएं निभाईं। ये टीएन शेषन थे जिनकी मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर यादगार पारी के लिए हर चुनाव के मौके पर उन्हें जरूर याद किया जाता है। इसके अलावा भी उन्होंने कुछ किया। उनकी आत्मकथा के हवाले से यह रोचक प्रसंगः तामिलनाडु की मौजूदा मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन उन दिनों मद्रास का ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट था। सिटी बसें भी उसके अधीन थीं। मद्रास-बंगलौर, मद्रास-त्रिची और कन्याकुमारी के लिए भी सरकारी बसें उपलब्ध थीं। शेष रूट्स पर प्राइवेट बसें थीं। सरकारी बसों की उम्दा सेवाओं का आलम यह था कि उनकी टाइमिंग से घड़ी मिलाई जा सकती थी। किसी भी हालत में बस में 35 से अधिक पैसेंजर बिठाने की अनुमति नहीं थी। समस्या सिर्फ एक थी कि पीक आवर्स में ब्रेक डाउन हो जाता। ड्राइवर तकनीकी खामियों के नाम पर बस सड़क किनारे खड़ी कर देते। वर्कशॉप से मैकेनिक पहुंचते। वे बस को दुरुस्त और चलने लायक बताते। ड्राइवर पर ड्यूटी से बचने के लिए झूठी कंप्लेंट का आरोप जड़ते। इस खींचातानी में सरकार को नुकसान और यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती। डायरेक्टर के तौर पर तैनात मर्ज की असलियत जानना चाहते थे।



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

> शासन में शेषन की अगली चिट्ठी बस इंजन के रिपेयर की ट्रेनिंग की मंजूरी के लिए पहुंची। वहां बैठे आला हाकिम फिर चौंके, लेकिन इस बार जल्दी ही इजाजत मिली गई।

शेषन की तैनाती के समय उनके बड़े भाई लक्ष्मी नारायण आईएएस डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी इंचार्ज थे, लेकिन ट्रांसपोर्ट से जुड़ी फाइलें एडिशनल सेक्रेटरी आर.थिरुमलाई के पास जाती थीं। एक दिन थिरुमलाई के पास बस ड्राइविंग सीखने की इजाजत के लिए शेषन का पत्र पहुंचा। वे चौंके। इसकी क्या जरूरत है? फिर शेषन उन्हें राजी करने में कामयाब रहे। बाकायदा ट्रेनिंग हासिल की। सफल होने पर बैज नंबर 2956 मिला। सिर्फ लाइसेंस काफी नहीं था। भीड़ भरी सड़कों पर ड्राइविंग के दौरान ड्राइवर को होने वाली दिक्कतें जानने के लिए वे एक सुबह साढ़े पांच बजे वर्कशॉप पहुंचे। माइलापोर और पैरी कॉर्नर के बीच चलने वाली बस की स्टीयरिंग संभाली और फिर डेढ़ बजे दोपहर तक की शिफ्ट पूरी की। लंबे रूट की बसों की चेकिंग के लिए वे स्टेशन बैगन से निकलते थे।

एक दिन शेषन ने कंधे पर कंडक्टर का बैग टांगा। फुटकर रुपए-रेजगारी ली। सुबह साढ़े पांच बजे से डेढ़ बजे तक की पहली शिफ्ट की। हालांकि उन्होंने यूनिफॉर्म नहीं पहनी थी। कंडक्टर की उनकी भूमिका पर सवाल उठे। सहयोगियों ने कहा कि फिर आईएएस बनने की क्या जरूरत थी? अनेक ने उन्हें पागल भी कहा, लेकिन शेषन पर इन सबका कोई असर नहीं था। वे ड्राइवर, कंडक्टर, वर्कशॉप और सवारियों सभी की वास्तविक कठिनाइयां जान उसका निदान चाहते थे। एक काम उन्हें सीखना और जरूरी लगता था। वह बस के तकनीकी पक्ष से जुड़ा था। शासन में शेषन की अगली चिट्ठी बस इंजन के रिपेयर की ट्रेनिंग की मंजूरी के लिए पहुंची। वहां बैठे आला हाकिम फिर चौंके, लेकिन इस बार जल्दी ही इजाजत मिली गई। शेषन ने याद किया कुछ समय के भीतर मैंने बस को रैंप पर ले जाना, धुलाई, ग्रीसिंग, टायर्स और बैट्री बदलना, गियर बॉक्स खोलकर उसकी सफाई सहित सभी कुछ सीखा। 1962 में शेषन जब विभाग में पहुंचे थे तो सिटी बसों की वहां तादाद 1400 थी। डेढ़ साल बाद यह तादाद 1800 थी।

# अपरिपक्व उत्तराधिकारी

अपरिपक्व व्यक्ति को उत्तराधिकारी बनाने के बाद उसे उसकी जिम्मेदारियों से हटा दिया गया। उम्र के एक दौर के बाद मायावती ने अपना उत्तराधिकारी अपने परिवार के ही व्यक्ति को बनाया, लेकिन बकौल मायावती वह अपरिपक्व है इसलिए उसे हटा दिया गया। बिना किसी मेहनत के बिना किसी परीक्षा के सिर्फ वह उत्तराधिकारी इसलिए है कि उसकी योग्यता इतनी सी है कि वह परिवार का सदस्य है, इसके कारण कई बड़े लोगों को नुकसान उठाना पड़ा है।



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

रतन टाटा ने भी अपने उत्तराधिकारी को चुना था। उस चुने हुए व्यक्ति ने अपरिपक्वता दिखाई और टाटा ब्रांड को नुकसान पहुंचाया। टाटा के कई व्यापारों को बेच दिया। बाद में टाटा ने इसे उत्तराधिकार से हटा दिया और इसके बाद टाटा ने अपनी कंपनी को दुबारा से मजबूत किया। शायद किसी शायर ने सही लिखा है -मुझ को थकने नहीं देता ये जरूरत का पहाड़/मेरे बच्चे मुझे बूढ़ा नहीं होने देते, अयोग्य और अपरिपक्व को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद मायावती को अपनी गलती जल्द समझ आ गई। हरिवंश राय बच्चन ने लिखा है-मेरे बेटे, सिर्फ मेरे बेटे होने से मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे, बल्कि जो मेरे उत्तराधिकारी होंगे वो मेरे बेटे होंगे।

# डिजिटल फ्रॉड

फ्रॉड करने वाले दिन-प्रतिदिन धोखा देने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं जिसके प्रति भारतीय रिजर्व बैंक बराबर सतर्क करता रहता है। अभी कुछ दिन पहले मेरे एक रिश्तेदार ने ओलेक्स पर कुछ सामान बेचने के लिए फोटो शेयर किए थे। जवाब में तुरंत किसी ने सामान खरीदने की इच्छा व्यक्त की और क्यूआर कोड स्कैन करने को कहा यह भी फ्रॉड करने का एक नया तरीका है, अगर ऐसा हो जाता तो शायद पूरा खाता ही खाली कर दिया जाता। सजग होने से वे फ्रॉड से बच गए।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आज के डिजिटल युग में कॉल करके, मैसेज भेजकर ओटीपी शेयर कराकर धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ रही है। भेजे गए मैसेज में किसी भी प्रकार का नंबर या लिंक प्रेस करने से बचने चाहिए। किसी भी स्थिति में किसी अनजान के कहने पर कोई एप डाउनलोड नहीं करना चाहिए। अनजान लोगों के द्वारा बैंक, कोरियर, आरबीआई या पुलिस का नाम लेकर कॉल करने वालों के किसी दबाव या धमकी से कोई जानकारी साझा न करें। ये केवल धोखा है जिससे आप सतर्क रहकर ही बच सकते हैं। किसी सर्विस सेंटर के नंबर के लिए कभी भी गूगल से नंबर नहीं खोजना चाहिए, बल्कि उस कंपनी की वेबसाइट पर जाकर कस्टमर केयर नंबर निकालकर सर्विस संबंधी शिकायत दर्ज कराना चाहिए। हमारी जागरूकता ही हमको इस तरह की धोखाधड़ी से बचा सकती है।

## प्रदेश भाजपा के सह चुनाव प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को दिए चुनाव जीतने के टिप्स

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश के सह चुनाव प्रभारी संजय भाटिया ने मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता परिवार से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के लोग भारत के टुकड़े करने की मंशा के साथ राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं। राष्ट्र विरोधी ताकतें वर्तमान चुनाव में विपक्षी गठबंधन की मदद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की एकता अखंडता को बनाए रखने के लिए देश हित में कड़े फैसले लिए हैं। एक एक बूथ को जीतना होगा और भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद को हर हाल में चुनाव जिताना होगा। जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। संचालन जिला महामंत्री कौशलेश सिंह दीपू ने किया। बैठक में जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, सदर विधायक अंकुर तिवारी, धनघटा विधायक गणेश चौहान, लोकसभा प्रभारी रजनीकांत मणि त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक राम ललित चौधरी, उर्मिला त्रिपाठी, किरन प्रजापति, गीता यादव, मुरली मनोहर चौरसिया, डॉ सत्यपाल पाल, अमर राय, डॉक्टर कन्हैया गौड, अत्रेश श्रीवास्तव, धनंजय पांडे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शेष मतदान कार्मिकों को आज दिलाया जाएगा प्रशिक्षण

**संतकबीरनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में लगे पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम का प्रथम प्रशिक्षण जनपद स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर के द्वारा एचआरपीजी कॉलेज खलीलाबाद के 20 कमरों में दो पालियों में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के तीसरे दिन 25 कार्मिक अनुपस्थित रहे। जिनकी सूचना संबंधित विभाग को भेजी गयी है। इन सभी कार्मिकों को आज सुबह 9 बजे से प्रशिक्षण स्थल पर आकर प्रशिक्षण में प्रतिभाग करना होगा। अगर आज होने वाले प्रशिक्षण में भी ये कर्मचारी अनुपस्थित रहते हैं तो इनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार मतदान प्रक्रिया और ईवीएम संचालन के लिए आयोजित परीक्षा में तीसरे दिन भी 17 मतदान कार्मिक असफल रहे। आज की परीक्षा में असफल होने की दशा में ऐसे सभी कार्मिकों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के साथ ही उनकी वेतन भी बाधित की जाएगी।

# झांकी के साथ निकाली गई कलश यात्रा

संतकबीरनगर



कलशयात्रा में शामिल मोहक झांकी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नाथनगर ब्लॉक क्षेत्र के कस्बा महुली के डंड़वा स्थित शांति आश्रम से सोमवार को श्री रूद्र महायज्ञ के लिए गाजे-बाजे और मनोरम झांकी के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पीले परिधानों में सुसज्जित 108 कन्याएं सिर पर कलश रखकर चल रही थीं। शिव पार्वती और राधा कृष्ण की भव्य झांकी आकर्षक का केन्द्र रहीं। युवाओं की टोली डीजे की धुनों पर नृत्य करते हुए लगातार जय घोष कर रही थी। महुली कस्बे के डंड़वा स्थित शांति आश्रम से शुरू हुई कलश यात्रा उत्तर चौराहा, टैक्सी स्टैंड चौराहा, दक्षिण चौराहा, ब्राह्मण मोहल्ला, डिहवा, कुर्मियान टोला होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञाचार्य मृत्युंजय शुक्ला, नागेश्वर त्रिपाठी, शिवम दुबे, चंद्रभान मिश्र सहित पांच पुरोहितों ने सभी कलश को मंडप में स्थापित कराया। बाबा राम मिलन दास ने बताया नौ दिनों तक चलने वाले श्री रुद्र महा यज्ञ और रामलीला के मुख्य जजमान हरिराम जायसवाल व उनकी धर्मपत्नी साधना जायसवाल हैं।

## सार-संक्षेप

### छात्रों को यातायात के नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में यातायात परमहंस और उनकी टीम ने बुधवार को संत कबीर पब्लिक स्कूल औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का जमकर पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते समय हमेशा बाईं तरफ से चलें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। तीन सवारी कदापि न बैठाएं, ओवर स्पीड और ओवर टेकिंग न करें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट-बेल्ट जरूर लगाएं। नशे की हालत में कोई भी वाहन न चलाएं। इन सावधानियों का पालन कर हम अपने साथ ही दूसरों को भी सुरक्षा दे सकते हैं। छात्र छात्राओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने परिजनों को भी यातायात नियमों का पालन करने को प्रेरित करते रहें। जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन बेहद जरूरी है। यातायात प्रभारी ने सभी बच्चों को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई। साथ ही उन्हें आम जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्य आरक्षी आनंद मोहन सिंह, रामप्रकाश, राजेश्वर समेत तमाम कर्मचारी, विद्यालय के सभी अध्यापक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में श्रद्धा ने मारी बाजी



**संतकबीरनगर अमृत विचार।** आईसीएसई बोर्ड द्वारा सोमवार को 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमें सेंट थॉमस स्कूल की छात्रा श्रद्धा अग्रहरि ने बाजी मारते हुए जिले में ग्यारहवां स्थान हासिल करते हुए अपने माता पिता और गुरुजनों का मान बढ़ाया है। ट्यूशन के साथ सेल्फ स्टडी ने ही श्रद्धा को इस मुकाम तक पहुंचाया है। मूलतः जनपद मुख्यालय खलीलाबाद की रहने वाली श्रद्धा अग्रहरि के पिता संजय अग्रहरि एक प्रतिष्ठित व्यवसाई हैं। उनकी प्रेरणा से ही श्रद्धा ने यह मुकाम हासिल किया है। आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में श्रद्धा ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए जिले में 11वां रैंक प्राप्त किया है। श्रद्धा की इस कामयाबी पर सेंट थॉमस स्कूल के प्रिंसिपल सिवी जोसेफ समेत सभी अध्यापकों ने श्रद्धा को बधाई और शुभकामनाएं दिया है। बिटिया की इस कामयाबी पर उसके पिता संजय अग्रहरि ने बताया कि परीक्षा परिणाम से घर वाले तथा आस पड़ोस के लोग काफी खुश हैं। पिता संजय ने बताया कि बिटिया का सपना डॉक्टर बनने का है। इसलिए हम उसे आगे और बेहतर मार्गदर्शन देते हुए उसका सपना पूरा कराएंगे।

### गोवंशीय पशुओं से लदा ट्रक बरामद, तस्कर फरार

**धनघटा, संतकबीरनगर।** बुधवार की सुबह रामजानकी मार्ग पर बसवारी गांव बड़गों भट्ठे के पास स्थित रोड पर एक ट्रक खड़ी थी। जिसका एक टायर पंचर हो गया था और कुछ लोग ट्रक के आस पास खड़े थे। जैसे जैसे उजाला होने लगा तो रोड पर ग्रामीणों व सुबह टहलने निकले हुए लोगों का आवागमन शुरू हो गया। ग्रामीणों को कुछ शंका हुई तो कुछ युवकों ने ट्रक के पीछे से चढ़ कर देखा तो ट्रक के भीतर 10 गोवंशीय पशु लदे थे। ग्रामीणों ने बंसवारी गांव पुलिस चौकी डायल 112 पर मामले की सूचना दे दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए ग्रामीणों के सहयोग से सभी पशुओं को गोशाले में भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि पकड़े गए ट्रक में 10 गौवंशीय पशु बरामद हुए हैं। सभी पशुओं को मेडिकल कराकर उन्हें गौशाला मझौरा में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है।

### ऐतिहासिक होगा पुरोहित सम्मान समारोह : अरविंद पाठक

**संतकबीरनगर।** ब्राह्मण शिरोमणि परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद में अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में पुरोहित सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। पुरोहित सम्मान समारोह कार्यक्रम में दूर-दराज से आए ब्राह्मणों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अरविंद पाठक ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में इंडस्ट्रियल एरिया में 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन ब्राह्मण शिरोमणि भगवान परशुराम जयंती के अवसर जनपद के पुरोहितों और ब्राह्मण समाज के विद्वानों को तिलक लगाकर और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया जाएगा।

## एक नजर

### अज्ञात कारणों से मकान में लगी आग

**बहराइच।** कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेवली के मजरा हिन्दूपुरवा निवासी निजाम का फूस का मकान बना हुआ था। उसके मकान में मंगलवार रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसके चलते मकान में रखा 25 हजार रूपये नकदी, चार क्विंटल खाद्यान्न, अनाज और कपड़ा जल गया। उसका कहना है कि उसकी बेटी रेशमा की शादी तय हो गई थी। जून में विवाह है। शादी का सारा सामान भी आग में जल गया।

### मतदाता जागरूकता बाइक रैली आज

**बहराइच।** नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन अन्तर्गत जनपद में आगामी 13 व 20 मई को होने वाले मतदान प्रकिया में शत प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से सुनियोजित मतदाता शिक्षा सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत 09 मई को सांय 05 बजे घंटाघर से छावनी चौराहा होते हुए अग्रसेन चौक, डिगिया तिराहा, गुरूनानक चौक (अस्पताल चौराहा) होते हुए इन्दिरा स्टेडियम तक व्यापार मंडल के सहयोग से मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली जायेगी।

### वारंटी को भेजा जेल

**नानपारा, बहराइच।** कोतवाली नानपारा अंतर्गत बंजरिया निवासी जोखन पुत्र बिजली के विरुद्ध केस दर्ज है। जोखन की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट ने वारंट जारी किया था। जिस पर उप निरीक्षक अशोक कुमार, सिपाही सूरज कुमार की टीम ने वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

### भतीजे ने चाचा के अंगूठे को दांत से काटा

**बहराइच, अमृत विचार।** रानीपुर थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव में मंगलवार दोपहर में राधे पुत्र ननकान का अपने भतीजे पंकज पुत्र जगराम से भूमि विवाद को लेकर मंगलवार दोपहर में कहासुनी हो रही थी। पंकज ने चाचा राधे को पटक पटक कर पीटा। जिसके चलते वह घायल हो गए। यही नही पंकज ने चाचा राधे के एक हाथ का अंगूठा मुंह में रख चबा डाला। पिता राधे को पिटते देख बेटा 25 वर्षीय सीताराम बचाने पहुंचा। तो उसे भी पंकज ने पीट पीट अधमरा कर उसका भी एक अंगूठा चबा डाला। घायलों को थाने लाए जाने पर पुलिस ने मेडिकल कालेज इलाज को भेजा है। थानाध्यक्ष आरती वर्मा ने बताया कि मेडिकल करवाया गया है।

# वाहन से कुचल कर की गई थी बिजली मिस्त्री की हत्या

## पत्नी के प्रेमी और उसके साथियों ने घटना को दिया था अंजाम

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस और जिले की एसओजी टीम ने हत्या के बेहद जटिल मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त कार, मृतक की मोटरसाइकिल, गमछा समेत अन्य सामान भी आरोपियों के कब्जे से बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि वादी जवाहिर पुत्र फौजदार निवासी ग्राम बसलोहिया थाना कोतवाली खलीलाबाद ने कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना दिया था कि उनका 25 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार उम्र बीते 4 मई की शाम 4 बजे घर से बिजली संबंधी सामान लेने के लिए मेरी मोटर साइकिल से अपने ही गांव के निवासी अपने दोस्त मदन पुत्र सिद्धू के साथ खलीलाबाद गया था। खलीलाबाद पहुंचने पर उनके लड़के ने अपने दोस्त मदन को अपनी मोटरसाइकिल से नवीन मंडी गेट पर उतार दिया और कुछ देर में वापस आने को बोलकर वहां से चला गया था। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की खोजबीन शुरू किया तभी पता चला कि अम्बेडकर जिले के थानाक्षेत्र बसखारी में नेशनल हाईवे संख्या 233 के बगल में भट्ट पुरवा खेम पट्टी के पास एक अज्ञात लाश मिली है।



हत्याकांड का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता।

जिसकी शिनाख्त संतोष कुमार पुत्र जवाहिर निवासी बसलोहिया थाना कोतवाली खलीलाबाद के रुप में हुई। प्रभारी कोतवाल रामेश्वर यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने मुकदमा के तहत जांच के दौरान प्रकाश में आए घटना में शामिल पंकज प्रजापति पुत्र घनश्याम प्रजापति निवासी ग्राम आमा टिनिच थाना गौर जनपद बस्ती और सरस्वती पुत्री स्व. सिद्धनाथ प्रजापति निवासी ग्राम मकदूमपुर थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को टेमा रहमत चौराहे के पास से घटना में प्रयुक्त 1 अदद चार पहिया वाहन सुजुकी फ्रान्क्स, मृतक की मोटरसाइकिल पैशन प्रो, 1 अदद रस्सी, मृतक का आधार कार्ड, 2 अदद गमछा और 3 अदद मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक अवैध संबंधें में बाधक बनने के कारण हत्या की गई।

### शेष अभियुक्तों की शीघ्र होगी गिरफ्तारी

"दोनों मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार कर लिए गए हैं। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बेहद जटिल इस घटना के खुलासे और अभियुक्तों की गिरफ्तारी में कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।"

–सत्यजीत गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, संतकबीर नगर

# भाजपा में उसके कार्यकर्ता ही महत्वपूर्णः नरेंद्र कश्यप

बहराइच

**अमृत विचार।** भाजपा के लिए कार्यकर्ता ही सबसे महत्वपूर्ण है, यह बातें सेंट जेवियर्स स्कूल में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने लोकसभा प्रत्याशी करन भूषण सिंह के समर्थन में अपील करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र को अपना परिवार मानती है जबकि अन्य अपने परिवार को ही राष्ट्र मानते हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को हर बूथ मजबूत करने का मंत्र दिया। भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से आशीर्वाद मांगा। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे ने संगठन की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सम्मेलन को क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी, बलरामपुर विधायक पलटू राम, लोकसभा प्रभारी संजय कैरती, विधानसभा प्रभारी दीपक सत्या, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्रा, अजीत सिंह, निशंक त्रिपाठी आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर जोगिंदर शर्मा, बबलू रावत, दनेन्द्र शर्मा, विष्णु मित्तल, अवनीश पंसारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



सभा में राज्य मंत्री का स्वागत करते भाजपा प्रत्याशी। अमृत विचार

### मृतक के परिजनों को पूर्व विधायक ने बंधाया ढ़ाढस

**संतकबीरनगर।** बिजली मिस्त्री संतोष प्रजापति की निर्मम हत्या की सूचना पर पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने बुधवार को मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढ़ाढस बंधाया।

### 20 क्षय रोगियों को गोद लेंगे रेडक्रास सोसायटी के सदस्य

**बहराइच, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में बुधवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के 20 छह रोगियों का इलाज गोद लेकर करने पर सहमति बनी, इसका खर्च रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य उठाएंगे। विश्व रेड क्रॉस दिवस पर बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के धनवंतरी सभागार में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष सरदार सरजीत सिंह ने किया। संचालन कर रहे जिला स्वास्थ्य सूचना और शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस कमजोर वर्ग को मदद दिलाने का काम करती है, इसीलिए पूरे विश्व में इसकी एक अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से दवा वितरण के साथ बाढ़ ग्रस्त लोगों को सुविधा उपलब्ध की जाती है। अध्यक्ष सरदार सरजीत सिंह ने कहा कि जिले में रेडक्रॉस की ओर से कुष्ठ आश्रम एवं विद्याश्रम में स्वास्थ्य भी लगाया जा रहा है। वरिष्ठ सदस्य राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि मानवता को लेकर रेड क्रॉस की नींव रखी गई थी। इसके माध्यम से लोगों की मदद की जाती है। संजीव श्रीवास्तव ने रेड क्रॉस सोसाइटी के बारे में लोगों को बताया।

# भाजपा प्रत्याशी ने दर्जनों गांवों में किया जन सम्पर्क

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर प्रवीण निषाद ने ग्राम बेलवनिया, उर्रदहवां, कुशमीडाड़ी, बलुअरा समेत दर्जनों गांवों में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को गिनाकर जनता का समर्थन मांगा।

उन्होंने कहा कि अगर खुद के साथ अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित बनाना है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रचण्ड बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना होगा। आपका एक वोट जिले के साथ ही देश और प्रदेश को तरक्की और खुशहाली के रास्ते पर ले जाएगा। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक राम ललित चौधरी, आनन्द त्रिपाठी, बबलू गुप्ता, गुड्डू वर्मा, संगीता वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### बाहरी व स्थानीय के मुद्दे को मिल रहा समर्थन : पप्पू निषाद

**संतकबीरनगर।** जन सम्पर्क अभियान के दौरान एक मुलाकात में इंडिया गठबंधन समर्थित सपा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद ने कहा कि संतकबीरनगर जिले के नेताओं ने पूर्वांचल के गोरखपुर, बस्ती, अम्बेडकर समेत तमाम जनपदों में जाकर अपने राजनैतिक कौशल का लोहा मनवाया था। आज उसी जनपद को गैर जनपदों के जन प्रतिनिधियों ने चारागाह बना कर रख दिया है। यही वजह है कि जिले का विकास बुरी तरह बाधित हो गया है। निषाद वोटरों पर अपना एकाधिकार जमाने वाली निषाद पार्टी के नेताओं ने अराजकता की सारी हदों को पार कर दिया है। भाजपा के सिम्बल से चुनाव जीतकर पांच वर्षों तक सत्ता की मलाई काटने वाले निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बेटे प्रवीण निषाद को जिले की जनता पहचानती तक नहीं है। श्री निषाद ने कहा कि संतकबीरनगर का विकास जिले का बेटा ही करा सकता है। यही वजह है कि जिले की जनता बाहरी भगाओ अभियान का नारा लगा रही है।

### अब बसपा ही करेगी जिले का विकासः नदीम अशरफ

**संतकबीरनगर।** बहुजन समाज पार्टी से घोषित लोकसभा प्रत्याशी नदीम अशरफ से कहा कि बहुजन समाज पार्टी ने जनपद संतकबीरनगर का श्रृजन किया था। जनपद मुख्यालय पर बेहतरीन स्टेडियम और पार्कों का निर्माण बसपा शासन में ही हुआ था। सपा सरकार में मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने जिले को समाप्त करने का कुत्सित प्रयास किया था। भारतीय जनता पार्टी जाति और धर्म की राजनीति करके समाज को बांटने में जुटी है। उन्होंने कहा कि बसपा ने अगर इस जिले को बनाया है तो बसपा ही जिले को विकसित भी कराएगी। जिले में उद्योगों की स्थापना, धनघटा और मेंहदावल क्षेत्र को बाढ़ से स्थाई निजात, बच्चों को तकनीकी शिक्षा के लिए बेहतरीन शैक्षिक संस्थान, महिलाओं को सुरक्षा, युवाओं को रोजगार बहुजन समाज पार्टी का संकल्प है।


## वर्ग पहेली-64

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो भारी न हो, हलका 2. जिसने गुरु से उपदेश या शिक्षा न पाई हो 3. (छंदशास्त्र) मात्रा या वर्ण जो लघु हो।
4. 1. भेद-प्रभेद 2. पार्थक्य, अलगाव, फूट 3. अंतर, प्रकार 4. खंड, विभाग 5. एक से विकसित होकर अनेक रूप बनना 6. विशेष रूप से किया गया भेद या अलगाव, (डिस्क्रिमिनेशन)।
6. 1. अविचल होने की अवस्था या भाव 2. दृढ़ता, अटलता, अडिगपन 2. स्थिरचित्तता, निश्चिंतता 3. स्थिरता।
8. 1. हाथ से बजाई जाने वाली ताली, थपोड़ी 2. कर-ताल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. प्रकट या प्रत्यक्ष होने की क्रिया अवस्था या भाव 2. आविर्भाव, अवतार 3. ज़ाहिर होना 4. उत्पत्ति, पैदाइश।
2. 1. अभेद या एकता स्थापित करने वाला 2. समान भाव से रहने वाला। 3. दे. गुदा।
5. 1. याद आना, याद करना, हाल-चाल जानना 2. स्मरण होना।
6. 1. एक प्रकार का धारीदार चिकना कागज़ 2. एक प्रकार का पीला पत्थर 3. एक प्रकार की लाख की रंगाई।
7. 1. धातु से तैयार की गई पतली डोरी, तंतु 2. समाचार को तीव्र गति से प्रेषित करने का माध्यम, (टेलिग्राफ़) 3. तार द्वारा भेजी गई सूचना, (टेलिग्राम) 4. सूत, तागा। (मु.)-तार कर देना : टुकड़े-टुकड़े कर देना, छिन्न-भिन्न कर देना।





### वर्ग पहेली -63 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 रु | ■ | ■ | 2 प | ■ | ■ | ■ |
| टी | ■ | 3 प | र | लो | क | ■ |
| न | ■ | 4 से | व | ■ | ■ | 5 सा |
| ■ | 6 ओ | व | र | हॉ | लिं | ग |
| 7 धु | री | ■ | दि | ■ | ■ | वा |
| ■ | ■ | ■ | गा | ■ | ■ | न |
| 8 बा | र | ब | र | दा | र | ■ |

## सुडोकू-143

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | 2 | | |
| 3 | | | | 2 | | | | |
| 2 | | | 5 | 6 | | | | |
| | 8 | | 9 | | 7 | | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | 2 | | 3 | | 4 | | | |
| | | 4 | | 9 | 3 | | | |
| | | 6 | | 7 | | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |

### सुडोकू -142 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 06.21 तक तत्पश्चात द्वितीया 10 मई 04.17 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 11.55 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** – आज आपकी वाणी से लोग आकर्षित रहेंगे। विरोधी भी आपके साथ अच्छा व्यवहार रखेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। निजी रिश्तों में शंका को लाने से बचें। जोखिम भरे निवेश के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष** – आज आपके द्वारा किए गए कार्यों और योगदान की लोग प्रशंसा करेंगे। आप जीवनसाथी के साथ खुशियों के पलों का आनंद लेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और आभूषणों के आप शौकीन रहेंगे।

**मिथुन** – आज व्यापार में आप कुछ त्वरित निर्णय ले सकते हैं। नए कार्यों में आपको नुकसान होगा। भोग में आप धन खर्च करेंगे। आपके शत्रु इस समय सक्रिय हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** – आज व्यापार में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। प्रेमी जोड़े काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। आपके घर में मित्रों का आगमन हो सकता है। दांपत्य संबंधों में सुख का अनुभव करेंगे।

**सिंह** – आज महिलाएं अपनी गृहस्थी के कार्यों में लगी रहेंगी। संतान की सफलता से हर्षित होंगे। जल्दबाजी के किए गए कार्यों में गड़बड़ियां हो सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। परिवार और कारोबार में आपको संतुलन बनाकर रखना होगा।

**कन्या** – आज मन में किसी गंभीर विषय को जानने की लालसा रहेगी। लोग स्वार्थ वर्ष आपकी चापलूसी करने में लगे रहेंगे। व्यवसाय को लेकर यात्रा हो सकती है। रुके हुए कार्यों में तरक्की होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**तुला** – आज अचानक बड़े खर्चे सामने आ सकते हैं। महत्वपूर्ण पेपरवर्क्स को बेहद सावधानी पूर्वक करें। आपकी छोटी सी लापरवाही के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर थोड़े असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज विद्यार्थियों को शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है। व्यापार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

**धनु** – आज जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित रहेंगे। विदेश से जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। नए काम की प्लानिंग कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों की आप मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे।

**मकर** – आज आपको पुराने अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। प्रेमीजन से अपने दिल की बात कह सकते हैं। किसी पर्यटन यात्रा के लिए जा सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कारोबार में अच्छी ब्रान्डिंग करने में सफल रहेंगे।

**कुंभ** – आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। आप दूसरों की मदद करने के लिए धन खर्च कर सकते हैं। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं। आप जिस काम के लिए पूरी तरह निश्चित न हों तो तब तक उससे दूरी बनाकर रखें।

**मीन** – आज आप अपनी योग्यता के प्रदर्शन से आलोचकों को चौंका सकते हैं जिसके कारण आप उतनी ही शीघ्रता से काम पूरा भी कर लेंगे। आप अपने गृहकार्यों को काफी महत्व देंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। अपने मन की बातें दूसरों से तुरंत शेयर न करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
सिक्का – सुबह : 10.06
तकदीर का तमाशा – रात : 07.00

&pictures
सैंडविच – सुबह : 10.43
होटल मुंबई – रात : 08.00

SONY PIX
स्टुअर्ट लिटिल – सुबह : 10.21
300 – रात : 09.12

ZEE CINEMA
डोर – सुबह : 11.30
प्रेम कहानी – रात : 07.20

colors CINEPLEX
यू मी और हम – सुबह : 11.01
चलते चलते – रात : 09.17

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोनों मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...



इंदौर और उज्जैन संभाग की इन सीटों में रतलाम, धार व खरगोन अदिवासी समुदाय को आरक्षित

**2009**

में इनमें चार सीटें जीतने वाली कांग्रेस पिछले दो चुनावों से हर सीट पर खा रही है मात

### मध्य प्रदेश में चौथे चरण में 13 मई को आठ सीटों पर मतदान के साथ खत्म हो जाएगा लोकसभा चुनाव

# इंदौर-उज्जैन संभाग में भाजपा की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव चौथे चरण में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा में 13 मई को मतदान होने के साथ समाप्त हो जाएगा। इंदौर और उज्जैन संभाग की इन आठ सीटों पर 74 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से तीन सीटें रतलाम, खरगोन और धार अदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित हैं। बीते दो चुनावों से भाजपा सभी सीटों पर कमल खिला रही है। 2009 में भी कांग्रेस केवल देवास, खंडवा, मंदसौर और उज्जैन लोकसभा सीट पर चुनाव जीत सकी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रतलाम सीट से ही मध्य प्रदेश में चुनावी बिगुल फूंका था। अब उनकी एक बार फिर यहां सभा कराने की तैयारी है। जवाब में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की भी सभाएं अगले दो दिन में होंगी।





| वोट प्रतिशत -2019 | | 2014 में मिले मत | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| 49.70% | 43.23 % | 50.20 % | 41.88 % |

### रतलाम में कांग्रेस लगा रही इस बार जीत की उम्मीद

- इनमें रतलाम-झाबुआ और धार सीट पर सबसे तगड़ा मुकाबला माना जा रहा है। रतलाम में भाजपा की अनीता नागर सिंह चौहान और कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया में सीधा मुकाबला है। अनीता आलीराजपुर क्षेत्र की रहने वाली हैं और उनके पति नागर सिंह चौहान वन मंत्री हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गुमान सिंह डामोर ने कांतिलाल भूरिया को 90 हजार वोटों से हरा दिया था, लेकिन इस बार भूरिया कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें पांच अलीराजपुर, पेटलावद, रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर और सैलाना में भाजपा, जबकि तीन विधानसभा सीटों जोवट, झाबुआ और थांदला में कांग्रेस का कब्जा है। 1952 से 2019 तक यहां हुए 18 लोकसभा चुनावों भाजपा सिर्फ तीन बार जीती है। 2015 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया ने जीते थे।

### इंदौर में जीत का नया रिकार्ड बनाने का प्रयास

इंदौर लोकसभा सीट पर भाजपा अब तक की और प्रदेश की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश में है। यहां कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेकर भाजपा में जाने के बाद भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी के सामने कोई चुनौती नहीं रह गई है। 2019 के चुनाव में भाजपा के शंकर ललवानी को 10 .68 लाख वोट मिले थे। वह 5 .47 लाख वोटों से जीते थे। इस बार उनके सामने बसपा प्रत्याशी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस ने किसी का भी समर्थन नहीं किया है। इंदौर को भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। कांग्रेस को इस सीट पर पिछले 40 साल से जीत का इंतजार है। कांग्रेस आखिरी बार 1984 में यहां जीती थी, तब पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश चंद्र सेठी सांसद चुने गए थे।

**कांग्रेस का न तो प्रत्याशी न किसी को समर्थन**

| 2019 में मत प्रतिशत | | वोट प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| 61.60% | 35.02 % | 58.19% | 35.44 % |

### देवास में कांग्रेस को 2009 दोहराने की तलाश

- 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई देवास लोकसभा सीट पर 2009 में कांग्रेस की जीत के बाद दो बार से भाजपा जीत रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार पूर्व जज महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कांग्रेस उम्मीदवार कबीर भजन गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया को 3 लाख 72 हजार वोटों से हराया था। भाजपा ने एक बार फिर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस से राजेंद्र मालवीय उनके सामने हैं।

### धार में भाजपा का गढ़ भेदने के लिए जूझ रही कांग्रेस

- धार लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर का उतारा है, जिनकी कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल से टक्कर है। मुवेल पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं और कांग्रेस नेताओं के पाला बदलने से परेशान हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के छतरसिंह दरबार ने कांग्रेस के दिनेश गिरवाल को 1.56 लाख वोटों से हराया था। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस और तीन पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा से 2014 में यहां से सावित्री ठाकुर जीती थीं, जबकि 2009 में कांग्रेस ने चुनाव जीता था।

| वोट प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस |
| 53.72 % | 42.12 % |

| मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस |
| 51.84 % | 42.18% |

### खंडवा में स्थानीय मुद्दों से भाजपा को घेरने की कोशिश

- खंडवा की पहचान कवि माखनलाल चतुर्वेदी, गायक किशोर कुमार और कवि प्रदीप से है। इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव ने 2009 में जीत दर्ज की थी। उप चुनाव मिलाकर यहां पिछले तीन चुनावों 2014, 2019 और 2021 में भाजपा का कमल ही खिलता रहा है। यहां लोगों के सामने बिजली, पानी, सड़क और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याएं हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार उन्हें स्थानीय समस्याओं पर घेर रहे हैं।

| वोट प्रतिशत -2021 उपचुनाव | |
|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस |
| 49.85 % | 43.40% |

| मत प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस |
| 57.14 % | 38.52% |

### उज्जैन में दिलचस्प हुआ चुनाव

- महाकाल की नगरी उज्जैन प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का गृह क्षेत्र है। उज्जैन लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। कांग्रेस पिछली बार 2009 में जीती थी। लेकिन अब तक हुए चुनावों में 12 बार भाजपा तो कांग्रेस पांच बार ही जीत सकी है। 2014 में यहां से भाजपा के चिंतामणि मालवीय जीते थे। 2019 के चुनाव में भाजपा के अनिल फिरोजिया ने कांग्रेस के बाबूलाल मालवीय को 3 .65 लाख वोटों से हराया था। हालांकि वह 2018 में कांग्रेस के महेश परमार से विधानसभा चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने इस बार अनिल फिरोजिया का मुकाबला करने के लिए महेश परमार को मैदान में उतारकर चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

| वोट प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस |
| 63.20 % | 34.01 % |

| मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस |
| 63.07 % | 32.61% |

### मंदसौर में लगाया जातीय दांव

- मंदसौर को रावण की सुराल और अफीम की खेती के लिए जाना जाता है। मंदसौर लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस आखिरी बार 2009 में चुनाव जीती थी, तब कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन ने यह सीट कांग्रेस की झोली में डाली थी। इसके बाद से भाजपा का यहां कब्जा है। 2019 के चुनाव में भाजपा के सुधीर गुप्ता से कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन को 3 .76 लाख वोटों से हार गई थीं। इस सीट पर यह सबसे बड़ी जीत थी। तीन बार यहां जीत का अंतर 10 हजार से भी कम रहा है, जबकि चार चुनावों में एक लाख से कुछ अधिक रहा है। भाजपा सांसद सुधीर गौतम तीसरी बार मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस से दिलीप सिंह गुर्जर उन्हें टक्कर देने की कोशिश कर रहे हैं।

| वोट प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस |
| 61.80 % | 34.37 % |

| मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस |
| 60.13 % | 34.0% |

# महाराष्ट्र में वोटर के मिजाज से बेचैनी में दोनों गठबंधन

चुनाव डेस्क

- एनडीए 400 पार के लिए पिछली बार जीती 41 सीटों से आगे निकलने की कर रहा कवायद
- इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के साथ उद्धव और शरद पवार के लिए साख बचाने का सवाल

**61.20%** वोट पड़े थे 2019 के लोकसभा चुनाव में

**57 %** से कुछ अधिक मतदान हुआ पहले दो चरण में

**55.54%** लोगों ने ही वोट डाले तीसरे चरण में

**06** दलों के दो गठबंधन में होने से असमंजस में वोटर

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा की 48 सीटों वाले महाराष्ट्र का महत्व भाजपा के लिए इस बार सबसे ज्यादा है। पार्टी 400 पार के लक्ष्य को हकीकत में बदलने के लिए यहां से पिछली बार एनडीए गठबंधन को मिली 41 सीटों से आगे की सफलता की उम्मीद लगाए बैठी है, लेकिन राज्य की चुनावी कहानी कुछ अलग ही अंदाज में बदल गई है। छह बड़े दल और दो गठबंधनों के कारण मतदाता लगातार असमंजस और उलझन में है। इससे हर दल के समीकरण गड़बड़ा रहे हैं। तीसरे चरण के मतदान में बारामती में भी कुछ यही हुआ। मतदाता घरों से बाहर ही नहीं आए। 50 फीसदी से भी कम वोट पड़े, जबकि इस सीट पर मराठा छत्रप शरद पवार अपनी पुत्री सुप्रिया सुले तो उप मुख्यमंत्री अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार की जीत के लिए लगातार सभाएं कर रहे थे। राज्य में तीसरे चरण में 55 फीसदी से कुछ ज्यादा ही मतदाताओं ने वोट डाले। इससे पहले दो चरणों में 57.47% मतदान हुआ था। तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत और नीचे गिरने से सभी दलों की धड़कनें और बेचैनी और बढ़ गई है। राज्य में 2019 को लोकसभा चुनाव में 61.20% और 2014 में 60.32% मतदान हुआ था।

महाराष्ट्र में शिसेना और राकांपा में टूट के बाद कौन असली-कौन नकली की जंग के बीच बाकी नारे और बातें जैसे पीछे छूटती नजर आ रही हैं।

यहां सतह पर दो गठबंधनों के बीच सीधा मुकाबला दिखता है, लेकिन जमीनी हालात दूसरे हैं। असल में दोनों गठबंधनों की सभी छह पार्टियों के बीच एक-एक सीट के लिए वर्चस्व की लड़ाई छिड़ी हुई है। महाराष्ट्र में 2019 में भाजपा और शिवसेना साथ चुनाव लड़ी थी, जिसमें भाजपा को 23 और शिवसेना को 18 सीटें मिली थीं। राज्य की कुल 48 सीटों में 41 पर एनडीए गठबंधन की जीत हुई थी। लेकिन 2024 के चुनाव में पिछली बार के मुकाबले राजनीतिक समीकरण बदल गया है। शिवसेना और राकांपा दो भागों में बंट गई है और दोनों दलों का एक-एक भाग एनडीए और इंडिया गठबंधन के साथ है। ऐसे में बड़े-बड़े राजनीतिक धुरंधर भी सही आकलन नहीं कर पा रहे हैं कि इस बार कहां किसका पलड़ा भारी है। बात यहीं तक नहीं है, वंचित बहुजन अघाड़ी भी मैदान में है। पिछली बार उसने 7% वोट लेकर कई सीटों पर प्रत्याशियों की हार-जीत तय की थी। इस बार भी वंचित अघाड़ी कई सीटों पर कमाल दिखा सकती है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा के समर्थन में है। अब इस चुनावी माहौल के बीच मतदाता असमंजस की स्थिति में है, खासकर शिवसेना और राकांपा को वोट देने वाले। कभी वे प्रत्याशी का चेहरा देख रहे हैं, तो कभी नेता और सीट का समीकरण। राकांपा के कुछ कार्यकर्ता कहते हैं कि दिल से हम लोग शरद पवार के साथ हैं, लेकिन अजित पवार ने जो काम किए, उन्हें नजरअंदाज भी नहीं कर सकते हैं। यही स्थिति शिवसेना के कार्यकर्ताओं के साथ है। उद्धव की शिवसेना और शिंदे की शिवसेना में किसी एक को चुनने की परेशानी के बीच मराठा आरक्षण आंदोलन भी है, जिसकी आग अभी शांत नहीं हुई हैं।



**भारत के लाल** तेलंगाना के वारंगल में चुनावी रैली के लिएजाते समय रास्ते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक छोटे बच्चे को भाजपा के पटका के साथ देखा तो रुककर उसे दुलराए बिना नहीं रहे।

# भाई-बहन और पिता-पुत्री के बीच जंग

**आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव**

**अमृत विचार।** आंध्र प्रदेश में एक ही चरण में 13 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लेकिन मतदान से पहले यहां कई राजनीतिक परिवारों के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। कहीं, बहन के खिलाफ भाई मैदान में है तो कहीं बेटी ने अपने ही पिता के खिलाफ जंग का बिगुल बजा रखा है।

विजयवाड़ा को आंध्र प्रदेश की राजनीतिक राजधानी माना जाता है। यहां होने वाला मुकाबला बताता है कि राजनीति ने परिवारों को कितना बांट दिया है। केसिनेनी श्रीनिवास उर्फ नानी जो 2014 और 2019 में तेलुगु देशम के टिकट पर जीते थे, चंद्रबाबू नायडू से अलग होकर वाईएसआरसीपी में चले गए हैं। दरअसल उन्हें लगा कि नायडू उनके भाई केसिनेनी शिवनाथ उर्फ चिन्ना को बढ़ावा देने के लिए उन्हें दरकिनार कर रहे हैं। चिन्ना को तेलगू देशम से टिकट मिल गया था। उधर वल्लुरी भार्गव अपने चाचा को चुनौती देने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। काकीनाडा जिले में प्रभावशाली कापू नेता पूर्व सांसद मुद्रगदा पद्मनाभम की भी कुछ ऐसी ही कहानी है।

नाराज पूर्व सांसद और उनके बेटे पीथापुरम विधानसभा क्षेत्र में अभिनेता से नेता बने पवन कल्याण को हराने की कसम खाते हुए वाईएसआरसीपी में शामिल हो चुके हैं। हालांकि पूर्व सांसद की बेटी क्रांति उनसे सहमत नहीं हैं और उन्होंने पवन के साथ हाथ मिला लिया है। क्रांति ने वाईएस जगनमोहन रेड्डी पर जन सेना प्रमुख को निशाना बनाने के लिए अपने पिता का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। उधर पद्मनाभम ने पवन पर उनके परिवार में फूट डालने, उनकी बेटी को राजनीति में खींचने और उनके खिलाफ बोलने के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। इस जिले में वरिष्ठ तेलगू देशम नेता और पूर्व वित्त मंत्री यानमाला रामकृष्णुडु ने अपनी बेटी दिव्या को तुनी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

उन्होंने दिव्या को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बताया, इसके बाद उनके भाई यानमाला कृष्णुडु ने गुस्से में पार्टी छोड़ दी और वाईएसआरसीपी में शामिल हो गए। इसी तरह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुथयाला नायडू अनाकापल्ली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सीएम रमेश के सामने हैं। 2014 और 2019 में मदुगुला विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो चुनाव जीतने वाले नायडू को अपनी विधानसभा सीट दूसरी पत्नी की बेटी अनुराधा को सौंपने के लिए कहा गया था। इससे उनकी पहली पत्नी के पुत्र रवि कुमार नाराज हो गए और उन्होंने अनुराधा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने की ताल ठोंक रखी है।

# सोरेन की सहानुभूति ... बनाम मोदी की गारंटी

**गिरिडीह संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क



मथुरा महतो।

**अमृत विचार।** झारखंड प्रांत की गिरिडीह संसदीय सीट पर इस बार लड़ाई सहानुभूति बनाम मोदी की गारंटी के बीच है। अबकी बार चार सौ पार और मोदी की गारंटी के सहारे मैदान में उतरी भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू के उम्मीदवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से कड़ी चुनौती मिल रही है। वर्तमान सांसद एवं आजसू के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी अपनी हर सभा में केंद्र सरकार की लाभार्थी परक योजनाओं को गिना रहे हैं। वे यह बताने से नहीं चूकते कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादे किए थे उसे पूरे किए हैं और आगे भी पूरे होते रहेंगे। जबकि झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो उन्हें यह कहकर घेर रहे हैं कि हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की गारंटी पूरी नहीं हुई। झामुमो मुखिया हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर महतो मतदाताओं की सहानुभूति वोट के रूप में बटोरना चाहते हैं। इसमें उन्हें सफलता कितनी मिलेगी यह तो चार जून को पता चलेगा। इस सीट पर 25 मई को मतदान होगा।

गिरिडीह संसदीय सीट पर भाजपा ने 1989 में पहली बार जीत दर्ज की थी। राम मंदिर आंदोलन के मुद्दे को उभारकर भाजपा के रामदास सिंह यहां से संसद पहुंचने में कामयाब हो गए थे। तब यहां दो बार से लगातार जीत रही कांग्रेस को हराया था। लेकिन 1991 के चुनाव में भाजपा इस सीट को बरकरार नहीं रख पायी। उसके उम्मीदवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी ने पटक दिया था। हालांकि भाजपा को इस हार का बदला लेने के लिए बहुत ज्यादा इंतजार भी नहीं करना पड़ा। जब 1996 में चुनाव हुआ तो पार्टी ने रवींद्र कुमार पांडेय को मौका दिया। रवींद्र ने न सिर्फ इस चुनाव में जीत दर्ज की बल्कि वे 1998 और 1999 में हुए चुनाव में भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इस सीट पर पहली हैट्रिक उन्हीं के नाम है। इसके बाद किसी दल के उम्मीदवार ने हैट्रिक नहीं लगाई। हालांकि 2004 के चुनाव में इस सीट को पार्टी हार गई।

जब 2009 में चुनाव हुआ तो मतदाताओं ने रवींद्र कुमार पांडेय को फिर से जिताया वे 2014 में भी जीते लेकिन 2019 में यह सीट गठबंधन की सहयोगी आजसू के खाते में गई और राज्य सरकार में तत्कालीन मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी यहां से मैदान में उतरे और जीत गए। इस बार वे फिर समर में हैं।

### मुस्लिम मतों का विभाजन जीत का आधार

इस सीट पर मुस्लिम मतों में विभाजन ही भाजपा की जीत का आधार बनता रहा है। इसी आधार पर भाजपा नीत राजग गठबंधन की सहयोगी आजसू के उम्मीदवार भी पिछला चुनाव जीते थे। हर किसी की निगाह यहां कोइरी, कुर्मी और मुस्लिम मतदाताओं पर होती है। 1996 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो ), कांग्रेस, जनता दल व जेएमएम( एम ) अलग-अलग लड़े। मुस्लिम मत बंटा और भाजपा जीती। 1998 और 1999 में मुस्लिम मतदाता कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच बंटे फिर भाजपा जीती। 2004 में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा साथ लड़े तो भाजपा हारी। 2009 में झामुमो को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला तो भाजपा जीती। 2014 में भाजपा की जीत का आधार मतों का बंटवारा ही रहा।

**06** बार इस सीट पर काबिज हो चुकी है भाजपा

**2019** में भाजपा की सहयोगी आजसू यहां जीती थी

### राजनीति के मंझे खिलाड़ी हैं चौधरी



चंद्रप्रकाश चौधरी।

- चंद्रप्रकाश चौधरी राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी है। झारखंड राज्य के गठन के लिए उन्होंने आंदोलन किया और इसी वजह से उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। 2005 में वह अर्जुन मुंडा की सरकार में पहली बार मंत्री बने। 2006 में मधु कोड़ा, 2009 में शिबू सोरेन , 2010 में फिर अर्जुन मुंडा की सरकार में मंत्री बने। रघुवर दास की सरकार में भी उन्होंने मंत्री पद संभाला। उनके विरुद्ध लड़ रहे मथुरा महतो भी तीन बार के विधायक हैं। राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। वे लोगों को बताने में जुटे हैं कि भाजपा ने किस तरह ईडी का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया। वे लगातार हेमंत सोरेन को स्वच्छ और ईमानदार नेता बताने में जुटे हुए हैं।

इलेक्शन बायस्कोप




चुनाव में मतदान के प्रति जागरूकता अभियान में इन दिनों युवाओं का जोश भी देखते ही बन रहा है। इसी क्रम में बुधवार को लखनऊ के शिया पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम से रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया। -अमृत विचार

## राहुल-अखिलेश 12 मई को राजधानी में कर सकते हैं चुनावी सभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव इंडी गठबंधन के तहत 12 मई को राजधानी लखनऊ में चुनावी सभा कर सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस की ओर से आधिकारिक तौर पर चुनावी सभा की जानकारी नहीं दी गई है, पर सूत्रों के अनुसार राजधानी में चुनावी सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार दुबग्गा क्षेत्र में चुनावी सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है कि 10 मई को कन्नौज व कानपुर में चुनावी सभाओं के बाद राजधानी में चुनावी सभा कराने का कार्यक्रम है। इसी दिन बाराबंकी में भी चुनावी सभा कराने की तैयारी चल रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार तीन चरणों के मतदान के बाद इंडी गठबंधन बाकी चरणों के चुनाव में गठबंधन प्रत्याशियों को जिताने के लिए बूथ स्तर पर पकड़ बनाने में जुट गया है। गठबंधन में शामिल नेताओं व कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय बनाकर चुनावी रणनीति पर कार्य करने को कहा गया है।

# अखिलेश का आकाश के बहाने बसपा पर वार, मायावती ने किया पलटवार

### ▶ सपा और बसपा प्रमुख ने एक-दूसरे पर एक्स पर पोस्ट कर दी तीखी प्रतिक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को सत्तासीन भाजपा ही नहीं विपक्ष में इंडी गठबंधन से अलग खड़ी बसपा से भी राजनीतिक मोर्चे पर निपटना पड़ रहा है। दरअसल, मायावती ने कई लोकसभा सीटों पर ऐन वक्त पर प्रत्याशी बदले जिससे सपा को अपनी चुनावी गणित गड़बड़ाती दिखी। वहीं, राजनीतिक समीक्षकों की नजर में इसमें भाजपा को लाभ पहुंचाने वाला कदम दिखा। ऐसे में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जहां पहले बसपा के प्रति अचानक प्रत्याशी बदले जाने को लेकर नाराजगी प्रकट की थी वहीं, अब आकाश आनंद के बहाने मतदाताओं से यह अपील कर दी कि बसपा उम्मीदवारों को वोट देकर अपना मत खराब न करें। ऐसे में मायावती की ओर से भी कड़ी प्रतिक्रिया आनी स्वाभाविक थी।

### विफलता के कारण बसपा संगठन में फेरबदल: अखिलेश



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आकाश आनंद प्रकरण को बसपा का आंतरिक मामला तो कहा लेकिन इसके पीछे का कारण भी बताया है। बुधवार को अखिलेश ने दावा किया कि बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है क्योंकि बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडी गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं। इस बात को बसपा अपने संगठन की विफलता के रूप में ले रही है। इसीलिए उनका शीर्ष नेतृत्व संगठन में इतना बड़ा फेर-बदल कर रहा है। अखिलेश ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा कि सच तो ये है कि जब बसपा का प्रभाव क्षेत्र होते हुए भी पिछले तीन चरणों में उनकी एक भी सीट नहीं आ रही है तो फिर बाकी के चार चरणों में तो कोई संभावना बचती ही नहीं है।

### सपा कोई टिप्पणी न करें तो बेहतर: मायावती



बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने अखिलेश यादव के बयानों का संज्ञान लेते हुए पलटवार किया है। बुधवार को अखिलेश के बाद मायावती ने भी एक्स पोस्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कहा कि, बसपा संगठन में क्या कुछ चल रहा है इस पर घोर दलित-विरोधी सपा अगर कोई टिप्पणी व चिन्ता नहीं करे तो बेहतर। इसके बदले सपा नेतृत्व को चुनाव में उतारे गए उनके अपने परिवार व उनके यादव समाज के प्रत्याशियों का क्या हाल है इसकी केवल चिन्ता करें क्योंकि उन सब का हाल बेहाल है। मायावती ने कहा, सपा का चाल, चरित्र व चेहरा, हमेशा की तरह आज भी, जबरदस्त दलित, अति-पिछड़ा व संविधान में इनको दिए गए आरक्षण आदि के अधिकारों की विरोधी पार्टी का है। प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करना तथा इस सम्बंध में बिल को संसद में फाड़ना आदि इनके ऐसे कार्य हैं जिसे माफ करना मुश्किल।

### यूं ही नहीं आकाश को हटाया

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से जौनपुर सीट पर जीतने वाले प्रत्याशी को एकाएक बदलने की कड़वाहट अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि मंगलवार को आकाश आनंद को पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त कर देने की खबर से सभी हैरत में पड़ गये। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है कि सीतापुर में आकाश आनंद की वजह से पार्टी के अन्य नेता भी एफआईआर की चपेट में आ गए हैं। इससे लोकसभा चुनाव में प्रचार की सक्रियता प्रभावित हुई। इसको लेकर बसपा प्रमुख काफी नाराज थी। इतना ही नहीं, मायावती द्वारा रोक देने के बावजूद आकाश आनंद दिल्ली में रहकर प्रचार-प्रसार कर रहे थे। इस दौरान आकाश ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में और दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक व छात्रों के अलावा विदेश में बसे बहुजन समाज के लोगों के साथ संपर्क करते हुए न केवल बसपा का प्रचार किया बल्कि उसे सोशल मीडिया पर भी साझा किया। जो कि पार्टी प्रमुख के निर्देशों की अवहेलना के साथ ही सिद्धांत विपरीत भी है।

### अपनी ढपली अपना राग



रामद्रोही कहते हैं कि मंदिर बेकार बन गया। ये जब सत्ता में आते हैं तो हर जगह डकैती डालते हैं। इनके लिए किया गया बुलडोजर का आविष्कार। -योगी आदित्यनाथ



सपा और कांग्रेस गरीबों के लिए बनाई गई योजनाओं को भ्रष्टाचार से हड़पने का मंसूबा पाले हैं। अनुसूचित वर्ग से आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं। - धर्मपाल सिंह



हम हर उस चीज के लिए लड़ रहे हैं जिनके लिए हमारे पूर्वज लड़े। देश की परिस्थितियों को गहराई से समझना होगा और मजबूती से लड़ाई लड़नी पड़ेगी। -प्रियंका गांधी



भाजपा जानबूझकर गर्मी में वोटिंग करा रही है। फिर भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करें, क्योंकि यह आपका जीवन बदल सकता है। -डिंपल यादव

## चुनावी चक्कर

● **राजनीति की इच्छा जुनून की हद तक :**

राजनीति करने की इच्छा भी किसी-किसी शख्स में जुनून की हद तक चली जाती है। मामला जौनपुर जिले का है। यहां एक शख्स ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन किया। इसके बाद वह प्रचार में भी जुट गया। बाद में जब नामांकन पत्रों की जांच हुई तो कुछ कमी पाए जाने पर निर्वाचन अधिकारी ने उसका पर्चा खारिज कर दिया। पर्चा खारिज हुआ नहीं कि वह शख्स सरेराह फूट-फूट कर रोने लगा। उसने कहा कि उसका शौक था लोकसभा चुनाव लड़ने का। भले ही मुझे एक ही वोट मिलता, इसका गम नहीं होता, लेकिन चुनाव ही न लड़ पाया इससे ज्यादा दुखी हूं। इस निर्दल प्रत्याशी का नाम है अमित कुमार सिंह। दरअसल, अमित का दर्द यूं ही नहीं फूटा। उसने लड़ने के लिए उसने अपना मकान, सोने- चांदी सब कुछ बेच दिया था। पर्चा खारिज होने के बाद उसने अपने सहयोगी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुंह मांगा पैसा दिया। अब मेरा पर्चा खारिज हो गया। तो वह भाग गए। कहते हैं कि मेरी कोई गलती नहीं है। बहरहाल, यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# रायबरेली का सलोन होगा अमेठी के रण का प्रमुख निर्णायक

### ▶ पिछले दो लोकसभा चुनावों में सलोन में बढ़त लेने वाले दल का प्रत्याशी बना सांसद

धर्मेन्द्र प्रधान, रायबरेली

**अमृत विचार।** सलोन विधानसभा क्षेत्र रायबरेली का वह हिस्सा है जो लोकसभा चुनाव में अमेठी लोकसभा सीट की तस्वीर को साफ करता है। इसी सीट पर जो बढ़त लेता है वह अमेठी का सांसद बनता है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में इसी विधानसभा में बड़ी लीड लेने के कारण 2014 में राहुल गांधी और 2019 में स्मृति इरानी सांसद बनी। एक बार फिर से यह विधानसभा कांग्रेस और भाजपा के लिए गेम चेंजर सरीखी होगी।


रायबरेली की सलोन विधानसभा सीट (आरक्षित) है तथा लोकसभा चुनाव में यह सीट अमेठी का हिस्सा है। असल में इसके अतीत की भी कहानी है। 1952 के लोकसभा चुनाव में सलोन एक प्रोविंशियल लोकसभा थी। इसके पहले सांसद ब्रजलाल कुरील थे। इसके साथ ही रोखा विधानसभा भी थी। बाद में 1967 में अमेठी लोकसभा सीट बनीं और सलोन को रायबरेली की विधानसभा बना दिया गया तथा रोखा विधानसभा को खत्म कर दिया गया। असल में आजादी के पहले से सलोन का हिस्सा अमेठी से सटा रहा था तो राजनीतिक लिहाज से सलोन में अमेठी की राजनीति हावी रहती थी। जब अमेठी लोकसभा सीट बनी तो आरक्षित विधानसभा सीट और अमेठी से लगा होने के चलते सलोन को लोकसभा के चुनाव में उसका हिस्सा बना दिया गया। करीब 2.10 लाख मतदाता वाली सलोन विधानसभा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के तैयार है।

लोकसभा चुनाव में लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहती है। सपा ने 2009 से अमेठी सीट पर वॉक ओवर दे रखा है। इस कारण भाजपा और कांग्रेस के बीच ही घमासान होता है। सलोन विधानसभा में एससी वोटर सबसे अधिक है। इसी कारण भाजपा और कांग्रेस के बीच इस वोटबैंक को पाने के लिए जोर आजमाइश होती रहती है। जो सलोन में लीड करता है वह अमेठी लोकसभा जीतता है। यह कहानी 2014 के लोकसभा चुनावों से चल पड़ी है। इससे पहले के चुनावों में सलोन सीट की मार्जिन जीत के अंतर को कम अधिक करती थी लेकिन पिछले दो चुनावों से सलोन सीट पर एकतरफा वोट से अमेठी सीट जीती जा रही है। वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से राहुल गांधी को सलोन विधानसभा में 88,111 मत (71.8 फीसदी) मत मिले। वहीं भाजपा से चुनाव मैदान में उतरीं स्मृति जूबिन इरानी को 55,014 (27.09 फीसद) मत मिले थे। 33,097 मतों से राहुल गांधी ने सलोन से बड़ी लीड ली थी और इस तरह वह चुनाव जीते थे। इसके बाद 2019 का रोमांचक लोकसभा चुनाव हुआ जिसमें स्मृति जूबिन इरानी ने सारे समीकरण ध्वस्त करते हुए सलोन विधानसभा से 90,195 मत हासिल लिए जो रिकार्ड रहे। इसके पहले किसी भी प्रत्याशी को सलोन से इतने मत नहीं मिले थे।

स्मृति ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले 35181 मत अधिक हासिल किए। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को 88285 मत मिले तथा 2019 के चुनाव की तुलना में 174 मत अधिक मिले थे लेकिन स्मृति इरानी ने सलोन से इनती बड़ी लीड थी कि वह अमेठी लोकसभा चुनाव जीत गईं। साथ ही गांधी परिवार को 1977 के बाद हार का सामना करना पड़ा।



### पिछले दो विधानसभा चुनाव में दलों को मिले मत




### बसपा प्रत्याशी के उतरने से मुकाबला होगा रोमांचक

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन के कारण बसपा ने प्रत्याशी ने नहीं उतारा था और यही कारण रहा कि उस चुनाव में बसपा का कैडर वोट भी खिसक कर भाजपा के खेमे में चला गया था। यही कारण रहा था कि भाजपा को रिकार्ड मत मिले थे। इस बार स्थिति बदली हुई है। कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले हैं तो वही बसपा प्रत्याशी उतारेगी यह तय है लेकिन किसे उतारेगी इस पर कार्ड बंद है। बसपा के मैदान में आने से सलोन विधानसभा का चुनावी मैदान जोरदार होने की उम्मीद है। बसपा का अपना काडर वोट है तथा 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने भले ही 9495 मत पाए हों लेकिन उसने भाजपा का खेल खराब किया था। जबकि 2019 में भाजपा को बसपा के प्रत्याशी न उतरने से चुनावी रणक्षेत्र को जीतने में दिक्कत नहीं हुई। भाजपा का ग्राफ 27 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी के ऊपर पहुंच गया।

### विधानसभा चुनाव में सपा ने दी थी भाजपा को टक्कर

सलोन में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा को सपा ने जोरदार टक्कर दी थी। भाजपा इस सीट को 2111 मतों से जीत सकी थी। लोकसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस को वॉक ओवर दिया है तो सपा का पिछड़ा और बेस वोटर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में रहने की पूरी उम्मीद है। ऐसे परिदृश्य में 2019 की तुलना में इस बार भाजपा को सधी हुई रणनीति के साथ मैदान में उतराना होगा। भाजपा का थिंक टैंक भी इस पर नई रणनीति बनाने पर काम कर रहा है।

# भाजपा-सपा की सीधी लड़ाई में संघर्ष करती दिख रही बसपा

### ▶ जातीय समीकरण के आधार पर इंडी गठबंधन प्रत्याशी को उतारा मैदान में

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** कहा जाता है कि यदि कोई घर का व्यक्ति कोई गलत कार्य करता है तो आने वाली पीढ़ी उसका फल भोगती है। यदि अच्छे आचरण, अच्छे काम होते हैं तो उसकी सात पीढ़ियों तक उसका फल मिलता है। लेकिन अभी अधिक समय नहीं हुआ है। वर्ष 2009 की बात है जब एक दबाओ तीन गिराओ का नारा उठा तो जिले के तीन क्षत्रप धराशायी हो गए और कांग्रेस के टिकट पर बाराबंकी से चलकर आए बाबू बेनी प्रसाद वर्मा जीतकर केंद्र में इस्पात मंत्री बन गए। बाबू बेनी प्रसाद वर्मा का बड़ा कद देखते हुए गोंडा के मतदाताओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया और इस आशा से कि बाबू जी मंत्री बनेंगे और गोंडा में विकास की गंगा बहेगी। बाबू जी ने यहां तीन स्टील फैक्ट्रियों का उद्घाटन कर दिया। लेकिन जमीन पर न तो फैक्ट्री बनी और न ही विकास की गंगा बही। 2014 का चुनाव आया तो न कोई स्टील फैक्ट्री लगी न कहीं उसकी जमीन दिखी। नतीजा 2014 में बाबू बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिरे से खारिज कर दिया और वह जीतने को कौन कहे चौथे स्थान पर खिसक गए।

अब दस साल बाद बाबू बेनी प्रसाद वर्मा तो नहीं रहे लेकिन उनकी विरासत लेकर गोंडा संसदीय सीट पर उनकी पौत्री श्रेया वर्मा आ गई। बेनी प्रसाद वर्मा कांग्रेस से चुनाव लड़े थे और श्रेया इंडी गठबंधन में सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। जिस जातीय समीकरण पर बाबू बेनी प्रसाद वर्मा मैदान में उतरे थे उसी जातीय समीकरण को आधार बनाकर सपा ने श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। धर्मजाति के नाम पर राजनीतिक दलों ने सबका बंटवारा जरूर कर दिया है लेकिन जब श्रेया वर्मा मैदान में जाती हैं तो उनके पास उपलब्धियां गिनाने को कुछ नहीं है। पार्टी के कैडर वोट, मुस्लिम वोट तथा कुर्मी विरादरी की बदौलत वह मैदान में हैं। गोंडा लोकसभा सीट पर पूरा दारोमदार कुर्मी बिरादरी पर टिक गया है। चित पट की लड़ाई चल रही है। भाजपा अपने दो सजातीय विधायकों के भरोसे समीकरण साध रही है तो बिरादरी का प्रत्याशी होने के नाते सपा सीधे मुकाबले की रणनीति में लगी है। कुर्मी वर्ग के राम तीरथ वर्मा कहते हैं कि सपा उम्मीदवार के पास बताने के लिए कुछ नहीं है। 2009 से 2014 के बीच जो झूठे वादे बाबू बेनी प्रसाद वर्मा ने किए थे वह सब आसामानी थे। यहां के लोगों को अब ठगना आसान नहीं है। लोग पूछते हैं कि बाबू जी ने गोंडा वासियों को पांच साल में क्या दिया। इसीलिए 2014 में मुहं की खानी पड़ी।

विक्रम वर्मा कहते हैं कि कुर्मी विरादरी को अधिक समय तक नहीं बरगलाया जा सकता है। विरादरी के नाम पर कुर्मी कब तक बेवकूफ बनते रहेंगे। वहीं सपा उम्मीदवार के साथ लगे लोगों का कहना है कि भाजपा का झूठ भी किसी से छिपा नहीं है। इसलिए जनता मन बना चुकी है कि यदि विकास करना है तो सपा को ही आगे बढ़ाना होगा। सपा जाति धर्म की राजनीति नहीं करती है। वहीं भाजपा के समर्थकों का मानना है कि पिछला चुनाव दो लाख से अधिक मतों से विजय मिलेगी उससे कम इस बार भी मत नहीं मिलेगा।

### ▶ भाजपा के समर्थकों का कहना है कि पिछली बार की तरह होगी जीत



कीर्तिवर्धन सिंह



श्रेया वर्मा



सौरभ मिश्रा

### प्रत्याशियों के सामने चुनौतियां कम नहीं


सपा और भाजपा दोनों के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। विकास की बात हमेशा होती है परंतु चुनाव आते ही सारे दांव पेंच जाति धर्म पर आ टिकती है। सारे चेहरे भूल जाते हैं और याद रह जाता है अपना धर्म और जाति। ऐसा पिछले चुनावों में भी दिखा। लेकिन बीते दो चुनावों में भाजपा का बेड़ापार मोदी के नाम पर हुआ था। भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिहं को इस बार भी मोदी नाम का सहारा है लेकिन चुनौती कठिन है। इसी तरह सपा को जिस बड़े चेहरे बाबू बेनी के नाम पर उनकी पोत्री श्रेया को मैदान में उतारा गया है उसका असर उतना नहीं दिख रहा है। राजनीति के जानकार प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र कहते हैं कि सपा जिसे अपना कैडर वोट मानती है वह तो मिलेगा लेकिन जितनी अपेक्षा है उतना नहीं। वहीं भाजपा को भी मेहनत करनी होगी। सीधी लड़ाई होने के नाते चुनौती अवश्य है। बसपा सौरभ मिश्रा को यहां से उतार कर अपना पैठ बना रही है। यदि उसका संदेश कैडर तक पहुंचेगा तो आगे आने वाले विधानसभा में असर दिखेगा। फिलहाल अभी बसपा संघर्ष करती दिख रही है।

### 2019 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कीर्ति वर्धन सिंह | 5,08,190 |
| सपा | विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह | 3,41,830 |
| कांग्रेस | कृष्णा पटेल | 25,686 |
| पीएसपी | कुतुबुद्दीन खान | 6,212 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कीर्ति वर्धन सिंह | 3,59,643 |
| सपा | नंदिता शुक्ला | 1,99,227 |
| बसपा | अकबर अहमद डम्पी | 1,16,178 |
| कांग्रेस | बेनी प्रसाद वर्मा | 1,02,254 |




### मोदी नाम का सहारा

बिरासत की जंग को आगे बढ़ाने में भाजपा उम्मीदवार भी लगे हैं। देश दुनिया में हो रहे भारत के नाम की चर्चा कर स्थानीय मुद्दों को दर किनार किया जा रहा है। गोंडा से छिने विश्वविद्यालय, सीवर लाइन का न बनना, आईटी बेस इंजीनियरिंग कालेज का छिनना, तीन रेलवे क्रासिंगों पर ओवरब्रिज न बनना आदि मुद्दे गौड़ हो गए हैं। भाजपा उम्मीदवार के सामने भी मोदी नाम केवलम का मंत्र है जिससे बिरासत की जंग को आगे बढ़ाने की कसरत चल रही है। 40 साल से जिस राजघराने में राजनीति की कुर्सी पर पिता और पुत्र काबिज हो रहे हैं उन्हें भी जाति, धर्म के नाम पर जंग लड़ना पड़ रहा है। इतना ही नहीं चार टर्म पिता तो चार टर्म बेटा भी कुर्सी संभाल चुका है और लोग उनसे भी सवाल दाग रहे हैं कि 40 साल की राजनीति में गोंडा को क्या मिला। राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा भले ही आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है लेकिन स्थानीय मुद्दे कहीं न कहीं उछल कर आम लोगों के सामने जरूर आ रहे हैं।

### वोट पाने की जुगत हो गई थी फेल

2019 के लोकसभा चुनाव में कुर्मी वर्ग की अधिकता को देखते हुए कांग्रेस ने कृष्णा पटेल को मैदान में उतारा था। लेकिन उन्हें मात्र 25 हजार वोट से ही संतोष करना पड़ा था। जबकि कृष्णा पटेल गोंडा की जमीन 25 साल से तैयार कर रही थीं। सोनेलाल पटेल भले ही गोंडा से चुनाव नहीं लड़े लेकिन वह गोंडा से लगातार जुड़े रहे और पूरे परिवार के साथ विरादरी से अपना नाता जोड़ने की कवायद करते रहे। यही सोचकर कृष्णा पटेल को कांग्रेस ने कृष्णा पटेल को उतारा था लेकिन विरादरी ने उनका साथ तक नहीं दिया था। इस बार सपा ने विरादरी वोट की खातिर श्रेया को मैदान में उतारा है लेकिन परिस्थितियां दूसरी हैं।

### ब्राह्मणों पर सबकी नजर

वैसे इस चुनाव में हिंदू-मुस्लिम मुकाबले की दुहाई दी जा रही है लेकिन सपा मुस्लिम, यादव के साथ सजातीय उम्मीदवार की दुहाई दे रही है। इन सबके मध्य सजातीय होने के नाते क्षत्रिय भाजपा के साथ दिख रहे हैं। दलित व पिछड़ों पर भी डोरे डाले जा रहे हैं लेकिन ब्राह्मणों को लेकर संशय बना है। भाजपा मानती है कि ब्राह्मण उनके साथ है तो सपा अपने साथ मानकर चल रही है। बसपा उम्मीदवार ब्राह्मण है इसलिए उसे भी आशा है कि कुछ न तो कुछ उसे भी मिलेगा। लेकिन यदि ब्राह्मण की बंधी गांठ खुल गई तो सपा को लाभ हो सकता है और यदि बंधी रह गई तो भाजपा को लाभ मिल सकता है।

# संगठनात्मक बैठकों में आज शामिल होंगे जेपी नड्डा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● **नड्डा चित्रकूट व फतेहपुर में जनसभाओं को भी करेंगे सम्बोधित**

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुरुवार को भाजपा मुख्यालय लखनऊ में आयोजित पांचवे चरण के लोकसभा क्षेत्रों के विधानसभा सदस्यों और विधान परिषद सदस्यों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। इसके बाद वह लखनऊ कलस्टर के तहत लोकसभा क्षेत्र लखनऊ, उन्नाव, मोहनलालगंज एवं रायबरेली के लोकसभा संयोजको, प्रभारियों, विधानसभा संयोजक व प्रभारियों, जिलाध्यक्ष व जिलाप्रभारियों सहित लोकसभा विस्तारों की बैठक में भी शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठकों में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह साथ रहेंगे।

इससे पहले जेपी नड्डा दिन में चित्रकूट व फतेहपुर में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित करेंगें। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुरुवार की दोपहर गोस्वामी तुलसीदास गर्वेमेंट कॉलेज बेड़ी पुलिया, चित्रकूट में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें। इसके बाद वह रामलीला मैदान, विन्दकी, फतेहपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी भी इन जनसभाओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ रहेंगे।

# मोदी-अडानी भाई-भाई, देश बेचकर खाई मलाई : संजय

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** आप सांसद संजय सिंह ने कहा, मोदी-अडानी भाई-भाई, देश बेचकर खाई मलाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 10 साल बाद अडानी-अंबानी का भ्रस्टाचार नजर आया है। मोदी बोल रहें हैं कि बोरो में नोट भर भर , टेंपो से रूपया गया है। उनके इस बयान पर ईडी और सीबीआई को स्वतः संज्ञान लेकर अडानी और अंबानी के यहां पर जांच करनी चाहिये।

सांसद ने बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा कि मोदी ने पूंजीपति दोस्तों को रेल, सेल, कोयला, बिजली, पानी, सड़क, एफसीआई, एलआईसी, बीपीसीएल समेत हिन्दुस्तान की सारी संस्थाओं को बेचने का काम किया है। करीबी दोस्त अडानी के नाम सबकुद नीलाम कर दिया है। उसे पोर्ट दिया, एयरपोर्ट दिया, कोयला, गैस, बिजली, बड़ी-बड़ी खद्यानें, और 2.5 लाख करोड़ का कर्ज दिया है। सदन में उन्होंने, मोदी के सामने सदैव पूंजी पतियों की लूट का मुद्दा उठाया है। मगर मोदी को कभी समझ में नहीं आया है, आज जब सत्ता से विदाई का समय आया है तो उन्हें अडानी-अंबानी का भ्रस्टचार नजर आ रहा है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 बोल्ड 1135 डीएमओ 885।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-1300 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |


### सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट जारी करके कही बात...

# एआई से सेवा पेशेवरों की होती समय की बचत

बेंगलुरु, एजेंसी

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के बढ़ते उपयोग के बीच सेवा क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों का कहना है कि इससे समय की बचत के साथ ही दक्षता और ग्राहक संतुष्टि में भी सुधार हो रहा है। सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट में यह बात कही है। इस रिपोर्ट में 30 देशों में 5,500 सेवा पेशेवरों के बारे में सर्वे के परिणाम दिए गए हैं, जिनमें भारत के 300 पेशेवार शामिल हैं।

इस रिपोर्ट में ग्राहक सेवा का निर्धारण करने वाली प्राथमिकताओं, चुनौतियों और रणनीतियों को शामिल किया गया है, जिनमें यह भी शामिल है कि सर्विस टीमें ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं के बीच अपना राजस्व, एफिशियंसी और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने के लिए किस प्रकार एआई और डेटा का उपयोग कर रही हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन एफिशियंसी बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। क्वालिटी से समझौता किए बिना सेवा में सुधार के लिए संगठन एआई के उपयोग की तरफ ज्यादा झुक रहे हैं। इसमें कहा गया है कि भारत में 73 प्रतिशत सेवा संगठन एआई का उपयोग या आकलन कर रहे हैं। देश में 93 प्रतिशत सेवा संगठन इस साल एआई में निवेश बढ़ाना चाहते हैं। भारत में सेवा के लिए एआई के उपयोग के सर्वोच्च 3 मामले हैं, ऑटोमेटेड सारांश और रिपोर्ट, बेहतर ऑफर एवं परामर्श, ज्ञानपूर्ण लेख की रचना। इसमें कहा गया है कि भारत में एआई का उपयोग करने वाले 94 प्रतिशत सेवा पेशेवरों ने कहा कि इससे उनका समय बचता है। सेवा संगठनों ने राजस्व निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। सेवा को लागत केंद्र के रूप में राजस्व निर्माता के रूप में देखने का चलन बढ़ रहा है, और सेवा टीमें विस्तार के लिए निवेश कर रही हैं। देश में 79 प्रतिशत संगठनों को उम्मीद है कि इस साल उनके राजस्व में सेवा का योगदान ज्यादा रहेगा। भारत में 85 प्रतिशत सेवा संगठनों को इस साल ज्यादा बजट की उम्मीद है।



### ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रहीं हैं : अरुण

सेल्सफोर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक (सेल्स) अरुण कुमार परमेश्वरन ने कहा-ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। एआई के फायदे साफ दिख रहे हैं, जिनमें ज्यादा उत्पादकता, कीमतों में कमी, और बेहतर ग्राहक अनुभव शामिल हैं। संगठन डेटा क्षमताओं और ऑटोमेशन की परिपक्वता बढ़ाकर गुणवत्ता और स्पीड के साथ सेवा प्रदान करने में बेहतर संतुलन बनाने में समर्थ हो रहे हैं। एआई और डेटा से अगले स्तर का ग्राहक अनुभव मिल रहा है, और एआई विभिन्न उपयोगों में कारगर साबित हो रहा है, तथा राजस्व निर्माण के अवसर उत्पन्न करके ग्राहकों को अतुलनीय मूल्य प्रदान कर रहा है।

## रेलवे ने प्रतिदिन 7.41 किमी की दर से बिछाई पटरियां

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने पिछले 10 साल में औसतन 7.41 किलोमीटर प्रतिदिन की दर से पटरियां बिछाई हैं जिनमें नई लाइन के निर्माण के साथ-साथ मौजूदा लाइन का दोहरीकरण, तिहरीकरण और आमान परिवर्तन शामिल है। रेलवे ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, उसने 2014-15 से 2023-24 तक 10 वर्षों में कुल 27057.7 किलोमीटर रेल की पटरियां बिछाई हैं। आवेदन दायर करने वाले मध्य प्रदेश निवासी चंद्रशेखर गौड़ ने कहा कि जब मैंने आंकड़ों की गणना की, तो पता चला कि 10 वर्षों में प्रतिदिन औसतन करीब 7.41 किलोमीटर की दर से पटरियां बिछाने का काम किया गया।

## मोदी शासन में पीएसयू परेशान नहीं बल्कि फल-फूल रहे : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस पार्टी के आरोपों पर वित्त मंत्री ने दिया जवाब

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सार्वजनिक उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पहले उपेक्षित रहे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जैसे उपक्रमों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के दौरान ''पुनरुत्थान'' हुआ।

कांग्रेस पार्टी तथा उसके नेता राहुल गांधी के सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के परेशानी झेलने के आरोपों का खंडन करते हुए सीतारमण ने कहा कि यह ''उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'' जैसा है। मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) फल-फूल रहे हैं, तथा उन्हें बढ़ी हुई परिचालन स्वतंत्रता के साथ-साथ उनमें पेशेवर संस्कृति का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जो पहले संप्रग सरकार के दौरान उपेक्षित थे, मोदी सरकार के दौरान फिर से खड़े हुए। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस और खासकर राहुल गलत आरोप लगा रहे हैं।



### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 83,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,600-54,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,450 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,300 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,000 |
| चांदी पक्की | 815 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,450 |
| चांदी आभूषण | 82,100। |

## सेबी ने भ्रष्ट गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए कड़े किए नियम

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने कर्मचारियों की गड़बड़ी और भ्रष्ट गतिविधियों से निपटने के लिए नियम सख्त कर दिये हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इसके लिए अपने कर्मचारियों की सेवाओं को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत एक सक्षम प्राधिकार कानून के तहत सेबी को होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सीधे तौर पर संबंधित कर्मचारी से राशि की वसूली कर सकता है। यह राशि कर्मचारियों के वेतन और उसे मिलने वाली अन्य रकम से ली जा सकती है।

# 10 जिलों में बिकी 26,828 एमटी अधिक यूरिया, जांच के निर्देश

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

लापरवाही

- कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर बदायूं में बिक्री संदिग्ध
- जायद में पिछले वर्ष 35 दिन में 97,811 एमटी और इस वर्ष 1.24 लाख एमटी बिक्री

**अमृत विचार :** प्रदेश के 10 जिलों में जायद फसल के दौरान 1 अप्रैल से 5 मई तक अनुमान से अधिक यूरिया बिक गई। कृषि निदेशालय ने इसे संदिग्ध मानकर संबंधित जिला कृषि अधिकारी को अधिक यूरिया बेचने वाले फुटकर विक्रेताओं की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कृषि विज्ञानियों की मानें तो जायद फसल मार्च से मई तक होती है। इसमें मक्का, उड़द, मूंग व ज्यादातर सब्जियां बोई जाती हैं। मक्का को छोड़कर बाकी जायद फसलों में यूरिया का इस्तेमाल कम होता है। जायद मक्का भी कन्नौज, फर्रुखाबाद समेत आलू बेल्ट में ज्यादा होती है। जहां, आलू की फसल के बाद मक्का करने पर यूरिया कम मात्रा में लगती है।



इसके बावजूद विभागीय आंकड़ों के अनुसार बिजनौर, कन्नौज, कासगंज, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बदायूं, मुजफ्फरनगर व मेरठ में 1 अप्रैल से 5 मई तक 1,24,639 मीट्रिक टन यूरिया बिकी। पिछले वर्ष इन 35 दिन के अंतराल में इन जिलों में 97,811 मीट्रिक टन यूरिया की बिक्री हुई थी। इस वर्ष 26,828 मीट्रिक टन अधिक यूरिया बिकी। हालांकि विभाग इसका कारण खेती का क्षेत्रफल बढ़ना बता रहा है। लेकिन, हकीकत जांच में पता चलेगी।

**खरीफ के लिए यूरिया डंप करने की आशंका:** जायद में यूरिया की खपत और बिक्री कम होती है। कालाबाजारी करने वाले इस सीजन का फायदा उठाकर खरीफ व रबी फसल के लिए यूरिया डंप कर लेते हैं। खेतों में इस्तेमाल होने वाली यूरिया नीमकोटेड होती है और अनुदान काटकर सस्ती पड़ती है। इसका इस्तेमाल फैक्ट्रियों में प्लाई बोर्ड, पेंट, पशु आहार आदि बनाने में भी किया जाता है। जबकि फैक्ट्रियों में कॉमर्शियल टेक्निकल ग्रेड यूरिया मान्य है। जो काफी महंगी मिलती है और नीमकोटेड खरीदने पर दो हजार रुपये तक बचते हैं। इस तरह के मामले पूर्व में पकड़े भी गए हैं।

इस मामले को लेकर संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि यह नियमित समीक्षा है जो हर माह करते हैं। अधिक यूरिया की बिक्री होना जिलों में खेती का क्षेत्रफल बढ़ना है। फिर भी जांच के निर्देश दिए हैं कि कहीं अंसतुलित मात्रा में यूरिया का प्रयोग तो नहीं हुआ है।



# शहजादे ने अंबानी-अडाणी से कितना माल उठाया: मोदी

## हैदराबाद में प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की जताई आशंका

हैदराबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही 'अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया' है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें 'गाली देना' बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर 'दाल में कुछ काला' होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टेम्पो भर-भर के 'आपने पाया है' और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों का तीसरा 'फ्यूज' उड़ गया है।

उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भाजपा और राजग जीत की ओर बढ़ रहा है। मोदी ने कहा-आपने देखा होगा। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरु करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडड हो गया तब से एक नई माला जपना शुरु किया। पांच साल से एक ही माला जपते थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

### मोदी ने मित्रों पर ही हमला शुरू किया : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को दावा किया कि देश में तीन चरणों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुर्सी डगमगा रही है और उन्होंने अपने ही मित्रों पर हमला शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह चुनाव परिणामों के 'असली रुझान' को दर्शाता है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा! तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद आज प्रधानमंत्री अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं। इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। यही परिणाम के वास्तविक रुझान हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना में एक रैली में कहा था कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि उसने 'अंबानी-अडाणी' मुद्दा उठाना क्यों बंद कर दिया है मोदी ने कहा-आपने देखा होगा कि कांग्रेस के शहजादे पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरु करते थे... पांच साल से एक ही माला जपते थे। इन्होंने अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया।



नादिया (पश्चिम बंगाल) जिले के शांतिपुर में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के जश्न के दौरान छात्राओं ने मनमोहक नाटिका का प्रदर्शन कर दर्शकों का मोह लिया मन। ● एजेंसी

## एक नजर

### कोचिंग क्लास संचालक से 1.88 करोड़ की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 48 वर्षीय कोचिंग क्लास संचालक के साथ शेयर ट्रेडिंग की आड़ में 1.88 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई। पीड़ित को एक व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य बनाकर यह धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे मार्च में व्हाट्सएप ग्रुप 'स्टॉक वैनगार्ड (एफ)' में जोड़ा था। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप में 170 सदस्य थे और शेयर बाजार से संबंधित जानकारियां ग्रुप में डाली जाती थीं।

### देह व्यापार का भंडाफोड़ 10 आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस और सीएम फ्लाइंग ने बुधवार को एक होटल की आड़ में चल रहे देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ कर विदेशी महिलाओं सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया सेक्टर-57 क्षेत्र में होटल की आड़ में रेट फिक्स करके देशी और विदेशी महिलाओं से देह व्यापार कराने की पुष्टि करने के लिए अपने बोगस ग्राहक होटल में भेजे गए। पुलिस टीम द्वारा भेजे गए बोगस ग्रहाक ने होटल में जाकर रेट फिक्स किया और देह-व्यापार धंधे का भंडाफोड़ किया।

## 20 लाख मरीजों का डेटा चोरी क्रिप्टोकरेंसी में मांगी गई फिरौती

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

आरसीसी साइबर हमला

भारत में साइबर हमलों की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक के तहत यहां क्षेत्रीय कैंसर केंद्र (आरसीसी) के 20 लाख रोगियों के विवरण से छेड़छाड़ की गई, जिससे 14 में से 11 सर्वर प्रभावित हुए और विकिरण विभाग सहित कई प्रभागों में व्यवधान उत्पन्न हुआ।

सूत्रों ने बताया कि हमले ने 20 लाख से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां जुरायी गयी और क्रिप्टोकरेंसी में फिरौती की मांग की। कथित तौर पर कोरियाई-आधारित साइबर अपराधियों ने आरसीसी के डेटा स्रोत में सफलतापूर्वक घुसपैठ की और 80 लाख से अधिक मरीजों की संवेदनशील जानकारियां निकालीं और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की फिरौतीफिरौती की मांग की। सूत्रों ने कहा-तिरुवनंतपुरम में आरसीसी के विकिरण विभाग पर साइबर हमला 30 अप्रैल, 2024 को हुआ था। यह एक राज्य के स्वामित्व वाला प्रीमियम कैंसर देखभाल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र है, जो पूरे भारत के रोगियों की सेवा करता है। हमले ने विकिरण उपचार के लिए उपयोग किए जाने वाले सॉफ़्टवेयर को लक्षित किया। मरीजों को विकिरण



देने वाला सॉफ्टवेयर हैक कर लिया गया था। हमले के लिए जिम्मेदार समूह को डाइक्सिन टीम के नाम से जाना जाता है।

सूत्रों के अनुसार 20 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी संग्रहीत करने वाले दो प्रमुख सर्वरों हैक किया गया था। लाखों मरीजों के सर्जिकल, रेडिएशन और पैथोलॉजी परिणाम वाले सर्वर पर हमला किया गया था। हमले ने मरीजों के इलाज और अनुवर्ती जांच को नुकसान पहुंचाया। मरीजों को गलत विकिरण खुराक मिल सकती थी, जिससे जीवन के लिए खतरा पैदा हो सकता था। हैकर्स ने जिम्मेदारी ली और विदेश से एक ईमेल भेजा। उन्होंने अरबों रुपये की क्रिप्टोकरेंसी की मांग की। हमले के बाद से विकिरण उपचार रोक दिया गया है और आने वाले दिनों में फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

## नफे सिंह राठी हत्याकांड की जांच करेगी सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- हरियाणा सरकार की सिफारिश पर दर्ज किया गया मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के समीप बहादुरगढ़ में फरवरी में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा की गई इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी एवं एक पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की जांच अपने हाथों में ले ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस हमले में राठी के तीन निजी सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए थे। हमलावरों ने पूर्व विधायक राठी की गाड़ी पर गोलीबारी की थी। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने इस संबंध में फिर से यह मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल की एक अधिसूचना के मार्फत केंद्र द्वारा यह मामला सीबीआई के पास भेजी गयी थी। अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने इस मामले में पूर्व भाजपा विधायक नरेश कौशिक समेत सात आरोपियों को नामजद किया है। अन्य छह आरोपी करमबीर राठी, रमेश राठी, सतीश राठी, गौरव राठी, राहुल एवं कमल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में आपराधिक साजिश, हत्या तथा भादंसं की अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## औरंगाबाद और उस्मानाबाद के नाम बदलने के निर्णय के विरूद्ध दायर याचिकाएं खारिज

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं बुधवार को खारिज कर दीं और कहा कि 'नाम में क्या रखा है?' मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने कहा कि याचिकाओं में दम नहीं है तथा राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी अधिसूचना में किसी हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। हाईकोर्ट की पीठ ने कहा कि हमें यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदलने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी अधिसूचना में कुछ भी गैरकानूनी या कानूनी खामी नहीं है।

## सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। हार्वर्ड लॉ स्कूल से स्नातक सिब्बल 1989-90 के दौरान भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल थे। उन्हें 1983 में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री सिब्बल ने 1995 और 2002 के बीच तीन बार एससीबीए के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। एससीबीए के मानद सचिव रोहित पांडे ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ताओं के इस निकाय के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

# लिव-इन पार्टनर से दुष्कर्म के आरोप से विवाहित व्यक्ति बरी

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- दोषमुक्ति में एक अनुबंध व्यक्ति का मददगार साबित हुआ
- मध्य प्रदेश की जिला अदालत ने सुनाया फैसला

इंदौर की जिला अदालत ने 34 वर्षीय व्यक्ति को अपनी "लिव-इन" जोड़ीदार से दुष्कर्म, जबरन गर्भपात और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों से बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। खास बात यह है कि दोषमुक्ति में एक अनुबंध इस विवाहित व्यक्ति का मददगार साबित हुआ जिसमें 29 वर्षीय महिला ने इस बात पर सहमति जताई थी कि वह सात दिन उसके साथ और सात दिन अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा।

अधिकारी ने बताया कि महिला ने इस व्यक्ति के खिलाफ शहर के भंवरकुआं पुलिस थाने में 27 जुलाई 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार बलात्कार किया, जबरन गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात कराया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। अपर सत्र न्यायाधीश जयदीप सिंह ने तथ्यों और सबूतों पर गौर करने के बाद इस व्यक्ति को भारतीय दंड विधान की धारा 376 (दो) (एन) (महिला से बार-बार बलात्कार), धारा 313 (स्त्री की सहमति के बिना उसका गर्भपात कराना) और धारा 506 (धमकाना) के आरोपों से 25 अप्रैल को बरी कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में रेखांकित किया कि प्राथमिकी दर्ज कराने वाली महिला ने इस व्यक्ति के साथ 15 जून 2021 को बाकायदा अनुबंध किया था जिसमें साफ लिखा गया था कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और वह एक हफ्ते उसके साथ और एक हफ्ते अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा। अनुबंध में यह भी लिखा गया था कि महिला और इस व्यक्ति के बीच पिछले दो साल से प्रेम संबंध हैं। अपर सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इस अनुबंध से स्पष्ट है कि "लिव-इन" संबंध (किसी जोड़े का बिना शादी के साथ रहना) में रहने के दौरान महिला और इस व्यक्ति ने आपसी सहमति से शारीरिक रिश्ते बनाए थे और यह शख्स पहले से शादीशुदा होने के कारण उसके साथ विवाह करने की स्थिति में नहीं था। अदालत ने इस व्यक्ति को आरोपों से बरी करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में इस व्यक्ति को बलात्कार और जबरन गर्भपात का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।



# आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज रनचेज

## सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने 9.4 ओवर में बनाए 167 रन

**आज का मुकाबला**

पंजाब किंग्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड हैदराबाद | 12 | 533 |

### मंगोलिया ने बनाया टी20 का दूसरा न्यूनतम स्कोर

**सानो (जापान)।** एशियाई खेलों के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदार्पण करने वाले मंगोलिया इसके सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यहां केवल 12 रन पर आउट हो गया जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है। जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में आउट हो गई। टी20 में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी। जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा कातो ने 3.2 ओवर में 5 विकेट लिए।



**हैदराबाद, एजेंसी**

ट्रैविस हेड (89) और अभिषेक शर्मा (67) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 57वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को रिकार्ड 10 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ हैदराबाद अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने आईपीएल के इतिहास की सबसे तेज लक्ष्य का पीछा कर जीतने का रिकार्ड बनाया। आईपीएल के इतिहास में पहली सलामी जोड़ी के बीच पहले विकेट के लिए रिकार्ड 167 रनों की साझेदारी हुई। ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों में आठ चौके और आठ छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली। वहीं उनके जोड़ीदार अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के जड़ते हुए नाबाद (75) रन बनाए। हैदाराबाद ने 9.4 ओवर में 167 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। लखनऊ का कोई भी गेंदबाज विकेट लेने में नाकाम रहा।

इससे पहले आयुष बदोनी नाबाद (55) और निकोलस पूरन नाबाद (48) की पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत धीमी और खराब रही।



डिकॉक का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते भुवनेश्वर कुमार। ● एजेंसी

> मैं पहले से अधिक फोकस के साथ खेल रहा हूं। मैं स्पिनरों को खेलने पर मेहनत कर रहा हूं। वेस्टइंडीज में स्पिनरों की भूमिका अहम होगी। मैदान के चारों ओर शॉट्स खेलकर अच्छा लगा। हम पावरप्ले का पूरा इस्तेमाल करना चाहते थे। हर बार यह नहीं चलता है लेकिन हम इसी इरादे से उतरे थे। मैं और अभिषेक एक दूसरे को बखूबी समझते हैं। हमें रनरेट में आगे निकलना था और इसी वजह से हम इतना आक्रामक खेले। – **ट्रेविस हेड, प्लेयर ऑफ द मैच**

उसने तीसरे ओवर में क्विंटन डिकॉक (2) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान के एल राहुल और क्रुणाल पांड्या ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

10वें ओवर में पैट कमिंस ने के एल राहुल (29) को नटराजन के हाथों कैच आउट करा दिया। 12वें ओवर में क्रुणाल पांड्या (24) रनआउट हुये। उसके बाद आयुष बदोनी और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला। आयुष बदोनी ने 30 गेंदों में नौ चौकों की मदद से नाबाद (55) बनाये। वहीं निकोलस पूरन 26 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 48 रनों की पारी खेली। दोनों के बीच पांचवें विकेट लिये 99 रनों की साझेदारी हुई। लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाये। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट लिये। पैट कमिंस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

**लखनऊ 165/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त: 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल कैच नटराजन बो कमिंस | 29 | 33 | 1/1 |
| डिकॉक कैच नीतिश बो भुवनेश्वर | 2 | 5 | 0/0 |
| स्टोइनिस कैच सनवीर बो भुवनेश्वर | 3 | 5 | 0/0 |
| क्रुणाल पांड्या रन आउट (कमिंस) | 24 | 21 | 0/2 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 48 | 26 | 6/1 |
| आयुष बदोनी नाबाद | 55 | 30 | 9/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4–0–12–2, कमिंस 4–0–47–1, शहबाज 2–0–9–0, विजयकांत 4–0–27–0, उनादकट 2–0–19–0, नटराजन 4–0–50–0

**हैदराबाद 167/0** — 9.4 ओवर, अतिरिक्त: 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 75 | 28 | 8/6 |
| ट्रेविस हेड नाबाद | 89 | 30 | 8/8 |

**गेंदबाजी :** गौतम 2–0–29–0, ठाकुर 2.4–0–47–0, बिश्नोई 2–0–34–0, नवीनुल हक 2–0–37–0, बडोनी 1–0–19–0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 6 | 5 | 12 | -0.065 |
| चेन्नई | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

## लगातार चौथी जीत पर होगी आरसीबी की नजर



**धर्मशाला, एजेंसी**

- धर्मशाला की नई हाइब्रिड पिच पर आज आमने-सामने होंगी पंजाब और बेंगलुरु की टीम
- प्ले ऑफ की दौड़ में खुद को बनाए रखने के लिए दोनों ही टीमों को जीत की तलाश

आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी।

पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। इन दोनों में से हालांकि एक ही टीम 14 अंक के आंकड़े को छू पाएगी। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम आत्मविश्वास से भरी है। पंजाब किंग्स ने सुपरकिंग्स के खिलाफ अपना सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन किया। उनके गेंदबाज सुपरकिंग्स के सभी बल्लेबाजों पर हावी रहे लेकिन बल्लेबाजी इकाई ने निराश किया। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्हें अपने घरेलू मैदान पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता।

## जिनेवा ओपन में चोट से वापसी करेंगे एंडी



**जिनेवा।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन एंडी मरे इस महीने टखने की चोट से वापसी करते हुए जिनेवा ओपन में खेलेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की कि उन्होंने 18 मई से शुरू होने वाले क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के लिए 36 साल के मरे को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया है। पिछले महीने मियामी ओपन में खेलते हुए मैच के दौरान मरे के बाएं टखने के लिगामेंट में चोट लगी थी। उन्होंने इसके लिए सर्जरी का विकल्प नहीं चुना। वर्ष 2018 में कूल्हे की चोट के बाद पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मरे ज्यादा नहीं खेले हैं और वह कह चुके हैं कि इन गर्मियों के सत्र के बा द वह शायद संन्यास ले लेंगे। दो बार के विम्बलडन और ओलंपिक चैंपियन मरे पेरिस ओलंपिक में फिर से ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद कर रहे हैं। जिनेवा ओपन फ्रेंच ओपन के लिए अभ्यास टूर्नामेंट है।

## एशिया को टूर्नामेंट में खेलने के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की जरूरत : यूरी



**नई दिल्ली।** एशियाई टेनिस का चेहरा बदलने के लिए प्रतिबद्ध एशियाई टेनिस महासंघ (एटीएफ) के युवा अध्यक्ष यूरी पोलस्की चाहते हैं कि एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को विदेश में खेलने के बजाय एशियाई टूर्नामेंट में खेलने को तवज्जो देनी चाहिए। पोलस्की की निगाहें नेपाल, बांग्लादेश, म्यामांर और सीरिया जैसे देशों में टेनिस खेल का विकास करने पर लगी हैं जहां यह खेल इतना लोकप्रिय नहीं है। पोलस्की पिछले साल दिसंबर एटीएफ अध्यक्ष चुनाव में जीते थे और वह इस खेल को उन देशों में लोकप्रिय कराना चाहते हैं जो इसमें जूझ रहे हैं। एशियाई टेनिस को एशियाई टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ एशियाई खिलाड़ियों की भागीदारी की जरूरत है क्योंकि अधिकतर वे यूरोप जाकर खेलना पसंद करते हैं, वे उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका जाकर खेलते हैं। इसका मतलब है कि स्थानीय एशियाई खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ के साथ खेलने का मौका नहीं मिलता। इसलिए आपको देश के अंदर ही प्रतिस्पर्धा की जरूरत है और आपको एशिया में काफी टूर्नामेंट की जरूरत है।

## कैच पर असहमति जताने के लिए सैमसन पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कल खेले गए मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

सैमसन को अंपायर के फैसले से असहमति व्यक्त करने के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल एक का दोषी पाया गया। उन्होंने दोष और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 16वें ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर शाई होप ने लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हो गए थे। होप ने सीमा रेखा के करीब कैच लपका और अपने पैर जमाने से पहले थोड़ी देर के लिए लड़खड़ा गए। इस बात को लेकर अनिश्चिता थी कि उनका पैर बाउंड्री को छू गया था या नहीं, मैदानी अंपायरों ने टीवी अंपायर माइकल गफ को बुलाया गया उन्होंने कैच आउट पर फैसला दिया था। सैमसन की मैदान छोड़ने से पहले मैदानी अंपायरों से काफी देर बहस हुई थी।

## फेडरेशन कप में नीरज लेंगे भाग



**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीरज चोपड़ा 12 से 15 मई तक ओडिशा के भुवनेश्वर में होने वाले फेडरेशन कप 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। तीन साल पहले टोक्यो 2020 में ओलंपिक चैंपियन बनने के बाद देश में नीरज चोपड़ा की यह पहली प्रतियोगिता होगी।

फेडरेशन कप 2024 का आयोजन 12 से 15 मई के बीच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होगा। चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स 2024 में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। चोपड़ा और जेना के अलावा, फेडरेशन कप 2024 जैवलिन इवेंट में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता मनु डीपी और ओलंपियन शिवपाल भी पदक की रेस में शामिल होंगे। नीरज चोपड़ा ने फेडरेशन कप 2021 में उन्होंने 87.80 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। नीरज चोपड़ा 2022 में डायमंड लीग चैंपियन और 2023 में विश्व चैंपियन बने और पिछले वर्ष उन्होंने हांगझोऊ में हुए एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीता था।

## टी-20 विश्व कप के लिए आयरलैंड और पापुआ न्यू गिनी की टीमें घोषित

**डबलिन, एजेंसी**

अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया। स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है।

आयरलैंड टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप ए में पांच जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ करेगा। ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है। आयरलैंड की टीम टी20 विश्व कप में लगातार आठवीं बार हिस्सा ले रही है। टीम ने यूरोप क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल में स्कॉटलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

वहीं, पापुआ न्यू गिनी ने भी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है जिसकी कमान 36 साल के अनुभवी असद वाला को सौंपी गई है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में भी यह भूमिका निभाई थी। ऑल राउंडर सीजे अमिनी को उप कप्तान बनाया है।

## बॉलीवुड हलचल

### दिव्या खोसला की फिल्म सावी का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला की आने वाली फिल्म सावी का नया टीजर रिलीज हो गया है। अभिनय देव निर्देशित सावी ए ब्लडी हाउसवाइफ फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों में, दर्शको ने दिव्या खोसला को फिल्म सावी में एक साधारण हाउसवाइफ के किरदार में देख रहे हैं, जिसमे उन्होंने खुलासा किया की वह एक खतरनाक जेलब्रेक करने की योजना बना रही है। हालांकि पहले बहुत अधिक डिटेल्स नहीं दिए गए थे, पर अब इस नए टीजर में यह जानकारी शेयर की गई है कि सावी इतना कठोर कदम क्यों उठा रही है। नये टीजर में, सावी–एक घायल हाउस वाइफ यह बात करती हुई दिखाई देती है कि कैसे लोग अपने परिवार के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं और वह भी वैसा ही कर रही है। जेल से भागने में सफल होने को लेकर परेशान दिखाई देती है। फैंस भी यह देखते हुए नजर आते हैं कि कैसे एक हेल्पलेस मां यदि उसे कुछ हो गया तो अपने बच्चो के देखभाल करने की गुहार लगाते हुए नजर आती हैं। फिल्म सावी का निर्माण विशेष एंटरटेनमेंट और टी–सीरीज के बैनर तले मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा किया गया है। शिव चानना और साक्षी भट्ट ने को प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्द्धन राणे भी नजर आएंगे। फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है। फिल्म सावी 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### मुन्नाभाई 3 के लिए हिरानी के पास हैं तीन स्क्रिप्ट : अरशद

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी का कहना है कि फिल्म मुन्नाभाई 3 के लिए फिल्मकार राजकुमार हिरानी के पास तीन स्क्रिप्ट है, लेकिन अभी यह फिल्म नहीं बन रही है। विधु विनोद चोपड़ा निर्मित और राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस वर्ष 2003 में प्रदर्शित हुई। फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में संजय दत्त और अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभायी। इसके बाद इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म मुन्ना भाई चले अमेरिका की घोषणा की गई थी, लेकिन वह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई। अरशद वारसी ने बताया, विधु विनोद चोपड़ा चाहते हैं कि यह बने, राजकुमार हिरानी भी चाहते हैं कि यह बने, संजय भाई और मैं भी चाहता हूं कि यह बने, लेकिन फिल्म अभी बन नहीं रही है। फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म के लिए राजकुमार हिरानी के पास तीन अच्छी स्क्रिप्ट हैं, लेकिन सभी में कुछ न कुछ कमी है। मुझे नहीं लगता है कि वह हाल फिलहाल में बन रही हैं।



## विश्व कप गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी

**पेरिस, एजेंसी**



महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गई है। अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था। नीलामी घर ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ट्रॉफी अपनी विशिष्टता के कारण लाखों यूरो में बिकेगी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। हालांकि बाद में यह ट्रॉफी गायब हो गई जिसने काफी अफवाहों को जन्म दिया। अगुटेस ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि यह एक पोकर मैच के दौरान खो गई थी या कर्ज चुकाने के लिए इसे बेच दिया गया था। अन्य लोगों का कहना है कि माराडोना जब इटैलियन लीग में खेल रहे थे तो उन्होंने इसे नेपल्स बैंक की एक तिजोरी में रखा था जिसे 1989 में स्थानीय अपराधियों ने लूट लिया था। सुधरकर मुख्यधारा से जुड़ने वाले माफिया के एक सदस्य द्वारा बताई गई कहानी के अनुसार ट्रॉफी को पिघलाकर सोना निकाल लिया गया था।

### पीएसजी को हराकर चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची डॉर्टमुंड



**पेरिस।** सारे पूर्वानुमानों को धता बताते हुए बोरूसिया डॉर्टमुंड ने किलियन एम्बाप्पे जैसे दिग्गजों से सजी पेरिस सेंट–जर्मेन को 1–0 से हराकर 2013 के बाद चैंपियंस लीग फाइनल में प्रवेश किया। डॉर्टमुंड और पीएसजी के बीच मंगलवार को खेले गए मुकाबले में गोल दूसरे हाफ में डॉर्टमुंड के मैट हम्मेल्स ने जूलियन ब्रांट कॉर्नर से हेडर से गोल किया। डॉर्टमुंड मैच के आखिर तक अपनी इस 1–0 की बढ़त को बरकरार रखते हुए मुकाबले में जीत दर्ज की। पीएसजी के दिग्गज खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने मैच के बाद कहा कि हम हमेशा पीएसजी में जीतना चाहते हैं, हमें गोल करना चाहिए था। हमारे पास गोल करने के मौके थे, जब आप ऐसा नहीं करते, जब आप दोनों छोर पर कुशल प्रदर्शन नहीं करते है तो आगे बढ़ना मुश्किल होता है। चैंपियंस लीग का फाइनल एक जून को लंदन के वेम्बली स्टेडियम में खेला जाएगा।

### 25 मई को मनाया जाएगा विश्व फुटबॉल दिवस

**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के पास अब हर साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का जश्न मनाने के लिए एक दिन होगा और वह होगा 25 मई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार यह दिन सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाले इतिहास के पहले अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है जो 25 मई 1924 को पेरिस में ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित हुआ था। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने राजनयिकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस की मौजूदगी में आम सहमति से प्रस्ताव को अपनाया। इसे 160 से अधिक देशों द्वारा सह प्रायोजित किया गया था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# भारतीय संस्कृति के लिए लिव-इन रिलेशनशिप एक कलंक: हाईकोर्ट

बिलासपुर, एजेंसी

- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की टिप्पणी मुस्लिम पति हिंदू महिला से जन्मे बच्चे का मांग रहा था संरक्षण

लिव-इन रिलेशनशिप पाश्चात्य सभ्यता भारतीय सिद्धांतों की अपेक्षाओं के विपरीत है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बच्चे का संरक्षण से जुड़े हुए एक मामले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। साथ ही कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को एक कलंक बताया है।

न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और न्यायमूर्ति संजय एस अग्रवाल की खंडपीठ ने समाज के कुछ संप्रदायों में अपनाया जाने वाला लिव-इन रिलेशनशिप अभी भी भारतीय संस्कृति में एक कलंक है, क्योंकि यह भारतीय सिद्धांत की अपेक्षाओं के विपरीत एक पाश्चात्य सभ्यता है। खंडपीठ ने 30 अप्रैल को 36 वर्षीय महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में पैदा हुए बच्चे का संरक्षण की मांग करने वाले याचिकाकर्ता की अपील को खारिज कर दिया। दंतेवाड़ा जिले के अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने अपनी याचिका में कहा कि वह एक अलग धर्म की महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था और उसने एक बच्चे को जन्म दिया।

याचिकाकर्ता ने कहा, पिछले साल दिसंबर में दंतेवाड़ा की एक अदालत ने बच्चे के संरक्षण से जुड़ी उनकी याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने बिलासपुर जिले में स्थित हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट के आदेशानुसार, अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने अपनी याचिका में कहा कि वह 2021 में मतांतरण के बिना शादी से पहले तीन साल तक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था।

बकौल याचिका, 31 अगस्त, 2021 को उनके रिश्ते से एक बच्चे का जन्म हुआ और 10 अगस्त, 2023 को महिला और बच्चा गायब हो गया। उसी साल उन्होंने हेबस कॉर्पस पिटीशन दाखिल कर महिला को हाईकोर्ट के समक्ष पेश किए जाने की मांग की। महिला ने हाईकोर्ट को बताया था कि वह अपनी इच्छानुसार, अपने माता-पिता के साथ रह रही है। बाद में दंतेवाड़ा परिवार अदालत की ओर से बच्चे का संरक्षण नहीं दिए जाने के बाद अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने हाईकोर्ट का रुख किया था।

## कुलगाम में मुठभेड़ में तीसरा आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 4 मई को वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में शामिल तीन संदिग्धों के नाम और उनकी तस्वीर सामने आई है। इन आतंकियों में से एक पाकिस्तानी सेना का पूर्व कमांडो इल्यास उर्फ फौजी है, दूसरा लश्कर का कमांडर अबु हमजा और तीसरा पाकिस्तनी आतंकी हदून है।

इस हमले में वायुसेना का एक जवान शहीद हो गया था और चार घायल हो गए थे। हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं बुधवार को कुलगाम के रेडवानी पाईन इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच नए सिरे से मुठभेड़ में तीसरा आतंकी मारा गया है। उसकी पहचान की जा रही है। इससे पहले मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया था।

# वादे पर खरा उतरा भारत, आतंकवाद रोकने को यूएन को दिए लाखों डॉलर

*वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म (सीटीटीएफ) में पांच लाख डॉलर का योगदान दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सात मई को भारत आतंकवाद विरोधी संस्था के प्रयासों को बल देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में आधा मिलियन डॉलर का स्वैच्छिक योगदान संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को सौंपा।*

### भारत आतंकवाद से निपटने के लिए तैयार

यूएन में रूचिकरा कंबोज ने कहा है कि भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में यूएनओसीटी द्वारा किए गए जनादेश और कार्यों को बहुत महत्व देता है। पांच लाख डॉलर का योगदान वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।



### वित्तीय समर्थन 25.5 लाख डॉलर हुआ

अफ्रीका में आतंकवाद के बढ़ते खतरे के मुद्दे को संबोधित करना पिछले कुछ वर्षों से भारत की आतंकवाद-विरोधी प्राथमिकताओं में से एक रहा है। 2018 से, भारत भी सक्रिय रूप से इस खतरे का मुकाबला करने वाले कार्यक्रमों का समर्थन कर रहा है। पांच लाख डॉलर के योगदान के साथ ही ट्रस्ट फंड में भारत का अब वित्तीय समर्थन 25 .5 लाख डॉलर हो गया है।

### आतंकियों की कमर तोड़ना मकसद

भारत यूएनओसीटी के वैश्विक कार्यक्रमों मुख्य रूप से आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला ( सीएफटी) और आतंकवाद यात्रा कार्यक्रम ( सीटीटीपी) का मुकाबला करने में मदद करेगा। इसका उद्देश्य पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के सदस्य देशों की क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे आतंकवाद के वित्तपोषण के महत्वपूर्ण मुद्दों से निपट सकें और आतंकवादियों की आवाजाही एवं यात्रा को रोक सकें।

### करीब दो साल पहले किया था वादा

साल 2022 में अक्टूबर में विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएन की आतंकवाद-रोधी समिति को संबोधित किया था। तब उन्होंने कहा था कि वैश्विक स्तर पर आंतकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। साथ ही वादा किया था कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में 500,000 डॉलर का योगदान देंगे।

## एक नजर

### हैदराबाद में बारिश के कारण ढही दीवार, सात लोगों की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में भारी बारिश के कारण एक निर्माणाधीन भवन की दीवार गिरने से चार साल के एक बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई। बाचूपल्ली पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार रात की है और इसमें मारे गए लोग ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के रहने वाले प्रवासी श्रमिक थे। बुधवार सुबह खुदाई करने वाली मशीन की मदद से मलबे से उनके शव निकाले गए। हैदराबाद और तेलंगाना के अनेक हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर में कई जगहों पर जलभराव की वजह से यातायात अवरुद्ध रहा।

### किशोर ने वीडियो बनाने को महिला शौचालय में रखा कैमरा, गिरफ्तार

**मंगलुरु ( कर्नाटक)।** मंगलुरु के कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज के महिला शौचालय के अंदर कैमरे वाला एक मोबाइल रखने के आरोप में 17 साल के किशोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी तब मिली जब मोबाईल फोन की घंटी बजी और सुरक्षा कर्मी ने शौचालय से फोन बरामद किया। कॉलेज प्रशासन ने फोन पुलिस को सौंप दिया जिसके बाद फोन पर उपलब्ध विवरण के आधार पर नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी खुद को मरीज बता कर कॉलेज आया था। गिरफ्तारी के बाद किशोर को न्याय बोर्ड में पेश किया।

### जालंधर में मादक पदार्थ तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने बुधवार को ड्रग तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन तस्करों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा अवैध शराब, हथियारों और हेरोइन, टेबलेट जैसी दवाओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को प्रभावी ढंग से नष्ट कर दिया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि गिरफ्तार किए तस्करों में वरिंदर कुमार, जतिंदर कुमार और रोहित कुमार, सभी भारगो कैंप के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हेरोइन भी बरामद की है।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन का कैडर बाइक समेत गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी में प्रतिबंधित संगठन नेशनल रिवोल्यूशनरी फ्रंट ऑफ मणिपुर के एक कैडर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि प्रतिबंधित संगठन का सक्रिय सदस्य हेइसनम जेम्स सिंह जबरन वसूली में शामिल था और उसे मंगलवार को क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पास से गिरफ्तार कर, बाइक भी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि जातीय हिंसाग्रस्त मणिपुर में पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान जारी है।

# कनाडा में खतरे की सीमा लांघ रहे सिख अलगाववादी, उच्चायुक्त ने दी नसीहत

## संजय बोले-दोनों देशों के बीच कूटनीतिक माध्यमों से जारी है बातचीत

ओटावा, एजेंसी

भारत और कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तनाव बना हुआ है। इस बीच, कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने दोनों देशों के बीच संबंधों को दशकों पुराने मुद्दों के रूप में वर्णित किया है जो दुर्भाग्यपूर्ण अपराधों और कनाडा की भूमि से उत्पन्न खतरों के साथ फिर से उभर आए हैं। मांट्रियल में मंगलवार को एक कार्यक्रम में भारतीय राजदूत ने कहा कि भारत में क्या होगा यह निर्णय भारतीय करेंगे न कि विदेशी इसका फैसला करेंगे।

संजय ने कहा, 'दोनों देशों की सरकारों के बीच कूटनीतिक माध्यमों से बातचीत चल रही है। दोनों पक्षों की परेशानियों के समाधान खोजने की कोशिश हो रही है। जिस तरह से बातचीत चल रही है, मुझे लगता है कि दोनों पक्षों के मुद्दे हल हो जाएंगे। मेरी चिंता राष्ट्रीय सुरक्षा और कनाडा से उभर रहे खतरे हैं। अधिकतर सिख अलगाववादी खतरे की सीमा पार कर रहे हैं। उन्होंने कहा- हम किसी भी दिन बात करने के लिए तैयार हैं और हम ऐसा कर रहे हैं। हम इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय उच्चायुक्त ने दोनों देशों के बीच वर्तमान संबंधों पर कहा, यदि विदेशों में रहने वाले भारतीय भारत के भाग्य का फैसला करना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि वापस जाएं और चुनाव प्रक्रिया में भाग लें। हर पांच साल में भारत में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होते हैं। इसी तरह भारत के राज्यों में भी चुनाव होता है। उन्होंने कहा, जब हम द्विपक्षीय संबंधों में दो देशों को रणनीतिक साझेदार और मित्र कहते हैं तो हम उम्मीद करते हैं कि दोनों देश एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझें। दुर्भाग्य से कुछ मुद्दे रहे हैं और यह कोई नई बात नहीं है। दशकों पुराने मुद्दे फिर से उठे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अपराध करने वाले वह कनाडाई नागरिक हैं, जो भारत से संबंध रखते हैं। राजदूत ने कहा कि भारत में दोहरी नागरिकता नहीं है। अगर किसी भारतीय को कनाडा की नागरिकता दी जाती है तो साफ है कि वह एक विदेशी है। इसलिए अगर कोई कनाडा का नागरिक या किसी अन्य देश का नागरिक बन जाता है, तो वह भारतीय नागरिक नहीं है।

### तीन भारतीय आरोपी कनाडा की अदालत में पेश

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में आरोपी तीन भारतीय नागरिक पहली बार वीडियो के जरिए मंगलवार को कनाडा की एक अदालत के सामने पेश हुए। इन आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था और उन पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। मीडिया के मुताबिक, आरोपी करण बराड़ ( 22 वर्षीय), कमलप्रीत सिंह ( 22 वर्षीय) और करनप्रीत सिंह ( 28 वर्षीय) कथित हिट स्क्वॉड के सदस्य हैं और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सरे प्रांतीय अदालत के सामने पेश हुए। तीनों अंग्रेजी में चली अदालती कार्यवाई की सुनावई के लिए सहमत हुए और उनमें से प्रत्येक ने सिर हिलाकर जवाब दिया कि वे निज्जर की हत्या की साजिश रचने के आरोपों को समझते हैं। आरोप के मुताबिक, एक मई 2023 से निज्जर की हत्या की तारीख के बीच सरे और एडमोंटन दोनों साजिश रची गई। हत्यारों ने पिछले पांच वर्षों में कनाडा में प्रवेश किया और उन पर नशीले पदार्थों तस्करी और हिंसा में शामिल होने का शक था।



# देश की वैश्विक धाक पर गर्व करते हैं भारतवंशी

वाशिंगटन, एजेंसी

- प्रवासी समूह के प्रमुख बोले अमेरिका में रहने वाले भारतीय भी चाहते हैं कि पीएम मोदी ही जीतें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिका में रहने वाले भारतीय पसंद करते हैं, अमेरिका की आर्थिक वृद्धि में भारतीयों का बड़ा योगदान है। भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडाराइजर अजय जैन भटूरिया ने यह कहा कि सरकार की नीतियों से देश तरक्की कर रहा है।

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों को लेकर भारतीय अमेरिकी अजय ने मोदी सरकार की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा है कि, अमेरिका में रहने वाले अधिकांश भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे गर्व महसूस करते हैं, जब भारत पूरे विश्व में चमकता है, यही हर भारतीय चाहता है, इसलिए अधिकांश भारतीय देश पर पीएम मोदी की वापसी चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय संयुक्त राज्य अमेरिका की गहरी आर्थिक वृद्धि का हिस्सा हैं, वे आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, भारत लगातार तरक्की कर रहा है। भारत लगभग छह से सात फीसदी की तेज गति से आर्थिक विकास कर रहा है। आंकड़ों की मानें तो इस साल के अंत तक यह जापान को पछाड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। 2027 तक भारत अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए। भटूरिया ने कहा कि सरकार की नीतियां भारत को बदल रही हैं, वाणिज्य, छोटे व्यवसाय और बड़े व्यवसाय, रेलवे विकास, सड़क सबके बुनियादी ढांचे में बउनसच किया जा रहा है। जो कि सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस विकास को जारी रखने के लिए जरूरी है कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी टीम को फिर से चुना जाना चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया: जिम में महिला पर चाकू से हमला, घायल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी में एक जिम में एक व्यक्ति ने महिला पर चाकू से हमला कर दिया। आनन-फानन में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, घायल महिला को स्थिर हालत में है और उसे रॉयल प्रिंस अल्फ्रेड अस्पताल ले भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी और पीड़ित दोनों ही एक-दूसरे को जानते हैं। पुलिस ने बताया है घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### चीनी कर्मियों की मौत के आरोपों पर पाक को फटकार

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने बुधवार को पाकिस्तान के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें पाकिस्तानी सेना ने आरोप लगाया था कि चीनी इंजीनियरों पर किए गए आत्मघाती हमले की योजना पड़ोसी देश अफगानिस्तान में बनाई गई थी। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के इस बयान को गैरजिम्मेदाराना करार देते हुए वास्तविकता से दूर बताया। मालूम हो कि पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को कहा था कि चीनी इंजीनियरों पर किए गए आत्मघाती हमले की योजना पड़ोसी देश अफगानिस्तान में बनाई गई थी और आत्मघाती हमलावर भी अफगान नागरिक था। वहीं, पाकिस्तानी सेना के इस बयान पर तालिबान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्ला खवाराजमी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं के लिए अफगानिस्तान को दोषी ठहराना मामले की सच्चाई से ध्यान भटकाने का एक असफल प्रयास है और हम इसे दृढ़ता से खारिज करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तानी सेना के कड़े सुरक्षा घेरे वाले खैबर पख्तूनख्वा में चीनी नागरिकों पर हमला पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों की कमजोरी को दिखाता है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि उनके देश ने चीन को आश्वासन दिया है कि पाकिस्तान में हुए चीनी नागरिकों पर हमले में अफगानिस्तान का कोई हाथ नहीं है।

### हाय गर्मी...



**आगरा :** दुनिया की बेपनाह खूबसूरत स्मारकों में शुमार ताजमहल के दीदार के लिए भीषण गर्मी में भी पर्यटक पहुंच रहे हैं। तपिश में सैलानियों ने साथ लेकर आए पानी की बोतल से कंठ की प्यास बुझाई। बुधवार को ताजनगरी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के चलते ● एजेंसी

# बिना कारण रद नहीं कर सकते अनुबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

- कलकत्ता हाईकोर्ट के खिलाफ दायर अपील पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी फैसला रखा सुरक्षित



सुप्रीम कोर्ट ने निजी कंपनी या पार्टी से जुड़े अनुबंध को रद करने के मामले में अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कहा कि निजी पक्षों के अनुबंध कारण बताए बिना रद नहीं किए जाने चाहिए।

कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि बिना कोई कारण बताए किसी अनुबंध को कैसे समाप्त किया जा सकता है? इस टिप्पणी के साथ अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, एक निजी पार्टी अनुबंध हासिल करने के बाद रिटर्न पाने की आशा के साथ निवेश करता है। चीफ जस्टिस ने कहा कि निवेश के बाद रिटर्न की आशा करना भी उचित है। अनुबंध रद करने के मामले में शीर्ष अदालत की जिस तीन जजों की पीठ में सुनवाई हो रही है, इसमें चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ के अलावा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। मामले से जुड़े तथ्यों का जिक्र करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, हाईकोर्ट के आदेश में अनुबंध रद करने का कोई कारण नहीं बताया गया है। सभी पक्षकारों की दलीलों को सुनने के बाद सीजेआई ने कहा, सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख रही है। गौरतलब है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने 25 मई, 2023 को पारित आदेश में एकल न्यायाधीश का फैसला बरकरार रखा था। हाईकोर्ट ने सुबोध कुमार सिंह राठौड़ के फर्म को आवंटित अनुबंध को रद करने की मंजूरी दी थी। कंपनी को कोलकाता में ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बाईपास पर दो अंडरपास के रखरखाव का ठेका मिला था। 10 साल के लिए दिए गए इस अनुबंध के हिस्से के रूप में, सुबोध सिंह की फर्म को अंडरपास के अंदर और ऊपर दोनों जगहों पर विज्ञापन लगाने की अनुमति भी मिली थी। इसके लिए उसे कुछ निर्माण करने की जरूरत थी।

## एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने महासंघ की पॉश नीति को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा के खिलाफ शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों से आहत अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को एआईएफएफ यौन उत्पीड़न रोकथाम (पॉश) नीति को मंजूरी दी और उसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला किया। राष्ट्रीय महासंघ ने बयान में कहा कि एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने इस मामले में गहन विचार विमर्श करने के बाद यह फैसला किया।

एआईएफएफ पॉश नीति का उद्देश्य फुटबॉल समुदाय के अंदर सुरक्षित और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करना है। यह पॉश अधिनियम 2013 पर आधारित है और इसे एआईएफएफ की कानूनी टीम ने अच्छी तरह से जांचा परखा है। यह फैसला शर्मा पर लगाए गए शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों के कुछ सप्ताह बाद आया है। शर्मा कार्यकारी समिति के सदस्य हैं और हिमाचल प्रदेश के एक फुटबॉल क्लब खाद एचसी के मालिक हैं। उन पर दो महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। इसके बाद गोवा पुलिस ने शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था और बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। एक अन्य मामले में एआईएफएफ में महिला कर्मचारी ने पुरुष सहकर्मी के खिलाफ भी मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी।

**विज्ञान** अंतरिक्ष में संचार व्यवस्था को संचालित करने वाले सैटेलाइट प्रणाली की सुरक्षा को लेकर वैज्ञानिक चिंतित

# पृथ्वी के मौसम के लिए समझना होगा बृहस्पति का पर्यावरण

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष मौसम का पूर्वानुमान वर्तमान की नितांत जरूरत है। इस कमी को दूर करने के लिए बृहस्पति ग्रह के अंतरिक्ष पर्यावरण को समझना होगा। अंतरिक्ष से पृथ्वी की संचार व्यवस्था को संचालित करने वाले सैटेलाइट प्रणाली की सुरक्षा के लिए अंतरिक्ष मौसम की जानकारी को लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित हैं।

संचार उपग्रहों का एक बड़ा जाल पृथ्वी के चारों ओर बिछा हुआ है। जिसके माध्यम से टेलीविजन, मोबाइल फोन व इंटरनेट समेत तमाम संचार व्यवस्था संचालित होती है। हमारे द्वारा अंतरिक्ष में स्थापित किए गए कृत्रिम उपग्रहों के ऊपर बड़ा खतरा अंतरिक्ष मौसम का रहता है। सूरज से आने वाले सौर तूफान पलक झपकते ही इन्हें नष्ट कर सकते हैं। इतना ही नही पृथ्वी पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल व्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुचा सकते हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आम तौर पर सौर तूफान सूर्य के कोरोनल द्रव्यमान निष्कासन से जुड़े होते हैं, जो चुंबकीय उतार-चढ़ाव और बिजली ग्रिड, पाइपलाइनों और संचार प्रणालियों में भारी नुकसान पहुचा सकते हैं। लिहाजा हमें सूर्य से आने वाले सौर तूफानों का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी है।

जिसे समझने के लिए बृहस्पति के मौसम को समझना होगा, जो पृथ्वी के अंतरिक्ष मौसम को आसानी से समझा सकता है। इस संदर्भ में अलास्का फेयरबैंक्स विश्वविद्यालय व यूएएफ जियोफिजिकल इंस्टीट्यूट और यूएएफ कॉलेज ऑफ नेचुरल साइंस एंड मैथमेटिक्स के वैज्ञानिकों ने सामुहिक शोध किया है। शोध में कहा गया है कि हम बृहस्पति की तरह पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर (ऊपरी वातावरण) को नियंत्रित करने वाले मौलिक भौतिकी को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और पृथ्वी के अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान में सुधार ला सकते हैं।



बृहस्पति ग्रह का वातावरण।

### अंतरिक्ष के मौसम को समझना जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार अंतरिक्ष मौसम का प्रभाव पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों में आम बात है। वर्तमान में हजारों सैटेलाइट पृथ्वी के चारों ओर बिखरे हुए हैं। सूर्य से सौर तूफानों के साथ आने वाले उच्च ऊर्जावान कण सैटेलाइट को ध्वस्त कर सकते हैं। जिस कारण वर्तमान में सौर तूफानों का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी हो गया है। समय रहते हमें इस दिशा में तेजी से काम करना होगा, तभी भविष्य में सैटेलाइट सुरक्षित रह सकते हैं।

## रिश्तों को मजबूत करने भारत आ रहे मालदीव के मंत्री

**माले।** मालदीव और भारत के रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिशों के तहत विदेश मंत्री मूसा जमीर अपने पहले भारत दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे का मकसद भारत के साथ दीर्घकालिक रिश्तों को और मजबूत बनाना है।

पहली द्विपक्षीय और आधिकारिक यात्रा पर भारत आ रहे मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर बुधवार को रवाना हुए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 8-10 मई तक अपने दौरे के दौरान विदेश मंत्री मूसा भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच भारत और मालदीव की दीर्घकालिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने पर चर्चा होगी। मूसा की यात्रा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं।

# राफा पर कब्जे के बाद बमबारी, 20 की मौत

- काहिरा में बातचीत के बीच इजराइल ने रिहायशी घरों पर किए हवाई हमले

राफा, एजेंसी

राफा पर कब्जा करने के महज कुछ घंटों के अंदर इजराइल ने हवाई हमले शुरू कर दिए है। हवाई हमलों के साथ ही इजराइल के टैंक भी राफा में घुस गए हैं। 3 अलग-अलग हवाई हमलों में 20 लोगों की जान चली गई।

ये हमले रिहायशी घरों के ऊपर किए गए थे। हालांकि इजराइल का कहना है कि उसने हमास के आतंकी ठिकानों पर हमले किए हैं। इजराइल ने कहा कि इस सीमित कार्रवाई में मिस्र के साथ सीमा पार करने वाले गाजा बॉर्डर को उसने अपने नियंत्रण में ले लिया है। उसने राफा में भी सुरंगे मिलने का दावा किया है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा गाजा और मिस्र के क्रॉसिंग बार्डर पर इजराइल के नियंत्रण सेदूसरी ओर, हमास के सीज फायर समझौते के लिए तैयार होने के बाद इजराइल मिस्र की राजधानी काहिरा में इसी हफ्ते एक डेलिगेशन भेज रहा है। हमास का डेलिगेशन भी पहुंच चुका है। कतर और मिस्र की मध्यस्थता में यह समझौता होगा। लेकिन इसी बीच समझौते की हमास की शर्तों के खिलाफ तेल अवीव और येरूशलम में इजराइलियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सड़कों पर धरना देकर गाजा को मानवीय सहायता के लिए जाने वाले ट्रकों को भी रोक दिया। इजराइली अधिकारियों ने कहा- हमास की शर्तें हमें स्वीकार नहीं।



गाजा सीमा के पास कतार में खड़े इजराइली टैंक।

### 33 बंधक छोड़ेगा हमास, मृतकों के अवशेष देगा

हमास ने पहले चरण में 33 बंधकों को छोड़ने की बात कही है। जिनमें ज्यादातर बुजुर्ग, महिलाएं, घायल या बीमार लोग हंगि। वहीं जिनकी मौत हो चुकी है हमास उनके अवशेष इजराइल को सौंपेगा। माना जा रहा है कि हमास ने 7 अक्टूबर को किए हमले में 100 से ज्यादा इजराइलियों को बंधक बना रखा है। लेकिन यह साफ नहीं है कि उनमें से कितने जीवित बचे हैं। इससे 6 हफ्ते का सीजफायर होगा।